Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-10, अंक-88
रायपुर, मंगलवार 18 नवम्बर 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

# शेख हसीना को सजा ए मौत

## असदोज्जमां खान को भी मौत की सजा



एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश के 'अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' ने पिछले वर्ष जुलाई में हुए व्यापक विद्रोह के दौरान मानवता के विरुद्ध अपराधों' के आरोप में मौत की सजा सुनायी है। न्यायाधिकरण ने यह फैसला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुनाया। उसने पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को भी मृत्युदंड की सजा सुनायी है और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को पाँच वर्ष की सजा मुकर्रर की है। मामून अपना अपराध स्वीकार करके सरकारी गवाह बन गये थे। न्यायाधिकरण ने हसीना और असदुज्जमां की संपत्तियों को जब्त करने का भी आदेश दिया है। हसीना पर न्यायाधिकरण में मुकदमा उनकी अनुपस्थिति में चलाया गया। वह इन दिनों भारत में रह रही हैं जबकि असदुज्जमां के बारे में कोई जानकारी नहीं हैं और मामून हिरासत में हैं। फैसला सामने आने के बाद हसीना ने सभी आरोपों से इनकार किया और फैसले को पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि उचित अदालत में, सुबूत निष्पक्ष रूप से परखे जायें तो वह उन पर आरोप लगाने वालों का सामना करने से नहीं डरतीं। इस बीच फैसला आने के तुरंत बाद देश में कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं हुई हैं। कुल 453 पन्ने वाले फैसले के अनुसार, हसीना (78) को दो मामलों में मृत्युदंड दिया गया है। इसमें पहला मामला ढाका के चंखरपुल क्षेत्र में छह निहत्थे प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या का है, और दूसरा मामला अशुलिया में छात्र प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने से संबंधित है, जिसमें पाँच छात्रों को हत्या के बाद और एक छात्र को जीवित रहते हुए जला दिया गया था। इसके अलावा भी दूसरे कई मामलों में उनको दोषी ठहराते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। न्यायाधिकरण के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हसीना ने 2024 में बंगलादेश में कई सप्ताह की अशांति के दौरान क़ानून प्रवर्तन एजेंसियों को सैकड़ों हत्याओं के लिए उकसाया। इस दौरान लगभग 1,400 प्रदर्शनकारी मारे गए और 25,000 तक घायल हुए। हसीना पर पाँच आरोप लगाये गये थे, जिनमें हत्या के लिए उकसाना, फाँसी का आदेश देना और विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए घातक हथियारों, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों के इस्तेमाल को अधिकृत करना शामिल है।



### 'पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित' फैसला सुनाया : शेख हसीना

शेख हसीना ने उनके देश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण द्वारा उन्हें मौत की सजा सुनाए जाने के फैसले की निंदा करते हुए इसे 'पक्षपातपूर्ण और राजनीति से प्रेरित' बताया। हसीना ने न्यायाधिकरण के फैसले के बाद जारी एक बयान में कहा न्यायाधिकरण में 'धांधली' की गई थी और इसे बिना किसी लोकतांत्रिक जनादेश वाली अनिर्वाचित सरकार द्वारा चलाया जा रहा था। मेरे खिलाफ सुनाये गये फैसले एक धांधली वाले न्यायाधिकरण के हैं और पक्षपातपूर्ण तथा राजनीति से प्रेरित हैं। गौरतलब है कि बंगलादेश की घरेलू युद्ध अपराध अदालत, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने पिछले साल सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर कार्रवाई के लिए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है और इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' बताया है। 'मानवता के खिलाफ विभिन्न अपराधों' के लिए दोषी ठहरायी गयी हसीना पर उनकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाया गया और वह फिलहाल भारत में निर्वासन में हैं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने स्थिति पर नियंत्रण खो दिया है लेकिन जो हुआ उसे नागरिकों पर पूर्व-नियोजित हमला नहीं कहा जा सकता।

---

## क्विक न्यूज

### खराब बीजों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई : शिवराज



**मुंबई।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यहां देश में खराब बीजों के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। चौहान ने सरकारी अधिकारियों और निजी क्षेत्रों के हितधारकों से खराब बीजों पर अंकुश लगाने का भी आह्वान किया। चौहान ने मुंबई में एशियाई बीज कांग्रेस 2025 के उद्घाटन के अवसर पर एशियाई बीज कांग्रेस 2025 का लोगो भी जारी किया। गौरतलब है कि इस वर्ष सम्मेलन का विषय गुणवत्तापूर्ण बीजों द्वारा समृद्धि के बीज बोना है। चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना और किसानों के लिए कृषि व्यवसाय लाभदायक बनाए रखना है।

### सेना प्रमुख की पाकिस्तान को चेतावनी सेना को पता बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है



**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है। जनरल द्विवेदी ने चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है।

### सहारा की संपत्ति बिक्री पर सुनवाई छह सप्ताह टली

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अडानी ग्रुप को संपत्ति बेचने की अनुमति मांगने वाली सहारा कंपनी की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी है। कंपनी ने महाराष्ट्र स्थित एम्बी वैली परियोजना और लखनऊ स्थित सहारा शहर सहित 88 संपत्तियों को अडानी प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की अनुमति देश की शीर्ष अदालत से अनुमति मांगी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एमएम सुंदरेश की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता द्वारा विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगे जाने पर चार सप्ताह का समय दिया।

---

## सऊदी अरब में 42 भारतीय तीर्थ यात्रियों की मौत

वार्ता जेद्दाह
www.dailypioneer.com



सऊदी अरब में मदीना के पास सोमवार तड़के एक बस के डीजल के टैंकर से टकरा जाने से कम से कम 42 तीर्थयात्रियों के मारे जाने की आशंका है। हादसे के समय बस मक्का से मदीना जा रही थी। सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास ने दुर्घटना की पुष्टि की है और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास ने कहा, सऊदी अरब के मदीना के पास भारतीय तीर्थयात्रियों की बस दुर्घटना के मद्देनजर जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह कक्ष सातों दिन 24 घंटे काम करेगा। हेल्पलाइन का संपर्क विवरण इस प्रकार है: 8002440003 (टोल फ्री), 0122614093, 0126614276, 0556122301 (व्हाट्सएप)। माना जा रहा है कि हताहतों में ज्यादातर लोग तेलंगाना के निवासी थे। अभी तक विस्तृत जानकारी उपलब्ध नहीं है।

## मनीष कश्यप राष्ट्रीय स्तर पर नेक्सस ऑफ गुड अवाड्‌र्स से सम्मानित

पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com



मनेंद्रगढ़ डीएफओ मनीष कश्यप को दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित नेक्सस ऑफ गुड अवाड्‌र्स से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचारपूर्ण कार्यों और प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है। विशेष रूप से गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क को विकसित करने और उसे पर्यटन से जोड़ने के उनके प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर सराहा गया। गोंडवाना मरीन फॉसिल पार्क, जो प्रदेश की अद्वितीय भू-वैज्ञानिक विरासत का प्रतीक है, पिछले कुछ वर्षों में लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। मनेंद्रगढ़ डीएफओ मनीष कश्यप ने न केवल इस स्थल के संरक्षण पर ध्यान दिया, बल्कि इसे वैज्ञानिक दृष्टि से व्यवस्थित संजोया और जनमानस के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया। उनके मार्गदर्शन में फॉसिल पार्क में संरक्षित करोड़ों वर्ष पुराने समुद्री जीवों के जीवाश्मों को वैज्ञानिक पद्धति से सुरक्षित किया गया, जो पृथ्वी के प्राचीन इतिहास को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फॉसिल पार्क में संरक्षण के साथ पर्यटन विकास को एक साथ आगे बढ़ाने की उनकी रणनीति को व्यापक सफलता मिली है। व्यवस्थित मार्ग, सूचना पट्ट, गाइडेड टूर, फोटो पॉइंट, शोध और अध्ययन की सुविधाएँ–इन सभी ने पार्क को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभारा है। परिणामस्वरूप, अब तक 13 हजार से अधिक पर्यटक यहां पहुँचकर इस अद्वितीय प्राकृतिक धरोहर को देखने का आनंद ले चुके हैं।

## शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है : मुख्यमंत्री विष्णु देव

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर में शासकीय जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने विद्यालय परिवार को शताब्दी वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है, शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। भारत में प्राचीन काल से ही शिक्षा का अत्यधिक महत्व रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में विदेशों से विद्वान ज्ञानार्जन के लिए आते थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में बस्तर हाईस्कूल तथा कांकेर के नरहरदेव विद्यालय जैसे संस्थान शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1926 में जब इस विद्यालय का निर्माण हुआ होगा, तब संसाधनों का अत्यधिक अभाव रहा होगा, लेकिन पिछले सौ वर्षों की विकास यात्रा में इस विद्यालय ने अनगिनत होनहार छात्र-छात्राओं को तैयार किया है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। आज उनमें से अनेक पूर्व छात्र इस समारोह में सम्मिलित हुए हैं। उन्होंने संस्था के निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री साय ने राज्य गठन के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के जीर्णोद्धार हेतु डेढ़ करोड़ रुपए तथा पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास भवन निर्माण की घोषणा की। साथ ही विद्यालय की अन्य सभी आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री साय ने इस कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय को प्रदान किए गए दो ड्रोन टोकन स्वरूप प्रदान किए, साथ ही शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय को 50 ड्रोन उपलब्ध कराने की सहमति भी दी गई, जिससे तकनीकी शिक्षा को और प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने जगतु माहरा शासकीय बहुउददेश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जगदलपुर में शताब्दी समारोह पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने स्वर्गीय ठाकुर देवेन्द्र सिंह और स्व. शारदा ठाकुर की स्मृति में निर्मित दो स्मार्ट क्लासों का लोकार्पण भी किया।

## अब स्मार्ट मीटर से होगी बकाया वसूली जीपीएस सिस्टम से बिजली आपूर्ति होगी बंद

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



विद्युत वितरण कंपनी अब बकायादारों से वसूली के लिए पारंपरिक तरीकों के बजाय स्मार्ट तकनीक का उपयोग करने जा रही है। पहले बिल का भुगतान न करने पर कर्मचारियों को उपभोक्ताओं के घरों और दुकानों तक जाकर खंभे से विद्युत कनेक्शन काटना पड़ता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह प्रक्रिया पूरी तरह तकनीक आधारित हो जाएगी। अब बिजली ऑफिस से ही जीपीएस सिस्टम के माध्यम से कनेक्शन विच्छेद किया जा सकेगा। कंपनी ने ओएंडएम सर्किल में ऐसे कमर्शियल उपभोक्ताओं की सूची तैयार कर ली है, जिन पर 20 हजार रुपए से ज्यादा का बकाया है। इनकी संख्या करीब 4 हजार है और इनके प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। बकाया भुगतान न होने पर इनका कनेक्शन कभी भी काटा जा सकता है। वितरण कंपनी की बकाया राशि में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए रीजन में वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। कई महीनों से बिल नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं की पहचान की जा रही है और स्मार्ट मीटर आधारित निगरानी व्यवस्था के माध्यम से कार्रवाई की तैयारी है। स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद कंपनी को उपभोक्ताओं के घर या दुकान तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और कनेक्शन सीधे कंट्रोल रूम से बंद किया जा सकता है। नियम के अनुसार, कमर्शियल उपभोक्ताओं को कनेक्शन काटने से पहले तीन दिनों तक लगातार एसएमएस भेजकर बिल भुगतान की सूचना दी जाएगी।

## केंद्र सरकार ने प्रिंट मीडिया में विज्ञापनों की दरों में 26 प्रतिशत बढ़ोतरी की

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com


केंद्र सरकार ने प्रिंट मीडिया के विज्ञापन दरों में 26 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रिंट मीडिया के इकोसिस्टम को मज़बूत करने के उद्देश्य से सरकारी विज्ञापनों के लिए संशोधित दर संरचना को लागू किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो एक नोडल मीडिया इकाई है जो भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की तरफ से विभिन्न मीडिया माध्यमों, से प्रचार अभियान चलाती है। जिनमें प्रिंट मीडिया भी शामिल है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रिंट मीडिया के लिए प्रति वर्ग सेमी, दैनिक समाचार पत्रों की एक लाख प्रतियों के लिए श्वेत-श्याम विज्ञापन की दरें 47.40 रुपये से बढ़ाकर 59.68 रुपये किया गया है, जो 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सरकार ने रंगीन विज्ञापनों के लिए प्रीमियम दरों और प्राथमिकता से संबंधित समिति की सिफारिशों पर भी सहमति व्यक्त की है। सीबीसी के साथ पैनलबद्ध, सीबीसी द्वारा प्रिंट मीडिया में विज्ञापन जारी करने की दरों को मंत्रालय द्वारा 2019 में संशोधित किया गया था, जो तीन वर्षों की अवधि के लिए वैध थीं। प्रिंट मीडिया में सरकारी विज्ञापनों की दरों में संशोधन के लिए 11 नवंबर, 2021 को अपर मुख्य सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (सूचना एवं प्रसारण) की अध्यक्षता में 9वीं दर संरचना समिति का गठन किया गया था। समिति ने नवंबर, 2021 और अगस्त, 2023 के बीच छोटे, मध्यम और बड़े श्रेणी के समाचार पत्रों के विभिन्न समाचार पत्र संघों, जैसे, भारतीय समाचार पत्र सोसायटी (आईएनएस), अखिल भारतीय लघु समाचार पत्र संघ (एआईएसएनए), लघु-मध्यम-बड़े समाचार पत्र सोसायटी (एसएमबीएनएस) और अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया। जिसके बाद समिति ने 23 सितंबर, 2023 को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की। समिति ने हितधारकों के साथ विभिन्न मानदंडों पर भी विचार-विमर्श किया, जैसे कि अखबारी कागज के संबंध में थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति, मजदूरी, मुद्रास्फीति की दर, आयातित अखबारी कागज की कीमतों का रुझान, प्रसंस्करण लागत आदि पर विचार कर विज्ञापन दरों में बढ़ोतरी की सिफारिश की। विज्ञापन दरों में वृद्धि मीडिया उपभोग के व्यापक रुझानों के अनुरूप हो सकती है। विविध मीडिया पारिस्थितिकी तंत्र में प्रिंट मीडिया के महत्व को पहचानकर, सरकार अपनी संचार रणनीतियों को बेहतर ढंग से विभिन्न प्लेटफार्मों पर नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकती है।

---

### हमारे भविष्य का समाधान अपनी जड़ों की ओर लौटने में निहित है

## पीएम मोदी कोयंबटूर में प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

पायनियर संवाददाता चेन्नई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, सुरक्षित खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करना तथा किसानों की आजीविका में सुधार लाना है। इस तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन का विषय है भविष्य के लिए खेती, परंपरा में निहित है जिसका आयोजन कपड़ा नगरी के विशाल कोडिशिया व्यापार मेला परिसर में होगा। मोदी ने अपने संदेश में कहा कि हमारे भविष्य का समाधान अपनी जड़ों की ओर लौटने में निहित है। उन्होंने कहा कि प्रकृति दोहन करने वाला कोई संसाधन नहीं, बल्कि सम्मान योग्य भागीदार है। सूत्रों के अनुसार दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का आयोजन स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने, सुरक्षित खाद्य उत्पादन सुनिश्चित करने, पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को पुनर्जीवित करने तथा किसानों की आजीविका में सुधार लाने के लिए किया जा रहा है। भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति और परंपरागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) जैसी राष्ट्रीय पहलों से प्रेरित यह शिखर सम्मेलन एक मंच के अंतर्गत शोध, नीति, किसान अनुभव और उपभोक्ता आवश्यकताओं को समाहित करता है। इस शिखर सम्मेलन में 30,000 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने का अनुमान है, जिसमें किसान, कृषि उद्यमी, नीति निर्माता, प्राकृतिक कृषि समर्थक, स्टार्ट-अप, शिक्षाविद, उपभोक्ता समूह और युवा नेता शामिल होंगे। इसका उद्देश्य प्राकृतिक खेती एवं पारंपरिक खाद्य प्रणालियों को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना; किसान-उत्पादक संगठनों एवं ग्रामीण उद्यमियों के लिए बाजार संपर्क बनाना, जैविक आदानों, कृषि प्रसंस्करण, पर्यावरण-पैकेजिंग और स्वदेशी प्रौद्योगिकी में नवाचारों एवं उपकरणों का प्रदर्शन करना; प्रशिक्षण, इन्क्यूबेशन और उद्यम विकास के माध्यम से युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ जलवायु अनुकूल कृषि और मृदा स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करना है।

### 19 नवंबर को पहुंचेगे शिवराज, मोदी जारी करेंगे किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त

**धमतरी।** धमतरी जिले में 19 नवंबर को एक बड़ा राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है, जहां केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय धमतरी पहुंचेंगे। दोनों नेता एकलव्य खेल मैदान में आयोजित जनसभा में शामिल होंगे। इसी दिन कोयंबटूर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी की जाएगी, जिसका सीधा प्रसारण धमतरी के सभा स्थल पर कराया जाएगा। कार्यक्रम के बाद चौहान जनसभा को संबोधित करेंगे और केंद्र की कृषि नीतियों, किसान हितैषी योजनाओं तथा छत्तीसगढ़ के लिए आगामी योजनाओं पर अपने विचार रखेंगे। धमतरी जिला प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी इस बड़े आयोजन की तैयारी में जुटे हैं। व्यवस्थाओं की समीक्षा लगातार की जा रही है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का प्रस्तावित अम्बिकापुर दौरा मंत्री नेताम ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता अम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 20 नवंबर को प्रस्तावित अम्बिकापुर दौरे को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछलीपालन एवं पशुधन विकास विभाग के मंत्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आदिम जाति विकास मंत्री नेताम ने आमंत्रित अतिथियों एवं जनसमूह के लिए बैठक व्यवस्था, स्टॉलों की रूपरेखा, आवागमन की सुगमता तथा यातायात प्रबंधन की स्थिति का जायज़ा लिया। साथ ही उन्होंने पार्किंग स्थान, रूट चार्ट, हेलिपैड की तैयारी तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री नेताम ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि राष्ट्रपति का आगमन सरगुजा के लिए गौरव का क्षण है। इसलिए सभी व्यवस्थाएं समय पर उच्च स्तर की हों, ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता : शाह

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की वचनबद्धता जताते हुए सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता है। शाह ने हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32 वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना हम सबकी साझी प्रतिबद्धता है। मोदी सरकार के अब तक के रिकार्ड के अनुरूप दिल्ली बम विस्फोट के दोषियों को हम पाताल से भी ढूंढ कर देश की न्यायिक व्यवस्था के सामने खड़ा करेंगे और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे।

## छत्तीसगढ में बिजली दरों में बढ़ोतरी एवं धान खरीदी में अव्यवस्था पर कांग्रेस का प्रदेश सरकार पर हमला

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी और धान खरीदी व्यवस्था में अव्यवस्था के लिए गंभीर आरोप लगाये और चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि 30 नवंबर तक बिजली दरें कम नहीं की गईं तथा 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना पुनः शुरू नहीं की गई, तो दिसंबर के दूसरे सप्ताह में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। बैज ने संवाददाताओं से कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे विद्युत उत्पादन वाले बड़े राज्य में जनता को सबसे महंगी बिजली मिल रही है, जबकि सरकार की नीतियां मुनाफाखोरी को बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने बताया कि दो वर्षों में चार बार बिजली दर बढ़ाई गई है।

# आईएमईआई पंजीकरण पर सरकार की सख्ती


पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने दूरसंचार नेटवर्क सुरक्षित रखने तथा नकली उपकरणों को प्रचलन में आने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईएमईआई) पंजीकरण पर सख्त नियम लागू किए हैं और इनकी छेड़छाड़ पर रोक लगाई है। संचार मंत्रालय ने बताया कि दूरसंचार नेटवर्क सुरक्षित रखने और नकली उपकरणों को प्रचलन में आने से रोकने के लिए केंद्र सरकार ने दूरसंचार अधिनियम, 2023 और दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम, 2024 के तहत आईएमईआई पंजीकरण पर सख्त नियम लागू किए हैं और इनकी छेड़छाड़ पर रोक लगाई है। आईएमईआई हर मोबाइल फोन के लिए एक विशिष्ट 15-अंकीय सीरियल नंबर होता है, जिसे उपकरण की पहचान करने के लिए उपयोग किया जाता है। दूरसंचार अधिनियम, 2023 आईएमईआई नंबर सहित दूरसंचार पहचानकर्ताओं के साथ छेड़छाड़ पर कठोर दंड का प्रावधान है। दूरसंचार साइबर सुरक्षा नियम, 2024 के अनुसार निर्माताओं को भारत में निर्मित प्रत्येक डिवाइस जैसे मोबाइल हैंडसेट, मॉड्यूल, मॉडेम, सिम बॉक्स आदि का आईएमईआई नंबर पहली बिक्री, परीक्षण, अनुसंधान और विकास या किसी अन्य उददेश्य से पहले डिवाइस सेतु (भारतीय नकली डिवाइस प्रतिबंध (आईसीडीआर)) के पोर्टल पर सरकार के साथ पंजीकृत करना होगा। दूरसंचार साइबर सुरक्षा संशोधन नियम, 2025 के अनुसार, केंद्र सरकार आईएमईआई नंबर वाले दूरसंचार उपकरणों के निर्माताओं को निर्देश जारी कर सकती है कि वे भारत में दूरसंचार नेटवर्क में पहले से उपयोग में आने वाले आईएमईआई भारत में निर्मित या भारत में आयात किए जाने वाले नए दूरसंचार उपकरणों को न दें। सरकार छेड़छाड़ किए गए या काली सूची में डाले गए आईएमईआई का एक केंद्रीय डेटाबेस रखती है। पुराने मोबाइल उपकरणों की खरीद या बिक्री करने वाली संस्थाओं को पैसे के लेन-देन से पहले राष्ट्रीय आईएमईआई डेटाबेस की मदद से इनकी जांच करनी होगी और प्रत्येक आईएमईआई सत्यापन के लिए एक निश्चित शुल्क का भुगतान करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईएमईआई) नंबर वाले स्मार्टफोन, सेलुलर युक्त स्मार्टवॉच, मोबाइल वाई-फाई हॉटस्पॉट, टैबलेट, यूएसबी मॉडम, मॉड्यूल, डोंगल, लैपटॉप, सिम बॉक्स जैसे सभी असेंबल किए गए सभी उपकरणों को डिवाइस सेतु - आईसीडीआर पोर्टल पर पंजीकृत करना होगा।

# आजम खान के अत्याचार, अन्याय का एक-एक कर हो रहा हिसाब : भाजपा

पायनियर संवाददाता ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com



दो पैन कार्ड रखने के मामले में म खान को सुनायी गयी सजा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये भारतीय जनता पार्टी ने तंज कसा कि अब पाई-पाई का हिसाब हो रहा है। रामपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो पैन कार्ड मामले में मोहम्मद आजम खान और उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम को दोषी करार दिया है। आजम खान के फिर जेल जाने पर भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा जब बोया पेड़ बबूल का तो आम कहां से होय। जैसी करनी वैसी भरनी। उन्होंने कहा कि सत्ता के रसूख में सपा नेताओं ने कानून को तोड़ा मरोड़ा था। अत्याचार अन्याय किए थे।अब पाई पाई का हिसाब हो रहा है। न्याय हो रहा है। सपा को अगर इससे दर्द हो रहा है तो वह दर्द निवारक दवाओं का इंतजाम करे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान और उनके बेटे पूर्व विधायक मोहम्मद अब्दुल्ला आजम को रामपुर की स्पेशल एमपी/ एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने दो पैन कार्ड मामले में दोषी करार दिया है। कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है जो साल 2019 में दर्ज इस केस में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। इन दोनों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोप साबित हुए हैं। साल 2019 में बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना ने इस मामले में केस दर्ज कराया था। बीजेपी विधायक का आरोप है कि असत्य और कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर पैन कार्ड बनवाया गया और उस का उपयोग बैंक खातों, इनकम टैक्स और निर्वाचन में किया गया। आरोप है कि एक पैन कार्ड में जन्मतिथि पहली जनवरी 1993 है जबकि, दूसरे में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है।पुलिस ने प्राथमिकी की जांच पूरी कर अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे।

# जूनोटिक रोगों की रोकथाम के लिये पशुपालन विभाग व जपाइगो के बीच हुआ एमओयू

पायनियर संवाददाता ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में जूनोटिक रोगों तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों की रोकथाम, निगरानी और प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में पशुपालन विभाग और जपाइगो, जो जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह समझौता उत्तर प्रदेश में 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। एमओयू पर हस्ताक्षर पशुपालन विभाग के निदेशक (रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र) डॉ. नेमपाल सिंह और जपाइगो के कंट्री डायरेक्टर डॉ. अमित शाह ने किए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव देवेंद्र पांडे, तथा निदेशक (प्रशासन एवं विकास) डॉ. योगेन्द्र सिंह पंवार भी उपस्थित रहे। सिंह ने कहा कि इस सहयोग से राज्य में जूनोटिक रोगों की रोकथाम एवं पता लगाने की क्षमता बढ़ेगी, साथ ही प्रयोगशाला सुदृढ़ीकरण, निगरानी व्यवस्था और बहु-क्षेत्रीय प्रतिक्रिया तंत्र को बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह एमओयू भविष्य के संभावित प्रकोपों से नुकसान को न्यूनतम करने और एक लचीली, सक्षम स्वास्थ्य प्रणाली विकसित करने में सहायक होगा। धर्मपाल ने कहा कि इस साझेदारी के तहत राज्यभर में निगरानी नेटवर्क को सुदृढ़ करने, प्रयोगशाला अवसंरचना को आधुनिक बनाने, तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने तथा त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को प्रशिक्षित एवं सुसज्जित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह सहयोग प्रारंभिक केस डिटेक्शन, समयबद्ध रिपोर्टिंग और उभरते खतरों के प्रभावी प्रबंधन की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि यह समझौता जोखिम संचार को बेहतर बनाने, समुदायों और फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं तक सही एवं समयोचित जानकारी पहुँचाने पर केंद्रित है। इसके साथ ही पशु एवं मानव स्वास्थ्य सुविधाओं में बायोसेफ्टी एवं संक्रमण रोकथाम उपायों को मजबूत करने तथा बहु-रोगजनक परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की क्षमता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है।

# आईवीएफ से बांझपन का अभिशाप दूर हुआ : डॉ. गंगराडे

एजेंसी ∢ वाराणसी
www.dailypioneer.com

अमेरिका के फ्लोरिडा से काशी के महमूरगंज स्थित एक निजी अस्पताल में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) लैब के निदेशक डॉ. भूषण गंगराडे पहुंचे। उन्होंने आईवीएफ तकनीक से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। डॉ. गंगराडे ने कहा कि पहले बांझपन को महिलाओं के लिए अभिशाप माना जाता था, लेकिन 1978 में पहली आईवीएफ बेबी के जन्म के बाद विज्ञान ने इस अभिशाप को लगभग खत्म कर दिया है। दुनिया भर में अब तक आईवीएफ की मदद से दस लाख से अधिक बच्चे पैदा हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पूरी पढ़ाई-लिखाई काशी हिंदू विश्वविद्यालय ( बीएचयू ) से हुई है। बाद में फेलोशिप मिलने पर वे अमेरिका चले गए और वहीं 1990 में आईवीएफ की ट्रेनिंग ली। विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और अवसरों के कारण वहीं सेटल हो गए, लेकिन काशी से भी गहरा लगाव है। डॉ. गंगराडे ने स्पष्ट किया कि बांझपन के लिए अक्सर केवल महिलाओं को जिम्मेदार ठहराया जाता है, जबकि इसका कारण पुरुष में, महिला में या दोनों में कोई शारीरिक कमी हो सकती है। अमेरिका में तो आईवीएफ कारगर साबित हो रहा है, बशर्ते सही जानकारी और नैतिक उपयोग हो। क्षय रोग (टीबी) को लेकर फैली एक भ्रांति पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग मानते हैं कि आईवीएफकराने से टीबी हो जाता है। यह पूरी तरह गलत है। अमेरिका व पश्चिमी देशों में टीबी लगभग नहीं के बराबर है। भारत में टीबी के मरीज हैं और कई मरीजों में यह रोग लक्षण रहित (लेटेंट) रहता है। गर्भावस्था या जांच के दौरान यह सामने आ सकता है, लेकिन आईवीएफ से टीबी होने का अब तक कोई वैज्ञानिक संबंध नहीं पाया गया है।

# मुरुगप्पा समूह के प्रसिद्ध उद्योगपति ए वेल्लयन का निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध उद्योगपति और मुरुगप्पा समूह के पूर्व अध्यक्ष ए. वेल्लयन का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। वेल्लयन के परिवार में उनकी पत्नी ललिता वेल्लयन, उनके बेटे अरुण वेल्लयन, नारायणन वेल्लयन और पोते-पोतियाँ हैं। कंपनी ने जारी एक बयान में कहा , मुरुगप्पा समूह गहरे दुख के साथ कोरोमंडल इंटरनेशनल के मानद चेयरमैन और मुरुगप्पा समूह के पूर्व अध्यक्ष अरुणाचलम वेल्लयन (1953-2025) के सुबह निधन की घोषणा करता है। बयान में कहा गया है कि उनकी दूरदर्शिता, ईमानदारी और मूल्य सृजन के प्रति दीर्घकालिक दृष्टिकोण ने समूह को मजबूत और विस्तारित करने में मदद की। इससे कंपनी को भारत के सबसे सम्मानित समूहों में से एक के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित करने में मदद मिली। वेल्लयन ने मुरुगप्पा समूह की विभिन्न



कंपनियों के बोर्ड में कार्य किया। उन्होंने कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड और ईआईडी पैरी लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में, जबकि कनोरिया केमिकल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी कंपनियों के बोर्ड में कार्य किया है। वह एक्ज़िम बैंक और इंडियन ओवरसीज़ बैंक बोर्ड में भी वह सदस्य रहे। उन्होंने दक्षिण भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स, भारतीय उर्वरक संघ, भारतीय चीनी मिल संघ और अखिल भारतीय साइकिल निर्माता संघ सहित विभिन्न उद्योग और व्यापार संगठनों में नेतृत्वकारी पदों पर कार्य किया। वह कोझिकोड स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोझिकोड (आईआईएम- कोझिकोड) के बोर्ड ऑफगवर्नर्स के अध्यक्ष भी रहे। वह वेल्लयन दून स्कूल, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, एस्टन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र थे।

# भारत बंगलादेश के लोगों के हितों के लिए प्रतिबद्ध : विदेश मंत्रालय

पायनियर संवाददाता ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कहा कि उसे बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बारे में वहां के एक न्यायाधिकरण के फैसले की जानकारी है और वह बंगलादेश के लोगों के हितों को लेकर प्रतिबद्ध है। हसीना को न्यायाधिकरण द्वारा सजा सुनाए जाने पर प्रतिक्रिया करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के संबंध में 'बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' द्वारा सुनाए गए फैसले पर ध्यान दिया है। निकट पड़ोसी के रूप में, भारत बांग्लादेश के लोगों के सर्वोत्तम हितों के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उस देश में शांति, लोकतंत्र, समावेशिता और स्थिरता शामिल है। हम इस दिशा में सभी हितधारकों के साथ हमेशा रचनात्मक रूप से जुड़े रहेंगे। उल्लेखनीय है कि न्यायाधिकरण ने हसीना को 'मानवता के विरुद्ध विभिन्न अपराधों ' के लिए दोषी ठहराया है। उन पर आरोप था कि उन्होंने पिछले वर्ष छात्र आंदोलन और तत्कालीन सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों को कुचलने के आदेश दिये जिसमें कई लोग मारे गये।

# इटावा सफारी पार्क में लाए गए पांच बारहसिंघा

**इटावा।** एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क में पांच बारहसिंघा लाए गए है। सभी को फिलहाल क्वॉरेंटाइन कर दिया गया है। पार्क के उपनिदेशक डॉ.विनय



कुमार सिंह ने बताया कि इटावा सफारी पार्क में वन्यजीवों की प्रजातियों एवं संख्या को बढ़ाने के लिये निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम को नवाब वाजिद अली चिड़ियाघर लखनऊ से पाँच बारहसिंघा लाए गए है। जिनको डियर सफारी में तैयार किए गए विशेष क्वारंटाइन एनक्लोज़र में रखा गया था, जहाँ उनकी सेहत एवं व्यवहार की निगरानी की गई। सफारी पार्क पर्यटकों के लिए बंद रहता है। इसको दृष्टिगत करते हुए सभी बारहसिंगा को व क्वारंटाइन अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के बाद डियर सफ़ारी क्षेत्र में छोड़ा गया है। इस प्रकार से पर्यटक डियर सफारी में चीतल, सांभर के साथ बारहसिंघा का भी दीदार कर सकेंगे।

## योगी ने बस्ती आकर दी नंदा बाबा को श्रद्धांजलि

**बस्ती।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती आकर धार्मिक आयोजनों के लिए विख्यात रहे नंदा बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।




नंदा बाबा का 3-4 नवंबर की रात निधन हो गया था। नंदा बाबा (देशबंधु नंदानाथ महाराज) को श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज मैदान में बने हेलीपैड पर उतरे। यहां से वह दक्षिण दरवाजा स्थित नंदा बाबा के आश्रम में पहुंचे और नंदा बाबा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। नंदा बाबा 1970 में जिला अस्पताल के पास दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना करने और सावन माह में कांवड़ियों की सेवा के लिए सुपरिचित रहे। उनका गोरखनाथ मंदिर से भी गहरा लगाव था। उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा में आए साधु संतों से मुलाकात की और सनातन हित मे नंदा बाबा के योगदान को याद किया।

## भारत और चीन के बीच लंबे समय से जमी 'बर्फपिघली', सीमा पर स्थिति में बड़ा बदलाव आया : सेना प्रमुख

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि भारत और चीन के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर निरंतर बातचीत से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति में काफी सुधार हुआ है और लंबे समय से जमी 'बर्फपिघली' है। सेना प्रमुख ने कहा कि भारत और चीन की सेनाओं के बीच पिछले एक वर्ष में 1100 बार जमीनी स्तर पर बातचीत हुई है और इनके अच्छे परिणाम मिले हैं। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां 'चाणक्य रक्षा संवाद' के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में कहा, मैं कहना चाहूँगा कि पिछले एक साल में काफ़ी प्रगति हुई है। अक्टूबर 2024 से लेकर आज तक हमारे संबंधों में काफ़ी सुधार हुआ है। यह सुधार इसलिए हुआ है क्योंकि हमने अपने राजनीतिक नेताओं के साथ काफ़ी बातचीत की है। और दोनों ही इस बात पर आश्वस्त थे कि हम वहां जितनी सामान्य स्थिति लाएंगे, दोनों देशों के लिए उतना ही बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में दोनों देशों की सेनाओं के बीच जमीनी स्तर पर 1100 बार बात हुई है और इससे समस्याओं का बड़े पैमाने पर समाधान हुआ है। उन्होंने कहा, अगर आप देखें, तो पिछले एक साल में, हमने लगभग 1,100 ज़मीनी स्तर की बातचीत की है। यानी, हर दिन लगभग तीन बातचीत हुई हैं। तो इसका मतलब है कि ज़मीनी स्तर पर हमारी बातचीत, पहले सिर्फ़ कोर कमांडर स्तर पर होती थी। अब हम इसे बटालियन कमांडर, कंपनी कमांडर स्तर, और फिर ज़मीनी कमांडर तक ले आए हैं।

# राजस्थान में चैटबॉट के माध्यम से छह महीने में 65 हजार से अधिक पशुओं का किया गया उपचार

एजेंसी ∢ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में पशुपालन विभाग ने तकनीकी नवाचार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बीमार पशुओं के उपचार के लिए 'चैटबॉट प्रणाली' की शुरुआत की है और इससे पिछले छह महीने में प्रदेश में 82 हजार 713 पशुपालक इस माध्यम से जुड़ कर सलाह ले चुके हैं और 65 हजार 490 पशुओं को चिकित्सा सहायता दी जा चुकी है। विभाग के सचिव डॉ सुमित शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में चैटबॉट प्रणाली को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ने की योजना है, जिससे पशुओं की बीमारियों का त्वरित विश्लेषण और निदान और भी सटीक हो सकेगा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने भी राजस्थान के 1962 चैटबॉट मॉडल की सराहना करते हुए इस मॉडल को अपने प्रदेश में अपनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में कृषि, पशुपालन, डेयरी डवलपमेंट एवं मत्स्य विभाग के उप सचिव एम.बी. माराले ने महाराष्ट्र में संचालित 1962 महापशुधन संजीवनी एप के माध्यम से राजस्थान की तर्ज पर वाट्सएप चैटबॉट की सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ आनंद सेजरा ने बताया कि चैटबॉट प्रणाली ने पशु उपचार सेवाओं को अधिक तेज, पारदर्शी और सुलभ बनाया है। इससे न केवल उपचार की प्रक्रिया में तेजी आयी है, बल्कि पशु मृत्यु दर में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गयी है। पशुपालन विभाग के इस अभिनव प्रयास से प्रदेशभर में पशुपालकों को बड़ी राहत मिली है।

# बेसहारा लोगों के पुनर्वास को लेकर उच्च न्यायालय ने किया जवाब तलब

एजेंसी ∢ लखनऊ
www.dailypioneer.com

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार के वकील से पूछा है कि प्रदेश के बेघर व बेसहारा लोगों के पुनर्वास के लिए क्या उपाय किए हैं। कोर्ट ने सरकारी वकील को इस मुद्दे पर भी अदालत को संतुष्ट करने का निर्देश दिया कि समिति द्वारा राजधानी में पाए गए 97 बेसहारा लोगों के पुनर्वास के लिए क्या किया है। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह आदेश ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर दिया। याचिका में मंदिरों, अस्पतालों, फुटपाथों आदि के पास रहने वाले बेघर, बेसहारा, मानसिक मंदित लोगों की पीड़ा के मुद्दे को उठाया गया है। याची ने ऐसे लोगों के समुचित इलाज समेत शरण देने के निर्देश जारी करने की गुजारिश की है। साथ ही इमरजेंसी में इलाज को लाए गए बेसहारा लोगों का मुद्दा भी उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में शहर में बेसहारा लोगों का पता लगाने को एक समिति गठित की थी। समिति ने रिपोर्ट में राजधानी में ऐसे 97 बेसहारा लोगों की जानकारी दी है। इसी मामले की सुनवाई के समय महिला कल्याण विभाग की विशेष सचिव सुधा वर्मा, महिला कल्याण निदेशक संदीप कौर कोर्ट के समक्ष पेश हुईं। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 नवंबर को नियत कर उस रोज इन दोनों अफसरों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश होने की अनुमति दी है।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में अब 26 नवंबर को सुनवाई

एजेंसी ∢ सुलतानपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी से जुड़े एक मानहानि मामले की सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई टल गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मामले में गवाह राम चंद्र दुबे के अनुपस्थित रहने और स्थगन प्रार्थना पत्र देने के कारण कार्यवाही नहीं हो सकी। मामला वर्ष 2018 का है। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मिश्रा, कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पांच साल तक अदालती कार्यवाही चली। राहुल गांधी के पेश न होने पर दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी। गत 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए इस मामले को राजनीतिक साजिश करार दिया था। कांग्रेस नेता के बयान के बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। तब से लगातार गवाह पेश किए जा रहे हैं। अब तक केवल एक गवाह से जिरह पूरी हो पाई है, जबकि दूसरे गवाह से जिरह शुरू हुई है। अक्सर हड़ताल और गवाहों के अनुपस्थित रहने के कारण कार्यवाही में देरी हो रही है। जिससे न्यायालय के न्यायाधीश राकेश ने अगली सुनवाई की तिथि 26 नवंबर की नियत कर दी है।

# सरकार द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों एवं आमजन को त्वरित राहत : किरोड़ी

एजेंसी ∢ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों और आम नागरिकों के लिए बड़ा राहत पैकेज जारी किया है, जिसमें किसानों को ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक के कृषि आदान-अनुदान वितरण का निर्णय लिया है। आपदा राहत मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि बेमौसम बारिश, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान की समीक्षा के बाद राज्य सरकार ने 43 लाख 39 हजार किसानों को 2600 करोड़ रुपये के कृषि आदान-अनुदान वितरण का निर्णय लिया है। डॉ मीणा ने बताया कि वर्ष 2025 में हुई बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रदेश के 30 जिलों में 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराब हुई है, जबकि 11 जिलों में फसल नुकसान 33 प्रतिशत से कम आंका गया है। विभागीय अधिसूचना के अनुसार 24 जिलों के 14 हजार 687 गांवों के कुल 43 लाख 39 हजार किसान प्रभावित हुए हैं, जिन्हें एसडीआरएफ नियमों के तहत राहत राशि वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि असामान्य बारिश के कारण प्रदेश में सार्वजनिक परिसंपत्तियों को भी गंभीर क्षति पहुंची है। इसके पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए सरकार ने 50,308 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है, जिन पर 1012 करोड़ 61 लाख रुपये की राशि मंजूर की जा चुकी है। इनमें सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों की मरम्मत के 14 हजार 212 कार्यों पर 293 करोड़ 13 लाख रुपये तथा पुलिया मरम्मत के 1161 कार्यों पर सात करोड़ 20 लाख रुपये का व्यय स्वीकृत किया गया है। जल संसाधन विभाग के 903 कार्यों के लिए 18 करोड़ 67 लाख रुपये, चिकित्सा विभाग के 700 कार्यों के लिए 13 करोड़ 18 लाख रुपये, पंचायती राज विभाग के 873 कार्यों के लिए 19 करोड़ 39 लाख रुपये, पीएचईडी के 17 कार्यों के लिए 22 लाख 69 हजार रुपये तथा शिक्षा विभाग के 24,531 कार्यों पर 486 करोड़ 94 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। महिला एवं बाल विकास विभाग के 7,911 कार्यों के लिए 173 करोड़ 03 लाख रुपये अनुमोदित किये गये हैं।

# नगर निगम ने आश्रयहीन लोगों के लिये सर्दी से बचाव के लिए शुरू किये रैन बसेरे

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में नगर निगम क्षेत्र में बेघर, अनाथ एवं आश्रयहीन लोगों को सर्दी से बचाव के लिए आश्रय प्रदान करने के लिए विभिन्न जगहों पर अस्थाई आश्रय स्थल (रैन बसेरा) बनाये गये हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ गौरव सैनी ने बताया कि सर्दी के मददेनजर अस्थायी आश्रय स्थल शुरू कर दिये गये हैं, और निगम द्वारा शहर में 14 स्थानों पर रैन बसेरे बनाये गये हैं, जिनमें आदर्श नगर जोन में ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया के नीचे, सिविल लाइन जोन में खासा कोठी पुलिया के नीचे, सिविल लाइन जोन परमानंद हॉल सहकर मार्ग सी स्कीम, सिविल लाइन जोन में हसनपुरा पुलिया के नीचे एवं स्टेट कैंसर संस्थान प्रताप नगर सांगानेर जोन तथा रामनिवास बाग के पीछे सुलभ शौचालय के पास बनाये गये रैन बसेरे शुरू कर दिये गये। डॉ सैनी ने बताया कि शेष रैन बसेरे एक दिसंबर से प्रारंभ किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 12 स्थायी आश्रय स्थलों का संचालन भी किया जा रहा है।

# कन्नूर में बीएलओ की मौत मतदाता पुनरीक्षण के काम के दबाव के कारण नहीं हुई : प्रशासन

एजेंसी ∢ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केरल के कन्नूर के जिला प्रशासन ने कहा है कि पय्यानुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 18 पर बीएलओ पद पर कार्यरत अनीश जॉर्ज की मृत्यु काम के दबाव से तनाव के कारण नहीं हुई थी। गौरतलब है कि कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया पेज एक्स पर कहा कि देशभर में बीएलओ पर मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम के कारण अत्यधिक दबाव बढ़ गया है और इससे पैदा हुए तनाव के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में बीएलओ की मृत्यु हो रही है। प्रशासन ने कहा है कि अनीश अधिकारी रहे हैं और उनके काम तथा अनुभव को देखते हुए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया और प्रशिक्षण के बाद 30 जुलाई को मतदाता सूची पुनरीक्षण के काम की जिम्मेदारी दी गई। लेकिन दुर्भाग्य से वह अपने घर में मृत पाये गये जिसके बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जिला प्रशासन ने बताया है कि काम ज्यादा होने के दबाव से उनकी मृत्यु की खबरें गलत है। प्रशासन का कहना है कि उन्हें बूथ स्तर पर मतदाताओं को भरने के लिए 1065 फार्म दिये थे जिनमें से 825 वितरित किये गए और 240 आनलाइन लंबित दिखाए गये है। इस तरह से उनके काम की प्रगति की गति 77.46 प्रतिशत थी। प्रशासन के अनुसार पुलिस तथा प्रशासन की जांच के बाद पाया गया है कि ये बात सही नहीं है कि उन पर मतदाता पुनरीक्षण के काम के कारण कोई तनाव था या अन्य किसी तरह का कोई दबाव था। बीएलओ की मृत्यु के कारणों की जांच का काम अभी चल रहा है लेकिन उन पर काम का दबाव नहीं था।

# 137 केंद्रों में 1,393 किसान बेचेंगे 65,000 क्विंटल धान, 3 समिति प्रबंधक बर्खाश्त

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

मंगलवार को जिले के 137 खरीदी केंद्रों में 1 हजार 393 किसान 65 हजार क्विंटल से अधिक धान बेचेंगे। जिले के 143 में से 137 केंद्रों में धान खरीदी की जाएगी। सोमवार को ही टोकन जारी कर दिए गए हैं। वही जिले में 121 धान खरीदी केंद्रों में एक हजार 139 किसानों का 52 हजार 100 क्विंटल धान बेचने का टोकन जारी हुआ था। वही 45 केंद्रों में 9 हजार 626 क्विंटल धान की खरीदी की गई हैं। हालांकि यह आंकड़ा शाम साढ़े 6 बजे तक का है। देर शाम बाद सिस्टम में अपडेट होने का सिलसिला जारी रहा। धान खरीदी के दूसरे दिन से ही केंद्रों के बाहर धान से भरी वाहनो की लंबी कतार नज़र आई। किसान सरकार को समर्थन मूल्य पर धान बेचने उत्सुक नज़र आए। ग्राम औराभाठा खरीदी केंद्र के बाहर सुबह करीबन 9 बजे पिकअप, ट्रैक्टर में किसान अपनी उपज लेकर पहुचे थे, वाहनो की लंबी कतार रही। गेट खुलने व विधिवत पूजा के बाद किसानों से धान खरीदना शुरू हुआ। वही केंद्रों में किसानों के लिए बैठने, पीने के लिए पानी सहित तमाम व्यवस्था सुनिश्चित दिखी। जिसे देख किसान गदगद नज़र आये। दरअसल जिला प्रशासन के धान



खरीदी को अति आवश्यक सेवा रखते हुए एस्मा लागू कर दिया है, वही खरीदी केंद्रों में लगाए गए अभी अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी पर सख्त निगरानी भी रखी जा रही है। सभी विभागो के जिला स्तर के अधिकारी केंद्रों में जाकर खरीदी का जायजा लेकर निरीक्षण किया।

### किसानों को धान बेचने समस्या न आए, ये सरकार का दृढ़ संकल्प-यज्ञदत्त

जिला मुख्यालय बालोद से लगे ग्राम औराभाठा खरीदी केंद्र में सुबह से किसानों की भीड़ देखी गई। इस बीच राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त लघु वनोपज के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी की शुरुआत की। इलेक्ट्रॉनिक तराजू और धान नमी मापक यंत्र की पूजा कर किसानों का स्वागत किया। दोनों ने धान खरीदी केंद्र का खरीदी निरीक्षण किया। इस दौरान यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के हित में चिंताए कर रही है, जितने भी प्राधिकृत अधिकारी बनाए गए, वे नीचे स्तर पर जो समस्या आ रही है, वे उसे सुलझा रहे है। शासन स्तर का है तो मुख्यमंत्री तक बात पहुचाने का प्रयास किया जा रहा हैं, किसानों को धान बेचने किसी भी प्रकार की समस्या न आए, ये सरकार का बहुत दृढ़ संकल्प हैं। वही राकेश यादव ने कहा कि सरकार ने दो वर्ष में बहुत अच्छी धान खरीदी की है। पूरे देश मे धान का अधिकतम दर देने का काम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया है। निर्धारित समय में सभी लक्ष्य पूरे किए जाएंगे। सारे किसानों का एक एक दाना धान खरीदा जाएगा। इसमें कोई संशय नही हैं।

### तुंहर टोकन मोबाइल एप्प के माध्यम से किसान घर बैठे ले रहे है टोकन

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों की धान बिक्री हेतु खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी 'तुंहर टोकन मोबाइल एप्प' के माध्यम से किसान घर बैठे धान बिक्री हेतु टोकन ले रहे है। यह मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इसमें किसान आधार आधारित ओटीपी से पंजीकरण और प्रतिदिन सुबह 8 बजे से टोकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू हो चुकी है जो 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस एप से धान खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और समान अवसर सुनिश्चित होंगे। इस एप्प के माध्यम से सीमांत किसान (02 एकड़ या उससे कम भूमि) अधिकतम 01 टोकन, लघु किसान (02 से 10 एकड़) 02 टोकन और दीर्घ किसान (10 एकड़ से अधिक) अधिकतम 03 टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

### हड़ताल में डटे समिति कर्मियों को पूर्व सीएम व तीनों विधायकों का मिला साथ

सोमवार को समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री ऑपरेटरों के सम्भाग स्तरीय हड़ताल के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिले के तीनों विधायक अनिला भेड़ियाँ, कुंवर सिंह निषाद तथा संगीता सिन्हा का साथ मिला और उन्होंने उनकी मांगों को जायज बताते हुए उनका समर्थन किया साथ ही सरकार को उनकी मांगों को पूरा कर धान खरीदी की व्यवस्था को सुधारने की चेतावनी दी। वही हड़ताल में डटे सभी समिति प्रबंधक और डाटा एंट्री आपरेटरों ने सामूहिक इस्तीफा भी दिया। इस बात की पुष्टि समिति प्रबंधक के जिलाध्यक्ष गजेंद्र देशमुख ने की। बता दे कि जिले में अब तक 3 समिति प्रबंधकों पर बर्खास्तगी की कार्यवाही की जा चूकिए है। चंदनबिरही के गजेंद्र देशमुख निपानी के दीनदयाल साहू और पीपरछेड़ी के यशवंत साहू को बर्खाश्त के सेवा समाप्ति के आदेश निकाला गया है। बता दे कि गजेंद्र देशमुख जिला सेवा सहकारी समिति संघ बालोद के अध्यक्ष और दीनदयाल साहू उपाध्यक्ष है, बर्खास्तगी की कार्यवाही और अब सामूहिक इस्तीफे के बाद भी समिति प्रबंधक तथा ऑपरेटर हड़ताल पर डटे हुए हैं।

'राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है, धान खरीदी सुचारू रूप से संपादित हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है, एस्मा भी लगाया है, की जिनकी ड्यूटी है वे ड्यूटी करे। धान खरीदी अति आवश्यक सेवा हैं। सरकार ने पूरी पुख्ता व्यवस्था धान खरीदी की, की है।'

**-अरुण साव,** उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# सीआरपीएफ द्वारा घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र गोमगुड़ा में किया गया मेडिकल कैम्प का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 226 वी वाहिनी के द्वारा पुलिस महानिरीक्षक (परिचालन) छत्तीसगढ़ सेक्टर के.रि.पु. बल रायपुर एवं एच.पी. सिंह, कमाण्डेंट 226 बटालियन के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे अभियानों के तहत जिला सुकमा के घोर नक्सल प्रभावित गाँव गोमगुडा में सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोमगुडा गाँवो से लगभग 231 पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर एच.पी. सिंह, कमाण्डेन्ट- 226 बटालियन, साथ अभिषेक कुमार, सहायक कमाण्डेंट (समवाय अधिकारी सी/226) वाहिनी नें उपस्थित ग्रामीण वासियों को संबोधित करते हुए बताया कि नक्सली अपने फायदे के लिए गरीब जनता एवं उनके बच्चों को गुमराह कर नक्सली गतिविधियों में जाने के लिए भ्रमित करते हैं, इसके अलावा ग्रामीणों को जागरूक करते हुए आह्वान किया कि वे नक्सलियों के बहकावे में आकर कोई गलत कार्य ना करें और आप सभी देश के अग्रणी विकास में भागीदार बनें तथा अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवायें एवं भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही नीतियों एवं योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएँ। उन्होने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए विश्वास दिलाया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सदैव आप के साथ खड़ा है, तथा हम आपकी मदद व हर संभव प्रयास करेगें आप लोग भी हमारा सहयोग करें।

# नारायणपुर जिले में धान खरीदी शुरू

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा के अनुसार जिले समेत प्रदेशभर में धान खरीदी शुरू हो गई है, जिसके तहत् नारायणपुर जिले में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी की उपस्थिति में धान खरीदी का धान उपार्जन केन्द्र माहका में शुभारंभ किया गया। जिले में 09 समितियां और कुल 17 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। धान खरीदी का कार्य सुबह 10 बजे से शुरू होगा। प्रशासन द्वारा नए डेटा एंट्री ऑपरेटरों की भी नियुक्ति की गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में लगभग 11 हजार 545 किसान पंजीकृत हैं तथा वर्ष 2025-26 में 04 लाख 12 हजार क्विंटल धान खरीदी करने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक विक्रम उसेंडी द्वारा धान उपार्जन केंद्र माहका पहुंचकर किसानों को फूलमाला व गमछा पहनाकर स्वागत किया गया, जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ महतारी की विधिवत पूजा कर धान खरीदी कार्य



का शुभारंभ किया गया। विधायक उसेंडी ने धान खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों को सरकार की धान खरीदी योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने धान के साथ-साथ अन्य फसलों का भी उत्पादन करने की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार ने दलहन तिलहन के फसलों का भी समर्थन मूल्य में खरीदी करने का योजना बनाया है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने भी किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष नारायण मरकाम, उपाध्यक्ष प्रतापसिंह मंडावी, जनपद पंचायत ओरछा के उपाध्यक्ष मंगरुराम नूरेटी, भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि बृजमोहन देवांगन, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, सीईओ जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मंडावी सहित जिला खाद्य अधिकारी अलाउद्दीन खान, सहकारिता बैंक के नोडल अधिकारी प्रतिक अवस्थी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# धान खरीदी केंद्र की मांग पर 7 गांवों के किसानों का 6 घंटे चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

धान खरीदी का सत्र शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों का सब्र टूट गया। सोमवार को बांसाला और आस-पास के सात गाँवों बांसला, जुनवानी, चवेला, तुडगे, जातावाड़ा, उत्तामगर और जेपरा के लगभग 1200 किसानों ने बांसाला में नया धान खरीदी केंद्र खोलने की अपनी वर्षों पुरानी मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन किया। किसानों ने संबलपुर चौक पर सुबह 10 बजे से 4 घंटे तक मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिससे मानपुर को जोड़ने वाले प्रमुख राजमार्ग पर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और जनजीवन प्रभावित हुआ। प्रदर्शनकारी किसानों ने 'बांसला में धान खरीदी केंद्र खोलो' के नारों के साथ अपनी आवाज़ बुलंद की। उनका कहना है कि वे मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, कलेक्टर, एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को





कई बार ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। किसानों को वर्तमान में अपना धान बेचने के लिए 10 से 15 किलोमीटर दूर-दराज के केंद्रों तक जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसानों ने दावा किया कि बांसाला गाँव में केंद्र खोलने के लिए बड़ा ग्राउंड, खाद गोदाम और सामुदायिक भवन जैसी पर्याप्त संरचना मौजूद है, जहाँ धान का सुरक्षित भंडारण और तौल आसानी से किया जा सकता है।

**महेन्द्रपुर के किसानों का भी मिला समर्थन** - प्रदर्शन को महेन्द्रपुर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने भी समर्थन दिया। उल्लेखनीय है कि महेन्द्रपुर के किसानों ने भी दो दिन पहले कोटपारा में महेन्द्रपुर में धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर चक्काजाम किया था।

**विधायक सावित्री मंडावी ने सरकार को घेरा** - प्रदर्शन की सूचना पर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख और तहसीलदार सुरेंद्र उर्वसा मौके पर पहुंचे, लेकिन किसानों के साथ उनकी प्रारंभिक चर्चा विफल रही। इसके बाद, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी किसानों के समर्थन में मौके पर पहुँचीं। विधायक मंडावी ने किसानों से चर्चा करते हुए भाजपा सरकार पर किसानों को प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया। भाजपा सरकार द्वारा किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है। बोवाई सीजन में खाद के लिए किसान परेशान होते हैं, अब मिजाई कुटाई हो गया है तो धान बेचने के लिए परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कृषि मंत्री रामविचार नेताम पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने केंद्र खोलने के संबंध में मंत्री से दो बार बात की है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत पालनार में साइकिल का किया गया वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कन्या पोटाकेबिन पालनार में सोमवार 41 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से बालिका शिक्षा को ओर भी बढ़ावा मिलेगा साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान कुआकोंडा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, एसएमडीसी अध्यक्ष उदय सिन्हा,



उप सरपंच, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, संस्था के प्रचार एवं बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

# बस्तर ओलंपिक सिर्फ खेल आयोजन नहीं, युवाओं के सपनों का उत्सव है : दीपिका शोरी

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले में दो दिवसीय बस्तर ओलंपिक 2025 की जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी शामिल हुईं। उन्होंने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए शोरी ने कहा कि बस्तर के युवाओं में असाधारण प्रतिभा है। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और



सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि बस्तर के हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को एक बेहतर मंच मिले, और बस्तर ओलंपिक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं में खेल भावना का विकास समाज को मजबूत बनाता है। स्वस्थ तन और स्वच्छ मन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। यहां के खिलाड़ी जिस मेहनत और समर्पण के साथ खेल रहे हैं, वह आने वाले समय में उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोंटा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी और नगर पालिका परिषद सुकमा की उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुकमा के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाएं बड़ी संख्या में मौजूद हैं, जिन्हें ऐसे आयोजनों से दिशा और अवसर मिलता है। समारोह के अंत में विभिन्न खेलों की विजयी टीमों और खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई। खिलाड़ियों और कोचों के उत्साह से खेल मैदान देर तक गूंजता रहा। इस अवसर परजनपद पंचायत कोंटा की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी, नगर पालिका परिषद सुकमा की उपाध्यक्ष भुनेश्वरी यादव अन्य जनप्रतिनिधि सहित एसडीएम सूरज कश्यप, जनपद पंचायत सुकमा के सीईओ निधि प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी, खेल अधिकारी वीरूपाक्ष पौराणिक, विभिन्न खेलों के कोच, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी और नागरिक उपस्थित थे।

## अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने गौरव दिवस कार्यक्रम को किया संबोधित

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की पहल की है, जिससे हर वर्ष उनकी जयंती मनाई जाती है। वर्ष 2021 से भारत सरकार ने इस दिन को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया, ताकि आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति और वीरता को सम्मान दिया जा सके।

जिले में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम माहका के इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा भारत के महान आदिवासी नायक थे, जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान



(विद्रोह) का नेतृत्व किया। वे मुंडा समुदाय से आते थे और उन्हें 'धरती आबा' यानी धरती पिता कहा जाता है। विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के हक, संस्कृति और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया। न्याय के हित में सर्वस्व बलिदान करने की भावनाएं जनजातीय समाज की विशेषता रही है। स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में जनजातीय समुदायों द्वारा किए गए विद्रोहों की अनेक धाराएं भी शामिल हैं। आदिवासी प्रकृति पर आधारित जीवन यापन करते हैं और सम्मानपूर्वक प्रकृति की रक्षा भी करते हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान प्राकृतिक संपदा को शोषण से बचाने के लिए जनजातीय समुदाय के लोगों ने भीषण संघर्ष किए थे। वन संपदा का संरक्षण काफी हद तक उनके बलिदान से ही संभव हो सका। उन्होंने आदिवासियों को नशा से दूर रहने के लिए अपील करते हुए कहा कि चिंतन और मनन करने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को अपनाने की बात कही। गांव में लगभग 80 प्रतिशत से अधिक आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं आपसी जन भागीदारी के साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। गांव में गायता, पुजारी, पटेल आदि निवास करते हैं, उन्हें अपने अधिकार को उपयोग करने का अपील किया, जिससे समाज को आगे बढ़ाने में अमूल्य योगदान मिलेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ के आदिवासी शूरवीरों को याद करते हुए नमन किया। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम उसेंडी ने विभिन्न विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनजातीय क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे है। पीएम जनमन एवं धरती आबा तथा आदि कर्मयोगी योजना से विशेष पिछड़ी जनजातीय समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए पीएम जनमन अंतर्गत जिले में किये जा रहे कार्यों और जिले चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय एवं निवासरत ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। कौशल विकास के क्षेत्र में पीएम जनमन अंतर्गत कार्य प्रारंभ किये जा रहे हैं। कलेक्टर ममगाई ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते उनके किए गए कार्यो को याद किया। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं और ग्रामीणों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# साहित्य, कला से ही समाज व राष्ट्र की पहचान : सांसद

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में साहित्य और कला से ही समाज व राष्ट्र की पहचान होती है। साहित्यकार समाज के सच्चे पथ प्रदर्शक होते हैं। उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति राजनांदगाँव के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण, दीपावली मिलन, कवि सम्मेलन व परिचर्चा आयोजन में मुख्य अतिथि की आसंदी से राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने व्यक्त किया। सांसद पांडेय ने शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव के भवन के चारों ओर अहाता निर्माण हेतु 2 लाख रूपये अनुदान की घोषणा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति राजनांदगाँव के 25 वर्ष पूरे होने पर बधाई देते हुए राजनांदगाँव में समिति के रजत जयंती समारोह को गरिमामय ढंग से संपन्न करने हेतु हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट नपंअध्यक्ष अतिथि अंजू त्रिपाठी नगर में होने वाले साहित्यिक आयोजन में हर



संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला पंचायत राजनांदगाँव की सदस्य व सभापति जागृति चुन्नी यदु ने शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगाँव के भवन के अधीन भू खंड में नल कूप खनन कराने की घोषणा की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन- वंदन तथा राजगीत से हुआ। छत्तीसगढ़ी लोक रंग कर्म व साहित्य विषय पर परिचर्चा में डॉ संतराम देशमुख, विमल, कुबेर साहू, महेन्द्र बघेल, ओम प्रकाश साहू अंकुर, विजय मिश्रा अमित, आत्मा राम कोशा अमात्य व मान सिंह मौलिक ने अपने विचार रखे। अध्यक्षीय उदबोधन कान्हा कौशिक प्रांताध्यक्ष छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर ने दिया। स्वागत संबोधन करते हुए अखिलेश्वर मिश्रा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति राजनांदगाँव ने यह माँग रखी कि छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में सम्मिलित किया जाए ताकि छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त हो सके । इस आशय का ज्ञापन सांसद को सौंपा गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन कविद्वय डॉ.गजेन्द्र हरिहारनो 'दीप' व वीरेंद्र तिवारी वीरू ने किया।

# सत्तापक्ष का एक जनप्रतिनिधि कमारों के नाम पर कर रहा जंगलों पर कब्जा

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com






पायनियर एक्सक्लूसिव

समूचे क्षेत्र में वृक्षारोपण के नाम पर मुहिम चलाई जा रही है ताकि पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके। पिछले माह भी एक पेड़ मां के नाम का नारा देकर हजारों स्थलों पर वृक्षारोपण किया गया। सरकार द्वारा कमारों को उच्च स्तर पर लाने हेतु उनके नाम पर अनेक योजनाएं चल रही हैं। लेकिन इन्हीं के नाम पर एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा विशालकाय भूभाग पर कमारों को प्रोत्साहित करने के नाम पर धड़ाधड़ वृक्षों की कटाई के साथ साथ निर्माण कार्य कराने के लिये भी तत्पर दिखाई दे रहे हैं। नगरी क्षेत्र में उक्त घटना का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक जिम्मेदार निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा कराये जा रहे इस अवैध कार्य को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। वीड़ियो वायरल होने के बाद हालांकि उक्त जनप्रतिनिधि द्वारा इस संबंध में स्पष्टीकरण ऑडियो जारी किया गया है। इस मामले में जारी वीड़ियो की पॉयनियर प्रतिनिधि द्वारा पुष्टि नहीं की जाती किंतु वायरल वीड़ियो में उक्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि के द्वारा कराये जा रहे इस कार्य की सिहावा विधानसभा सहित जिला मुख्यालय में भी इसकी खासी चर्चा हो रही है। आदिवासी कमार समाज के लिये मकान बनाने के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई कर जमीन कब्जा करने की शुरूवात 2023 से बताई जाती है। मसान डबरा ग्राम के कमारों का दर्द देखा नहीं जाता, ऐसा कहकर लोगों को बेवकूफ बनाने का कार्य कर वहां स्वयं का निर्माण करवाया जा रहा है। अपने पद का दुरूपयोग करते हुए उक्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा लगभग 75 एकड़ भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि यह भूमि वन विभाग की है अथवा राजस्व की, इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा परंतु बड़े-बड़े वृक्षों की कटाई से पर्यावरण को लेकर सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन एक पेड़ मां के नाम में भी सेंध लग रही है। कमार परिवारों के नाम पर शासन द्वारा पिछले माह उनके रहन-सहन एवं उनके निवास स्थानों के पास लाखों रूपये खर्च कर जिला प्रशासन द्वारा कार्य करवाया जा रहा है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में कमार परिवारों के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इनके नाम पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि द्वारा लंबे-चौड़े भूभाग पर पेड़ कटाई कर बाड़ तार से भूमि को घेरा जा रहा है। इसमें संबंधित क्षेत्र के पटवारी एवं तमाम जिम्मेदार कर्मचारियों की भी भूमिका संदेह के दायरे में है। ये चाहते तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को देते। लेकिन शायद ये लोग उक्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि के पद से घबरा कर इसकी शिकायत नहीं कर रहे हैं। इस घटना को लेकर जो वीड़ियो वायरल हुआ है, उसमें जिला पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधि का नाम स्पष्ट रूप से दर्शित है। नगरी तहसील के ग्राम मसानडबरा में वर्ष 2023 से अवैध कटाई की गई है जिसकी पुष्टि वहां वृक्षों के ठूंठ से दिया जा सकता है। इस मामले में कुछेक कमार लोगों ने यह बात को उठाते हुए इसकी जांच की मांग की है। चूंकि अवैध निर्माण एवं कटाई को लेकर इनका कहना है कि हम यहां झाड़ कटाई वगैरह नहीं कर रहे हैं। जो हमारे नाम से वृक्षों की कटाई कर भूमि को अधिग्रहित कर रहा है, उससे हमारा दूर दूर तक संबंध नहीं है और हमारे नाम पर यह बिना अनुमति के निर्माण पर हमारी किसी भी प्रकार की सहमति नहीं है। हमारी जितनी भी प्रमुख मांगें हैं उसे जिला प्रशासन द्वारा धीरे धीरे कर पूरा किया जा रहा है, तो हम उक्त निर्वाचित जनप्रतिनिधि से क्यों आशा रखेंगे? हमारे समाज के नाम पर किया जा रहा यह कार्य की निष्पक्ष जांच होनी चाहिये और चाहे वह निर्वाचित जनप्रतिनिधि हो या कोई, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही किया जाना चाहिये। लोगों का कहना है कि हो सकता है यह राजस्व विभाग से संबंधित भूमि हो किंतु हरे-भरे विशाल वृक्षों की कटाई बिना वन अमला के नहीं की जा सकती। जबकि उक्त क्षेत्र के हल्का पटवारियों को भी इसकी जानकारी लेकर अपने अपने क्षेत्र के तहसीलदार, एसडीएम आदि को इसकी सूचना दी जानी चाहिये, जो अब तक नहीं दी गई है। इस लापरवाही से भी उक्त मसानडबरा में निर्वाचित जनप्रतिनिधि का कब्जा अभियान जारी है। निर्वाचित जनप्रतिनिधि सत्तापक्ष से संबंध रखता है जिसके कारण भाजपा की भी छवि खराब हो रही है। इस मामले में वन मंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव से दूरभाष पर संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि प्रारंभिक जांच में वीड़ियों में दर्शित क्षेत्र वनभूमि अंतर्गत नहीं है, इसके बाद भी मेरे द्वारा जांच करने को कहा गया है।

# खरीदी केंद्र में लटका ताला, मायूस लौट रहे धान बेचने पहुंचे किसान

पायनियर संवाददाता < भंवरपुर
www.dailypioneer.com



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अंतर्गत सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले जाने से धान खरीदी पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है। कर्मचारियों के हड़ताल से सहकारी समितियों में ताला लटका हुआ है। यहां धान बेचने पंहुचने वाले किसान बैरंग लौट रहे हैं। ठूठापाली खरीदी केंद्र से 8 किसानों को अपनी उपज लेकर बेचने पंहुचे थे किन्तु यहां ताला लटका हुआ देख किसान मायूस होकर लौट गए। इधर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा किसी भी तरह खरीदी प्रभावित न हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। हांलांकि हड़ताल से अब तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर शाखा भंवरपुर अंतर्गत आने वाले 14 सहकारी समितियों में कहीं भी धान खरीदी शुरू नहीं होने की जानकारी मिल रही है।

## धान खरीदी महाभियान 2025: पहले दिन 43 किसानों से 1486 क्विंटल धान खरीदी

**बलौदाबाजार।** खरीफ विपरण वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी का कार्य 15 नवंबर से पूरे प्रदेश में प्रारंभ हो गया है। धान खरीदी के पहले दिन बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में धान खरीदी केंद्रों में 43 किसानों से कुल 1486.8 क्विंटल धान ख़रीदा गया। धान खरीदी के दूसरे दिन 88 उपार्जन केंद्रों से से 580 टोकन काटा गया है जिससे लगभग 27168 हजार क्विंटल धान की खरीदी होगी। सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिये सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों की सुविधाओं के लिये पेयजल, विश्राम के लिये छाया आदि शामिल है। किसानों से धान की नगद व लिंकिंग में खरीदी 31 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।

# रेजांगला रज कलश यात्रा समापन समारोह जंतर मंतर दिल्ली में 18 को आयोजित, कार्यक्रम में शामिल होने समाजिक जन हुए रवाना

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com




हम सब को महान गौरवशाली यदुवंश की संतान होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इतिहास और वर्तमान इसका साक्षी है। भविष्य के वक्ता और हम है आदरणीय सत्य प्रकाश सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष शाताब्दी समारोह समिति एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा बट वृक्ष की प्रेरणा से संसार की आठवीं सबसे बड़ी लड़ाई 18 नवंबर 1962 भारत चीन युद्ध दक्षिणी लद्दाख रेजांगला चौकी कुमायूं रेजिमेंट चार्ली कंपनी के 114 वीर अहीर बहादुरों ने अपनी भारत माता की रक्षा करते हुए शहादत दी। वही पवित्र माटी कलश में संजोकर बिहार छपरा से 13 अप्रैल 2025 को शुरू होकर 19 राज्यों से होती हुई 18 नवम्बर दोपहर 12 बजे से 5 बजे को दिल्ली के जंतर मंतर पर समापन होगा। यह रज कलश यात्रा लगभग 1 लाख किलोमीटर दूरी तय कर चुकी है। इस गौरव गाथा के साक्षी और भागीदार बनना स्वयं को गौरवान्वित करना है। अतः आप सब से विनम्र अनुरोध है कि आप सब देश के कोने कोने से आने वाले यदुवंशी भाई बहनों के साथ इसके सहभागी बन स्वयं को कृतार्थ करें। आपका स्नेह और आशीर्वाद इन वीर अहीरों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इनके वीरता मेडल हमारी आने वाली पीढ़ियों को शहादत की प्रेरणा से अभी अभी संचित करेगा, जब भी देश को बलिदान की आवश्यकता होगी यदुवंश अग्रणी रहा है और रहेगा। हमारा अहीर रेजिमेंट का प्रयास बारम्बार आपके सहयोग का आकांक्षी रहेगा। इसी विश्वाश के साथ महासभा के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव, प्रदेश महामंत्री शिव कुमार यादव एवम अशोक यादव, राहुल यादव जिला अध्यक्ष रायपुर, विनोद कुमार यादव जिला अध्यक्ष महासमुन्द, प्रदेश उपाध्यक्ष रामाश्रय यादव, प्रदेश सचिव ममता यादव, छोटे लाल यादव सदस्य, संजय यादव, डा पवन कुमार यादव, संतोष यादव, जयकिशन यादव, पप्पू यादव, सरायपाली से संरक्षक गण मनोरथ लाल यादव, रथराम यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, सारांश यादव, मयंक यादव मोंटी आदि ने सभी यदुवंशी भाई बहनों से 18 नवम्बर के दिल्ली के कार्यकम में शामिल होने की विनम्र अपील की है। इंजीनियर एस डी यादव राष्ट्रीय सचिव अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा ने दी।

# अयोध्या कप बाक्स बाल क्रिकेट का देर रात तक चला रोमांच




पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

अयोध्या कप के माध्यम से प्रतिभाओं को तराश कर खेल के सर्वांगीण क्षेत्र में शहर तथा क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए तैयार करने का एक सार्थक एवं साहसिक कार्य बॉक्स क्रिकेट के माध्यम से शहर के सार्वजनिक धरातल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने वाले समाजसेवी पं. राजेश शर्मा द्वारा किया गया, जिसके फाइनल राउंड में देर रात तक चले रोमांटिक कर देने वाले मैच में किंग राइडर को करारी मात देकर जितेश चैलेंजर ने विजय हासिल की। सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजक समिति की ओर से संरक्षक पंडित राजेश शर्मा द्वारा कहा गया कि खेल का मैदान में ही समाज तथा जीवन की प्रत्येक समस्याओं का सार्थक समाधान छिपा हुआ है और यही वह निश्चल जगह है जहां से आपसी प्रेमए भाईचारा और एकता का सार्थक संदेश देता है। शर्मा ने आगे कहा कि वे और उनके परिवार सहित इष्ट मित्र हमेशा शहरवासियों के साथ मिलकर सार्वजनिक धरातल पर आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ सामाजिक आयोजन की श्रृंखलाओं को सतत आगे बढ़ते रहेंगे। जिसके लिए सभी का सहयोग तथा आशीर्वाद हम सबको मिलता रहे।

## खेलना महत्वपूर्ण, हार-जीत एक प्रक्रिया : इंदर चोपड़ा

समापन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने कहा कि खेल में जो व्यक्ति खेलता है वही महत्वपूर्ण होता है हर या जीत तो खेलों की प्रक्रिया तथा एक हिस्सा है कोई भी खिलाड़ी को यही भावनाओं को अपने में समाहित करते हुए जीवन के प्रत्येक हिस्सा में सफलता प्राप्त करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित ठाकुर शशि पवार तथा निर्मल बरडिया एवं डॉक्टर प्रभात गुप्ता तथा निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा की। समापन दिन का फाइनल मुकाबला किंग्स राईडर्स वर्सेस जितेश चैलेंजर्स के मध्य खेला गया जिसमे टॉस जीतकर किंग्स राइडर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिए और निर्धारित 10 ओवरों में 58 रन 7 विकेट के नुकसान पर बने जवाब मे जितेश चैलेंजर्स की टीम ने 9 ओवरो मे 2 विकेट के नुकशान पर लक्ष्य को हासिल कर ख़िताब अपने नाम किया। यहाँ मैच बहुत ज्यादा रोमांचक रहा जिस फाइनल की उम्मीद दर्शकों ने लगाई थी ठीक उसी प्रकार से फाइनल हुआ। इस फाइनल में उसको देखने के लिए काफी लोग पहुंचे थे। इस मैच मे शानदार आल राउंड प्रदर्शन कर मैन ऑफ दा मैच बने यमन साहू जिन्होंने 25 रनो की नाबाद पारी खेली।

# हड़ताली समिति कर्मचारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com


कार्यालय–उप आयुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक
सहकारी संस्थाएं, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा(छ.ग.)

क्रमांक/उपंय./साख/2025/2365
बलौदाबाजार, दिनांक 14/11/2025

प्रति,
प्राधिकृत अधिकारी,
प्राथमिक कृषि साख सहकारी
समिति मर्यादित खोखली
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

विषय :– प्रभारी समिति प्रबंधक के विरुद्ध कार्यवाही बाबत्।

—00—

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन खाद्य विभाग मंत्रालय से प्राप्त प्रस्ताव अनुसार दिनांक 15–11–2025 से 31–01–2026 तक सम्पूर्ण धान खरीदी अवधि तक धान खरीदी कार्य में संलग्न समस्त कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 (ESMA Act 1979) लागू किया जा चुका है।

यह है कि श्री राकेश टण्डन, प्रभारी समिति प्रबंधक के द्वारा संस्था के समस्त रिकार्ड को बिना सुपुर्द किये दिनांक 03.11.2025 से हड़ताल में चाले जाने एवं कार्यालयीन आदेश–निर्देशों का पालन नहीं करने एवं धान खरीदी कार्य में बाधा करने की मंशा से, संस्था के द्वारा कार्य में उपस्थिति हेतु नोटिस दिये जाने के बावजूद कार्य में उपस्थित नहीं हुए।

संस्था के उपविधि कंडिका क्रमांक 42.1 में समिति प्रबंधक का अधिकारी/दायित्व दिया गया है, जिसमें प्रबंधक के अधीनस्थों के काम की निगरानी करना एवं नियंत्रण करना तथा अन्य सौंपे गये कार्य करना समिति के प्रबंधक का कर्तव्य है। किन्तु उनके द्वारा अपने कर्तव्यों एवं पदीय दायित्वों के निर्वहन में गंभीर चूक एवं लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि श्री राकेश टण्डन, प्रभारी समिति प्रबंधक के विरुद्ध कर्मचारी सेवानियम 2018 के कंडिका 16.5 के तहत कार्यवाही कर इस कार्यालय को अवगत करावें।

उप आयुक्त सहकारिता,
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

पृ.क्रमांक/उपंय./साख/2025/2365
बलौदाबाजार, दिनांक 14/11/2025

प्रतिलिपि :–
01. कलेक्टर, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ।
02. संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, रायपुर संभाग, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
03. सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखंड भाटापारा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रायपुर शाखा–भाटापारा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप आयुक्त सहकारिता,
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासन के द्वारा सख्त कार्यवाही शुरू कर दी गई है। धान खरीदी कार्य से इंकार करने वाले कर्मचारियों पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण क़ानून के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी प्रबंधक साहित 13 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है तथा 3 कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा समिति प्रबंधक मंजुला शर्मा, खोखली समिति प्रबंधक राकेश कुमार टंडन, धुर्रा बांधा समिति प्रबधक मूलचंद वर्मा, रोहांसी समिति प्रबंधक धर्मेन्द्र साहु, समिति प्रबंधक तिल्दा रामकुमार साहू को बर्खास्त किया गया है। इसी तरह कसडोल विकासखंड के समिति गिरौद के विक्रेता नन्द कुमार पटेल, हसुआ के विक्रेता गोकुल प्रसाद साहू, थरगांव के विक्रेता ललित साहू, कटगी के विक्रेता रामस्वरूप यादव, चिखली के विक्रेता खेलसिंग कैवर्त्य कोसमसरा के विक्रेता अमित साहू, सरखोर के विक्रेता भीम साहु, लवन के विक्रेता रविकमल को बर्खास्त किया गया है। विकासखंड पलारी अंतर्गत समिति कोनारी के प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र चंद्राकर, समिति रोहरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर बीरेंद्र साहु एवं समिति रिसदा के विक्रेता टीका राम वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने शाखा प्रबंधक को पत्र जारी किया गया है।

# गरियाबंद में दो निजी अस्पतालों का आयुष्मान पंजीयन निलंबित

**गरियाबंद।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नर्सिंग होम एक्ट के तहत निरीक्षण दल द्वारा सोमेश्वर हॉस्पिटल और लाइफ लाइन हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अस्पतालों में कई गंभीर कमियाँ पाई गईं, जिनमें इन हाउस लैब की समस्या, खराब अधोसंरचना, रैम्प का न होना, बीएमडब्ल्यू का अनापत्ति प्रमाण पत्र का न होना, ओपीडी से आईपीडी का परिवर्तन औचित्यपूर्ण नहीं होना, क्वालिफाइड ड्यूटी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ की अनुपलब्धता, रजिस्टर का ठीक से संधारित नहीं होना, एक्सपाइरी दवाईयां मिलने जैसी गंभीर लापरवाहियां पाई गई। इन गंभीर अनियमितताओं को ध्यान में रखते हुए सोमेश्वर हॉस्पिटल का पंजीयन 03 माह तथा लाइफ लाइन हॉस्पिटल का पंजीयन 06 माह के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से पंजीयन निलंबित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह स्पष्ट किया है कि भविष्य में अन्य अस्पतालों में भी इस प्रकार की कमियाँ पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# छत्तीसगढ़ की माटी, महक और हुनर को मिला बड़ा मंच, हुनरबाज ऑडिशन धमतरी में सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोककला और प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित हुनरबाज ऑडिशन का तीसरा चरण धमतरी में भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के प्रथम नागरिक महापौर जगदीश रामू रोहरा, डीपीएस स्कूल धमतरी के प्रिंसिपल तथा धमतरी संवाददाता देवेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। शुरुआत से ही पूरा आयोजन छत्तीसगढ़ी रंग और परंपरा से सराबोर रहा। अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ ठुमका टीम ने पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिन्ह देकर किया। मंच पर पारंपरिक लोकनृत्य और आधुनिक प्रस्तुतियों का शानदार संगम देखने मिला, जिसने दर्शकों को रोमांचित किया। मुख्य अतिथि महापौर रोहरा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा हिंदी और अंग्रेजी में डांस प्रतियोगिताएँ तो कई बार देखी हैं, पर पहली बार छत्तीसगढ़ की अपनी कला और संस्कृति को इतना बड़ा मंच मिल रहा है। यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। आयोजन की पूरी टीम बधाई की पात्र है। ऑडिशन में धमतरी सहित जांजगीर, रायगढ़, कवर्धा, बालोद, कोरबा, गरियाबंद और बस्तर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लोकनृत्य से लेकर फ्यूज़न और मॉडर्न डांस तकए सभी ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस मेगा शो में चयनित प्रतिभागियों का प्रदर्शन अब टीवी पर प्रसारित होगा, जहां उन्हें पूरे प्रदेश के सामने अपनी कला दिखाने का अवसर मिलेगा। यह कार्यक्रम न केवल कलाकारों को मंच दे रहा है, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति को नई पहचान भी दिला रहा है। अंत में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की असली पहचान उसकी संस्कृति और प्रतिभा में है। ऐसे आयोजन युवा कलाकारों का हौसला बढ़ाते हैं और हमारी माटी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन में गूंजी सामाजिक एकता की आवाज

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com



आदिशक्ति माँ अंगारमोती परिसर में आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के युवक, युवती परिचय सम्मेलन में इस बार समाजिक चेतना, संस्कार और सादगीपूर्ण विवाह को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कार्यक्रम में दो विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक, समाज प्रमुखों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंच साझा किया और इसे समाज के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी ने कहा आदिवासी समाज में सामाजिक समरसता का अदभुत उदाहरण देखने मिलता है। यह समाज जागरूक, सजग और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा खड़ा रहता है। आदिवासी ही इस क्षेत्र के मूल निवासी हैं। ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों से शादी योग्य युवक, युवती के परिवारों को अनावश्यक खर्चों से छुटकारा मिलता है। यह समाज के हित में एक बहुत बड़ा कदम है। अंबिका मरकाम विधायक सिहावा विधानसभा ने कहा कि बेटे, बेटी की शादी को लेकर माता पिता सदैव चिंतित रहते हैं। लड़कियाँ स्नातक और उच्च शिक्षित हो रही हैं जिससे मनचाहा वर ढूँढना कठिन होता जा रहा है। ऐसे समय में युवक/युवती परिचय सम्मेलन करना वास्तव में पुण्य का कार्य है। युवा प्रभाग की कोशिशें कई परिवारों का जीवन सफल बना रही हैं। ओंकार साहू विधायक धमतरी ने कहा कि महँगाई के इस दौर में परिजन बच्चों की पढ़ाई में बहुत खर्च कर देते हैं। यह सुखद है कि आज के युवा बिना दहेज के मनपसंद से विवाह कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित हो रहा है। अरुण सार्वा अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने कहा आदिवासी समाज के विकास के लिए शासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कमार जनजाति के लिए मकान निर्माण से लेकर सभी योजनाओं को आदिवासी क्षेत्रों तक पहुँचाने का निरंतर प्रयास हो रहा है। ऐसे युवाओं का यह आयोजन अत्यंत सराहनीय और समाज के हित में है। जीवराखन मरई अध्यक्ष माँ अंगारमोती ट्रस्ट का कहना है कि इस आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि युवक/युवती और उनके परिजनों की स्पॉट काउंसिलिंग तुरंत हो जाती है जिससे निर्णय सरल और प्रभावी बनते हैं। बीरेश ठाकुर कांग्रेस नेता ने कहा कि भौतिक दुनिया तेजी से बदल रही है। लेकिन अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाए रखना ही किसी समाज की पहचान है। गोंड समाज ऐसा करके उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी दी बधाई दी। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़िया क्रांति समाज के अध्यक्ष निखलेश दीवान, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने भी संबोधित किया और इस आयोजन को समाज के भविष्य के लिए प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम में शामिल प्रमुख सदस्य विनोद नागवंशी, अकबर राम कोर्राम, मोहन कोमरे, माधव सिंह ठाकुर, तरुण नेताम, हेमलाल ठाकुर, जयपाल ठाकुर, गेवा राम नेताम, ललित ठाकुर, ईश्वरी नेताम, हेमलता नागवंशी, चन्द्रकला नेताम, राधेश्याम नेताम, एच आर ध्रुव, उदय नेताम, ठाकुर राम नेताम, देवानंद नेताम, नरोत्तम ध्रुव, कुलंजन सिंह मंडावी, कुलेश्वर छैदेया, सजल नाग, ढालू राम ध्रुव, कृष्णा नेताम, रामेश्वर मरकाम, तिजेंद्र कुंजाम, वेदप्रकाश ध्रुव, बंटी मरकाम, नीलू छैदेया, हेमन्त ध्रुव, पार्वती कोर्राम, एवल नेताम, दिग्विजय ध्रुव, इंदल मरकाम, सत्यवान ध्रुव, युवराज मरकाम सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# अल्ट्राटेक रावन में 9वां एमईएमसी वीक 25-26 का आयोजन



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

9 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 25-26 का आयोजन अल्ट्राटेक सीमेंट रावन की गुमा एवं रावन चूना पत्थर खान में किया गया था। इस अवसर पर मनीष जायसवाल डीजीएम सेल, एस के चौधरी एजीएम एनएमडीसी, एस लिप्सामयी डिप्टी मैनेजर सेल के द्वारा प्रथम चरण में रावन एवं गुमा सीएसआर सेंटर का भ्रमण किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया। मुख्य रूप से सीएसआर सेंटर रावन में ड्रेस मेकिंग आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग, प्लम्बर ट्रेनिंग तथा पर्यावरण आधारित रंगोली का अवलोकन किया गया। निरीक्षण दल के सदस्यों ने प्रशिक्षणार्थियों से उनके अनुभव एवं भावी योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा द्वितीय चरण मे रावन-झीपन खान का निरिक्षण किया गया। इस अवसर पर मांइस प्रबंधन से एम सेथिल माईस प्रमुख, रमेश नकुम खान प्रबंधक, कमलेश चंद्राकर मैनेजर जियोलाजी के द्वारा सतत खनन के लिए अपनाई गई तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। साथ ही मांइस के कर्मचारियों के द्वारा पर्यावरण प्रबंधन एवं खनिज संरक्षण पर नाटिका का मंचन किया गया तथा निकटवर्ती ग्राम के छोटे बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।

# क्वीक न्यूज

## मिशन वात्सल्य अंतर्गत रिक्त पदों की भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**गरियाबंद।** मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला गरियाबंद के जिला बाल संरक्षण इकाई में रिक्त (संविदा) पदों परामर्शदाता 01, सामाजिक कार्यकर्ता 01, आउटरीच वर्कर 02 एवं किशोर न्याय बोर्ड में सहायक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर 01 इत्यादि के कुल 05 रिक्त (संविदा) पदों पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा दावा आपत्ति निराकरण सूची तैयार किया गया है। दावा आपत्ति निराकरण सूची पश्चात अंतिम पात्र/अपात्र सूची जारी की गई है। जिसका अवलोकन जिला गरियाबंद के वेबसाईट एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सूचना पटल में किया जा सकता है।

## चाइल्ड हेल्पलाईन यूनिट अंतर्गत रिक्त पदों की भर्ती के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**गरियाबंद।** चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट गरियाबंद में केस वर्कर संविदा पद की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसका जिला स्तरीय स्क्रूटनी समिति द्वारा पात्र/अपात्र सूची जारी किया जा रहा है। जिसका अवलोकन जिला गरियाबंद की वेबसाईट में किया जा सकता है। उक्त संबंध में दावा आपत्ति 19 नवम्बर तक कार्यालयीन समय शाम 5:00 तक जिले की वेबसाईट पर निर्धारित गुगल फार्म ऑनलाईन लिंक के माध्यम से ऑनलाईन दावा आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी।

## प्रेमीबाई भंडारी का निधन



**धमतरी।** धर्मनिष्ठ प्रेमीबाई भंडारी धर्मपत्नी स्व मंगलचंद भंडारी धमतरी निवासी उम्र 80 वर्ष की आयु में शारीरिक अस्वस्थता के चलते 17 नवंबर को सुबह 6 बजे निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा दोपहर 1 बजे निवास स्थान आमापारा सिंधी धर्मशाला के पास से शांति घाट के लिए निकाली गई। आप अशोक भंडारी की माता और ऋषभ भंडारी की दादी थी। ये अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।

# शराब तस्कर की कॉल डिटेल्स, ऑनलाइन पेमेंट खंगालना शुरू, गिरोह का होगा पर्दाफाश

- आबकारी विभाग ने महाराष्ट्र की प्रीमियम शराब पकड़ी, जांच शुरू
- जिले में शराब तस्करों का बड़ा नेटवर्क, होटल-ढाबा से जुड़े तार

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर में नीलगिरी पार्क के पास स्थित मकान से अवैध शराब की बड़ी खेप आबकारी विभाग ने पकड़ी है। आरोपी जितेंद्र साहू को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चार लाख रुपए की प्रीमियम शराब जब्त की गई। ज्यादातर शराब महाराष्ट्र निर्मित है, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आबकारी विभाग तस्करी के पूरे चैनल पर काम करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर आरोपी के मोबाइल कॉल रिकार्ड, ऑनलाइन लेनदेन और शराब के डिलवरी ब्वाय को भी खंगाला जा रहा है। बताया गया कि आरोपी आलीखूंटा निवासी जितेंद्र काफी समय से महाराष्ट्र से शराब लाकर अवैध तरीके से बेचता था। विभागीय टीम को इसकी खबर मिली और देर शाम आबकारी अमले ने रेड कार्रवाई की। अधिकारियों ने बताया कि तकरीबन चार लाख से अधिक की शराब पकड़ी गई है। आरोपी से पूछताछ की गई, उसमें आरोपी ने अकेले ही तस्करी करने की बात कही। लेकिन इस पर काम किया जा रहा है। आरोपी जितेंद्र किन लोगों से बातचीत करता था, किन लोगों से वह रुपयों का लेनदेन किया है। उसकी पूरी जानकारी निकाली जा रही है। माना जा रहा है कि इसमें शराब तस्करी का पूरा गिरोह सामने आएगा।

### कई वाटसएप मैसेज भी डिलिट हुए

आरोपी जितेंद्र पर कार्रवाई के बाद जांच भी शुरू कर दी गई है। अब तक जो सामने आया है, उसके अनुसार जितेंद्र के मोबाइल से कई वाटसएप चैट भी डिलिट हुए हैं, उसे भी रिकवर करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा वह जिन लोगों ने बात करता था, किससे अधिक बातचीत होती थी, इस पर गौर किया जा रहा है। इसके अलावा जिन लोगों से वह शराब की अवैध बिक्री कराने का काम करता था, उसका भी पता लगाया जा रहा है।

### शहर के होटल संचालकों के जुड़ेंगे तार

सूत्रों की मानें तो दूसरे राज्यों से आने वाली अंग्रेजी शराब की बड़े खेप हाइवे के ढाबों में सप्लाई होती है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस मामले के तार भी होटल-ढाबा से जुड़े न हो। मामले की जांच के बाद इस तरह का भी खुलासा हो सकता है, क्योंकि हाइवे केढाबों में अब भी जमकर शराब परोसी जा रही है। उन पर भी शिकंजा कसने की जरूरत है।

### सभी जांच के दायरे में आएंगे



आरोपी के पास से चार लाख से अधिक की शराब जब्त की गई है। कुछ क्लू मिले है, उसके आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जिस तरह की जानकारी सामने आएगी, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी से जो भी संपर्क में होगा, उसे जांच के दायरे में रखा जाएगा।

-अभिषेक तिवारी, जिला आबकारी अधिकारी

# ट्रक में लोड सवा लाख का कार्टून बेचा आरोपी चालक और कबाड़ी गिरफ्तार

## ओडिशा-नागपुर जाने ने निकाला था ट्रक, चालक पर अमानत में खयानत की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बड़ी मात्रा में कार्टून बाक्स लोडकर ओडिशा से ट्रक चालक नागपुर के लिए निकला। लेकिन रास्ते में ही उसकी नीयत बदल गई और उसने पूरे कार्टून को बेच दिया और ट्रक को छोड़कर भाग निकला। जब वाहन समय पर नहीं पहुंचा और खोजबीन की गई तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। इस पर लालबाग पुलिस ने अमानत में खयानत की कार्रवाई कर आरोपी चालक और कार्टून खरीदी करने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मामला भी कायम कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 13 अक्टूबर को ट्रक चालक कमलेश शुक्ला द्वारा उसका कटेनर (एम.एच 20 ईजी. 4295) को ओडिशा से कार्टून बाक्स वजन 7.350 टन भरकर 17 अक्टूबर तक नागपुर के के.बी.बोर्ड लिमिटेड मे पहुंचाना था। गाड़ी मालिक ने ट्रक को राजनांदगांव के जे.एम पेट्रोल पंप के पास खड़ी देखा, जो कि खाली स्थिति में बिना चालक के खड़ा था। आरोपी चालक द्वारा कटेनर में लोड सामान को अन्य जगह बेचकर कंटेनर ट्रक को खड़ी कर भागगया। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई, इसके बाद आरोपी कमलेश शुक्ला को धरसीवा जिला रायपुर से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। उक्त चोरी किए गए कार्टून बाक्स को धरसीवा जिला रायपुर के कबाड़ी दुकान में बेच कर खाली कंटेनर ट्रक को राजनांदगांव के जे.एम. पेट्रोल पंप में खड़ी कर भाग जाना बताया। कबाडी दुकान संचालक अमित सायतोडे को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया, जो कि कमलेश शुक्ला से चोरी किये गये कार्टून बाक्स को खरीदना बताने पर दोनों आरोपी के विरूद्ध अपराध करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल निरूद्ध किया गया।

# धान खरीदी के लिए उपार्जन केन्द्रों के ऑपरेटरों को दी गई ट्रेनिंग



पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान खरीदी के लिए आवश्यक तैयारियां करते हुए धान खरीदी की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के सभाकक्ष में धान खरीदी के लिए धान उपार्जन केन्द्रों के ऑपरेटरों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सभी ऑपरेटरों को बताया गया कि धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता के लिए आधार आधारित बायोमैट्रिक खरीद प्रणाली लागू रहेगी। किसान स्वयं या उनके द्वारा पंजीकृत नामिनी के माध्यम से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण द्वारा धान विक्रय करेंगे। बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण के विफल होने के संभावित स्थितियों के निकराकरण के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में कलेक्टर द्वारा ट्रस्टेड पर्सन रहेंगे। धान उपार्जन हेतु नये एवं पुराने बारदाने का उपयोग होगा। सभी कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को धान खरीदी से संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। धान खरीदी केन्द्रों में बायोमैट्रिक आधार सत्यापन एवं धान खरीदी की एण्ट्री की जाएगी। धान उपार्जन केन्द्रों में धान के बेहतर रख-रखाव, स्टेकिंग, उपार्जन केन्द्रों की संधारण व्यवस्था को सुगम बनाने के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर बीआरसी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं अन्य ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# मेयर एवं कमिश्नर का वार्ड 60 में सुबह-सुबह निरीक्षण, सफाई में लापरवाही पर कड़ी चेतावनी

## नेपाली बस्ती में नागरिकों से सीधा संवाद, समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com





मेयर अलका बाघमार एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 60 का निरीक्षण करते हुए सफाई एवं नाली व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह, निखिल खिचड़िया, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, उपअभियंता पंकज साहू, बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, ईश्वर वर्मा, करण करोसिया, प्रकाश अहीर, गौतम साहू एवं अतिक्रमण टीम मौजूद रही। मेयर ने वार्ड क्षेत्र में नालियों में जमी गंदगी और कचरा देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर ही सफाई गैंग बुलवाकर तुरंत सफाई शुरू करवाने निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा नालियों और सड़कों की नियमित सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मेयर एवं कमिश्नर नेपाली बस्ती, साई नगर और पुष्पक नगर पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर नाली जाम, मरम्मत और जल निकासी से जुड़ी समस्याएं सुनीं। मेयर अलका बाघमार ने कहा– नागरिकों की सुविधा निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शिकायतों का निवारण तुरंत किया जाए। अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के हल के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अंत में मेयर एवं कमिश्नर ने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने और जनसुविधाएं बढ़ाने पर निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण की स्थिति देखने पर मेयर व कमिश्नर ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। नेपाली पारा क्षेत्र में पुलिया के पास किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कातुलबोर्ड रोड किनारे पड़े बिल्डिंग मलबे को हटाने का निर्देश।जुनवानी रोड, पुष्पक नगर दुकान के सामने नाली के पास लगे लोहे के साइन बोर्ड फ्रेम को कटर से काटकर जब्त करने आदेश।

# शासकीय प्राथमिक शाला सांकरा मे एफएलएन मेला का आयोजन, युवा सरपंच रवि सिंगौर ने किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता ᐸ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com

राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार राज्य के सभी प्राथमिक विद्यालयों में आज 14 नवंबर को एफएल एन मेला का आयोजन किया गया। नई शिक्षा नीति के निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एफएल एन मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में भाषा, गणित, अंग्रेजी और बालवाड़ी के स्टाल लगेंगे। स्टाल का संचालन विद्यालय के बच्चे करेंगे और सभी बच्चे स्टाल पर जाकर गतिविधियां करेंगे। सभी प्राथमिक शिक्षकों को लगभग 50 तरह के स्टाल के बारे में आनलाइन प्रशिक्षण भी आयोजित किया जा चुका है। मेला समाप्ति के बाद कमजोर बच्चों का चिन्हांकन कर उपचारात्मक शिक्षण देकर उनका अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। आपको बता दें प्रथामिक शाला सांकरा के कक्षा 1वी से 5 वी बच्चो के दुवारा अलग अलग चित्रकला, अंकगणित, वर्णज्ञान, अन्य कलाओ का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष तुलाराम सिंगौर, कामता सिंगौर, नेहरू तुरकाने, कांता सिंगौर सहित शिक्षकगण मौजूद है।

# सेवा सहकारी समिति सुरपा में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ᐸ पाटन
www.dailypioneer.com

जामगांव आर - सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरपा में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया, जो कि भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग के आतिथ्य में हुआ। विदित हो कि पूरे प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत हो गई है। उसी के तहत सेवा सहकारी समिति सुरपा में धान खरीदी शुरू की गई। भाजपा नेत्री कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने श्रीफल के साथ पूजा कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। पहले दिन 15 किसानों ने धान बेचा और लगभग 752.00 क्विंटल धान का खरीदी गया। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति सुरपा के अध्यक्ष नारद साहू, खेमलाल देशलहरे सभापति जनपद पंचायत पाटन, सेवा सहकारी समिति सुरपा के समिति प्रबंधक मुकेश कुमार अहीर, टी. एल, चंद्राकर शाखा प्रबंधक बेल्हारी, चन्द्रहास साहू, सरपंच सुरपा, कविता साहू सरपंच नवागांव, वरुण नेताम सरपंच टेमरी, छगनलाल साहू उपसरपंच नवागांव, रेवाराम साहू, लीलाधर साहू, लालकुमार साहू, रामअवतार सेन, दाऊराम साहू, प्रमोद जैन, कैलाश साहू, के साथ साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# 25 साल बाद एक साथ मिले कालेज के सहपाठी, पुरानी यादें हुई ताजा

## पाटन कालेज के पूर्व छात्र-छात्राओं ने कहा एक-एक पल याद है



पायनियर संवाददाता ᐸ पाटन
www.dailypioneer.com

कहते है पढ़ाई जीवन हमेशा यादगार और स्वर्णीय होती है। लेकिन जब कालेज की पढ़ाई समाप्त करने के बाद सभी छात्र-छात्राएं अपने जिंदगी में व्यवस्त जो जाते है तो एक दूसरे को याद करना भी मुश्किल हो जाता है। कामकाज और परिवार में इतने उलझ जाते है कि अवसर ही नहीं मिल पाता पुराने दोस्तो से मिलने का यही कारण है कि जब मिलते है तो सभी भावुक हो जाते है। इसी ही दृश्य देखने को मिला सेलूद में। यहां पर एलुमनी कार्यक्रम में पाटन कालेज में 25 साल पहले पढ़ाई किए छात्र छात्राएं एक साथ मिले। साथ में मिलते ही सब अपने कालेज के जमाने की यादें ताजा करने लगे। कोई पढ़ाई की बात करते तो कोई खाने पीने की।

यही नहीं कुछ पूर्व छात्र छात्राएं ऐसे भी मिले जो कालेज छोड़ने के बाद पहली बार आपस में मिले। एक दूसरे के परिवार और बच्चों से भी सभी ने मुलाकात किया। यादें को हमेशा चीर अविस्मरणीय बनाए रखने सभी ने अपने मोबाइल पर इस पल को हमेशा के लिए कैद कर लिया। भोजन के बाद चाय पार्टी के साथ एलुमनी का समापन जल्द ही फिर से दोबारा मिलने के वादों के साथ हुआ। पूरा कार्यक्रम का संचालन बलराम यादव ने किया। इस दौरान कमलेश वर्मा, पोखन साहू, बंटी साहू, राम सिंह ठाकुर, भारती वर्मा, दुर्गा वर्मा, तृप्ति, सीमा वर्मा, लता किरण, सीमा सहपारिवार मौजूद रहे।

## समाज के विकास व हित में करेंगे कार्य : लालेश्वर साहू

# तहसील साहू संघ पाटन के शपथ ग्रहण : जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू नें दिलाई गोपनीयता की शपथ

पायनियर संवाददाता ᐸ अम्लेश्वर
www.dailypioneer.com





तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह साहू सदन (अटारी) पाटन में सम्पन्न हुआ। तहसील साहू संघ पाटन में नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण कायक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की देवी भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना से हुई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छ. ग. शासन, अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि. रामशीला साहू पूर्व मंत्री छ. ग. शासन, कल्पना नारद साहू सभापति जिलापंचायत दुर्ग रहे। इसके पश्चात नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ शपथ दिलाई- नवनिर्वाचित पदाधिकारियों मेला लालेश्वर साहू अध्यक्ष, डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, विमला साहू उपाध्यक्ष (महिला), सुरेन्द्र कुमार साहू संगठन सचिव, भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव (महिला), नें ली शपथ। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छ. ग. शासन ने उपस्थित सामाजिक जनों एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाइयाँ दी एवं समाज के उत्तरोत्तर विकास एवं समाज के उत्थान हेतु कार्य करने एवं समाज में सक्रियता पर बल दिया। नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग ने कहा कि समाज मे हार जीत होते रहता है, इस पर ध्यान न देकर समाजिक भाव सहयोग से सहभागिता देना चाहिए। समाज मे नए कार्य करने वाले युवा, युवती सबको सम्मान मिलना चाहिए, और उन्हें समाज मे कार्य करने का दायित्व मौका मिलना चाहिए चाहे वह चुनाव जीता हो या हारे हो यह मायने नहीं रखता , समाज के प्रति उनकी सेवा, समर्पण, व कार्य करने का जूनून होना चाहिए। मै सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पुनः बधाई व शुभकामनायें देता हू। तहसील साहू संघ पाटन के अध्यक्ष लालेश्वर साहू नें स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान करते हुए सभी को बधाई देते हुए कहा की हम सब एक परिवार है और इस सदन के माध्यम से पुरे तहसील को समाजिक नियमों के अनुसार स्वच्छ व निष्पक्षता पूर्वक संचलित करेंगे।आप सबके स्नेह आशीर्वाद से मै व मेरे पुरे टीम द्वारा सबको साथ मे विश्वास मे लेकर कार्य करेंगे, आप सभी नें हमें सेवा करने का मौका दिया आशीर्वाद दिया उसके लिए आप सभी को धन्यवाद, प्रणाम करता हूं। तहसील साहू संघ के संरक्षक अश्वनी साहू नें सभी कार्यक्रम मे आए अतिथियों सहित परिक्षेत्र व स्थानीय समाज से आये स्वजातीयजनों का आभार व्यक्त किया, मंच का संचालन तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेंद्र साहू नें किया. कायक्रम का समापन सामूहिक रूप से राष्ट्गान क़र पश्चात किया गया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ पाटन के महासचिव महेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष नारद साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू साहू,सहित, बेल्हारी परिक्षेत्र के अध्यक्ष टेसराम साहू, डॉ सुरेश कुमार साहू, गीता साहू, दिलीप साहू, हेमलता साहू सह, गंगादीन साहू, विनोद साहू, अनिल कुमार, रविशंकर साहू, कल्याण साहू, रोहित साहू, डिजेन्द्र कुमार, मधुकांत साहू, योगेश साहू, कोमिन साहू, खेमलता साहू, कालिन्दी साहू, छन्नू लाल साहू, बिहारी लाल साहू, डॉ रामनाथ साहू, डॉ प्यारेलाल साहू, डॉ तामेश साहू, राजेन्द्र साहू, रमेश कुमार साहू, धनेश्वर साहू, गुमान साहू, मुकेश साहू, गैंद सिंग साहू, संजू साहू, छत्रपाल साहू, हितेन्द्र कुमार साहू, अनिल साहू, बीरेन्द्र साहू, शीतल साहू, युगल साहू, आनन्द चंदन, रूपेंद्र साहू, सोनू साहू, जय साहू, मनोहर साहू सहित परिक्षेत्र व स्थानीय पदाधिकारियों सहित वृहद रूप से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। जिससे शपथ कार्यक्रम शपथ समारोह का माहौल उत्साह, सौहार्द और सामाजिक एकता से भरा रहा।

# किरायेदारों के लिए सुनहरा मौका: मोर मकान-मोर आवास योजना के लिए आवेदन शुरू

**दुर्ग ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के मोर मकान-मोर आस घटक के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निवासरत किरायेदारों, स्लम एवं गैर स्लम परिवारों के लिए आवास प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा बताया गया कि योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवास आवंटित किए जाएंगे। निगम ने स्पष्ट किया कि वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन हेतु भूतल के आवास, जबकि सामान्य श्रेणी के आवेदकों को अन्य तलों के आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक हितग्राही कार्यालयीन दिवसों में प्रतिदिन शाम 05:00 बजे तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन नगर निगम दुर्ग के डाटा सेंटर, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, योजना शाखा के प्रधानमंत्री आवास योजना काउंटर में किए जा रहे हैं। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज1.आधार कार्ड की छायाप्रति2.100 रुपए का नगद भुगतान पात्रता संबंधी संपूर्ण दस्तावेज (जैसे निवास प्रमाण, आय प्रमाण, किरायेदारी प्रमाण आदि)आवेदन पत्र को पूर्णतः भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ योजना शाखा में जमा किया जाएगा। उपलब्ध आवास-प्रधानमंत्री आवास - फॉर्चून हायट्स रिक्त आवास : अन्य-1 (अन्य रिक्त आवासों की विस्तृत सूची निगम में उपलब्ध है) पात्रता मानदंड- अगस्त 2015 से पूर्व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में निवासरत होने का प्रमाण (आधार, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड आदि में से कोई भी) भारत में कहीं भी स्वयं का पक्का मकान नहीं होना चाहिए।

## संपादकीय

# राजग की जीत संगठन और प्रबंधन का कमाल

एग्ज़िट पोल बिल्कुल सही थे। बिहार ने प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए को पांच साल और देने का फैसला किया है। जिस बात पर बहस हो सकती है वह जीत पर नहीं, बल्कि उसके अंतर पर है। बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जोरदार जीत हाल के वर्षों में राज्य द्वारा देखे गए सबसे निर्णायक जनादेशों में से एक है। जो बात इस नतीजे को उल्लेखनीय बनाती है वह केवल बहुमत का पैमाना नहीं है, बल्कि वह स्पष्टता है जिसके साथ मतदाताओं ने परिवर्तन के बजाय निरंतरता, ढीले गठबंधनों के बजाय संगठन और स्थानीय मुद्दों के बजाय राष्ट्रीय मुद्दों को चुना।

सत्ता-विरोधी लहर को चुनावी लाभ में बदलने में विपक्ष की असमर्थता से एनडीए की राह आसान हो गई। हालाँकि असंतोष मौजूद था, लेकिन यह बदलाव की मांग में तब्दील नहीं हुआ। मतदाताओं ने केंद्र सरकार के साथ राज्य की राजनीति की स्थिरता और संरेखण को प्राथमिकता दी। इसके अलावा, लंबे समय तक सत्ता में रहने और कई राजनीतिक बदलावों के बावजूद, नीतीश कुमार राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक महान व्यक्ति बने हुए हैं।

एनडीए के अभियान ने रणनीतिक रूप से उन्हें स्थिरता और सुशासन के अग्रदूत के रूप में स्थापित किया, एक टैग जो उन्होंने वर्षों से अर्जित किया है। जबकि सत्ता विरोधी लहर का असर महागठबंधन के पक्ष में होने की उम्मीद थी, एनडीए अनुभव, पूर्वानुमेयता और स्थिर प्रशासन की ओर कहानी को



मोड़ने में कामयाब रहा। यह धारणा एनडीए के पक्ष में संतुलन बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुई। हालाँकि, एनडीए को वास्तव में जो शक्ति मिली, वह उसका व्यापक सामाजिक गठबंधन था। अपने पारंपरिक उच्च जाति और ओबीसी समर्थन से परे, गठबंधन ने आर्थिक रूप से पिछड़ी जातियों (ईबीसी), दलित समुदायों और, गंभीर रूप से, महिला मतदाताओं के बीच महत्वपूर्ण पैठ बनाई। महिलाएं एक मूक लेकिन निर्णायक निर्वाचन क्षेत्र के रूप में उभरीं, जिनके मतदान ने एनडीए का जोरदार समर्थन किया।

गठबंधन की अनुशासित और अत्यधिक समन्वित चुनाव मशीनरी भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। इसने एक केंद्रित, संदेश-संचालित अभियान चलाया जिसने विकास, कल्याण निरंतरता और सामाजिक स्थिरता पर प्रकाश डाला। बूथ स्तर के कार्यकताओं, निर्वाचन क्षेत्र स्तर के आयोजकों और अच्छे नेटवर्क वाले स्थानीय नेताओं ने यह सुनिश्चित किया कि एनडीए का संदेश पूरे राज्य में समान रूप से और प्रभावी ढंग से पहुंचे।

इसके विपरीत, महागठबंधन को इस सामंजस्य से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कई इलाकों में उत्साह पैदा करने और तेजस्वी यादव जैसे ऊर्जावान नेताओं को मैदान में उतारने के बावजूद, विपक्ष भावनाओं को संरचित लामबंदी में बदलने में विफल रहा। आंतरिक विरोधाभासों, असमान जमीनी उपस्थिति और संकीर्ण जाति आधार पर निर्भरता ने इसके प्रयास को कमजोर कर दिया। पारंपरिक मुस्लिम-यादव संयोजन पर निर्भरता ने इसकी पहुंच को और सीमित कर दिया। ईबीसी और गैर-यादव ओबीसी समूहों में विस्तार के प्रयासों से चुनावी अंकगणित में कोई खास बदलाव नहीं आया। प्रमुख साझेदारों, विशेषकर कांग्रेस, के खराब प्रदर्शन के कारण गठबंधन के समग्र संख्याबल में गिरावट आई। जन सुराज पार्टी जैसे नए खिलाड़ियों के प्रवेश ने एनडीए विरोधी वोटों को और अधिक खंडित कर दिया, जिससे बिना किसी क्षतिपूर्ति लाभ के कई निर्वाचन क्षेत्रों में महागठबंधन कमजोर हो गया।

# कृषि आधारित विकास की नई परिकल्पना

**देश में सबसे ऊँचा 400 रुपये प्रति कुंतल का मूल्य तय कर योगी सरकार ने गन्ना अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता और संकट की स्थिति से निकालकर भरोसे और स्थिरता के नए दौर में प्रवेश कराया है। विश्वास, प्रौद्योगिकी और रूपांतरण पर आधारित यह योगी मॉडल भारत की कृषि दिशा को नई परिभाषा देता है।**




दिग्विजय सिंह
सहायक प्रोफेसर,
दयाल सिंह कालेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय


उत्तर प्रदेश में पिछले सात वर्षों में जिस प्रकार गन्ना अर्थव्यवस्था का पुनर्गठन हुआ है, वह केवल एक राज्यीय नीति का परिणाम नहीं बल्कि एक नीतिगत क्रियान्वयन का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत करता है। उत्तर प्रदेश में किसानों के फसल भुगतान, मिलों की कार्यप्रणाली, मूल्य निर्धारण, एथेनॉल आधारित औद्योगीकरण और ग्रामीण-शहरी आर्थिक संबंधों के क्षेत्र में जो स्थायी और सुसंगत प्रगति हुई है, वह यह बताती है कि उत्तर प्रदेश ने केवल एक क्षेत्र को नहीं बदला, बल्कि कृषि आधारित विकास की एक नई परिकल्पना प्रस्तुत की है।

उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की चुनौतियों का व्यापक, आत्मनिर्भर और दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। योगी मॉडल का मूल उद्देश्य राज्यभर के किसानों, विशेषकर गन्ना उत्पादक किसानों के संरचनात्मक उत्थान को सुनिश्चित करना रहा है। शासन का केंद्रीय मूल्य नागरिकों के बीच विश्वास स्थापित करना और उनकी क्षमताओं का सुदृढ़ निर्माण करना है। गन्ने के मूल्य में हुई वृद्धि न केवल किसानों और गन्ना उद्योग के लिए प्रोत्साहन है, बल्कि यह इस तथ्य का सशक्त प्रमाण भी है कि सरकार किसानों की वास्तविक 'अपनी सरकार' बनकर खड़ी है।

### तृतीय-स्तरीय अभियांत्रिकी: खेत-खलिहानों से परे एक दृष्टि

योगी मॉडल का सर्वाधिक प्रगतिशील एवं दूरगामी आयाम 'तृतीय-स्तरीय अभियांत्रिकी' हैं जिसमें अर्ध-नगरीय एवं ग्रामीण परिक्षेत्रों में कृषि-आधारित नवप्रवर्तन, उद्यमिता और तकनीकी परि-संस्थाओं का संगठित विस्तार समाहित है। यह दृष्टि छोटे नगरों के युवाओं और स्थानीय उद्यमियों को एथेनॉल मिश्रण, एग्रो-प्रोसेसिंग, कृषि-यंत्र निर्माण, रखरखाव सेवाओं तथा कृषि-उद्योग के विविध उपक्रमों में नवोन्मेषी संभावनाओं का व्यापक अवसर प्रदान करती है। औद्योगिक विकास के विकेन्द्रीकरण और कौशल-निपुण प्रशिक्षण में लक्षित निवेश के माध्यम से राज्य एक ऐसी भूमि-संलग्न, आत्मनिर्भर और उद्यमशील ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण कर रहा है, जो महानगरीय 'ट्रिकल-डाउन' पर निर्भर नहीं रहती अपितु स्वयं प्रगति की आधारशिला रखती है। मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर और बलरामपुर जैसे जनपदों में कृषि और उद्योग के इस प्रभावी समेकन ने हज़ारों रोजगार सृजित करते हुए ग्रामीण परिदृश्य को नई सक्रियता प्रदान की है। बायो-एनर्जी पार्कों, एथेनॉलक्लस्टरों और कृषि-उन्मुख स्टार्टअप परिसरों को बढ़ावा देने की राज्य सरकार की प्रखर नीति ने ग्रामीण भूगोल को विकास के सशक्त इंजन में परिणत कर दिया है जिससे आत्मनिर्भर भारत की जीवंत अवधारणा को मूर्त रूप प्रदान किया गया है।





**राज्य सरकार के आकलन के अनुसार गन्ने के मूल्य में की गई यह वृद्धि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगभग तीन हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष प्रवाह सुनिश्चित करेगी। चालू पेराई सत्र में किसानों की आय में होने वाली यह अतिरिक्त वृद्धि केवल राजस्व विस्तार का संकेत नहीं देती, बल्कि यह इस तथ्य को पुष्ट करती है कि कृषि क्षेत्र में लक्षित हस्तक्षेप किस प्रकार व्यापक आर्थिक गतिविधि को उत्प्रेरित कर सकता है। यह राशि ग्रामीण बाज़ारों में उपभोग क्षमता बढ़ाने के साथ कृषि निवेश, स्थानीय व्यापार, श्रम मांग और वित्तीय परिसंचरण को भी सुदृढ़ करेगी। परिणामस्वरूप, यह वृद्धि सीमांत और लघु किसानों के लिए राहत के रूप में कार्य करते हुए उनके आजीविका ढांचे को अधिक स्थिर और टिकाऊ बनाने में निर्णायक योगदान देगी। उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य वृद्धि महज़ एक प्रशासनिक घोषणा नहीं, बल्कि शासन की दृढ़ और साफ़ मंशा का प्रकटीकरण है।**

### कृषि नीति और राष्ट्रीय मानक: एक निर्णायक कदम

उत्तर प्रदेश में गन्ने के दाम बढ़ाने का हालिया फैसला सिर्फ एक मूल्य घोषणा नहीं है, यह उस किसान की रीढ़ में लौटी हुई ऊर्जा है जिसकी मेहनत लंबे समय तक बाजार और मिलों के बीच भटकती रही। देश में सबसे ऊँचा 400 रुपये प्रति कुंतल का मूल्य तय कर राज्य सरकार ने गन्ना अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता और संकट की स्थिति से निकालकर भरोसे और स्थिरता के नए दौर में प्रवेश कराया है। बागपत का 27 वर्षीय किसान शिवम इस बदलाव का सबसे सजीव उदाहरण है। कभी लागत और देरी से भुगतान की चिंता में दबे रहने वाले शिवम अब मानते है कि यह बढ़ोतरी खेत में नहीं बल्कि उनके भविष्य में किया गया निवेश है। उनकी फसल अब केवल गन्ना नहीं बल्कि सम्मान,स्थिर आय और नयी संभावनाओं की फसल बन रही है और यही प्रमाण है कि कोई नीति जब जमीन की वास्तविकताओं से जुड़ती है तो केवल अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि जीवन बदल देती है। उत्तर प्रदेश में गन्ने का स्टेट एडवाइज्डप्राइस बढ़ाकर चार सौ रुपये प्रति कुंतल किए जाने का हालिया निर्णय राज्य सरकार की कृषि नीति में एक महत्वपूर्ण और संरचनात्मक हस्तक्षेप के रूप में उभर रहा है। यह मूल्य केंद्र द्वारा निर्धारित 355 रुपये प्रति क्विंटल के फेयर एंड रिम्यूनरेटिवप्राइस से स्पष्ट रूप से अधिक है और महाराष्ट्र जैसे प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्यों की औसत खरीद कीमतों से भी ऊंचा है। इस वृद्धि का प्रत्यक्ष और मापनीय प्रभाव बागपत के युवा किसान शिवम जैसे उत्पादकों पर दिखाई देता है। लगभग दो सौ क्विंटल उत्पादन पर उसे नौ हजार रुपये के आसपास अतिरिक्त आय प्राप्त होती है जिससे उसके मौसमी नकदी प्रवाह में स्थिरता आती है और खेती में पूंजी निवेश की उसकी क्षमता बढ़ती है। राज्य सरकार द्वारा पिछले सात वर्षों में लगभग 2.9 लाख करोड़ रुपये के गन्ना भुगतान किए जाने के साथ यह मूल्य वृद्धि मिलकर एक ऐसा आर्थिक वातावरण तैयार कर रही है जिसमें किसान स्वयं को केवल उत्पादक नहीं बल्कि एक सुरक्षित और विश्वसनीय कृषि ढांचे का सक्रिय भागीदार मानने लगा है।

### राष्ट्रीय भविष्य और समावेशी विकास

राज्य सरकार के आकलन के अनुसार गन्ने के मूल्य में की गई यह वृद्धि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में लगभग 3 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष प्रवाह सुनिश्चित करेगी। चालू पेराई सत्र में किसानों की आय में होने वाली यह अतिरिक्त वृद्धि केवल राजस्व विस्तार का संकेत नहीं देती, बल्कि यह इस तथ्य को पुष्ट करती है कि कृषि क्षेत्र में लक्षित हस्तक्षेप किस प्रकार व्यापक आर्थिक गतिविधि को उत्प्रेरित कर सकता है। यह राशि ग्रामीण बाज़ारों में उपभोग क्षमता बढ़ाने के साथ कृषि निवेश, स्थानीय व्यापार, श्रम मांग और वित्तीय परिसंचरण को भी सुदृढ़ करेगी। परिणामस्वरूप, यह वृद्धि सीमांत और लघु किसानों के लिए राहत के रूप में कार्य करते हुए उनके आजीविका ढांचे को अधिक स्थिर और टिकाऊ बनाने में निर्णायक योगदान देगी। उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्यवृद्धिमहज़ एक प्रशासनिक घोषणा नहीं, बल्कि शासन की दृढ़ और साफ़ मंशा का प्रकटीकरण है। यह उस शासन दृष्टि का संकेत है जिसमें विकास का आकलन केवल सकल घरेलू उत्पाद की गणनाओं से नहीं, बल्कि कृषक समाज की वास्तविक समृद्धि, सम्मान और जीवन गुणवत्ता से किया जाता है। जिस देश में वर्षों तक कृषि संकट ने राजनीतिक विमर्श को संचालित किया है, वहाँ उत्तर प्रदेश का यह दृष्टिकोण एक वैचारिक उत्क्रमण प्रस्तुत करता है।

योगी मॉडल यह सिद्ध करता है कि कृषक समृद्धि, औद्योगिक नवप्रवर्तन और राजकोषीय संतुलन ये तीनों तब सहज रूप से सामंजस्य स्थापित कर सकते हैं जब नेतृत्व में उद्देश्य की स्पष्टता और निर्णय की दृढ़ता हो। भारत जब वैश्विक विनिर्माण और ऊर्जा सामर्थ्य के क्षेत्र में अपना स्थान सुदृढ़ कर रहा है, तब उस स्वप्न की आधारशिला केवल महानगरों की चमक में नहीं, बल्कि समृद्ध ग्राम्य भारत और आत्मविश्वासी किसान में प्रतिष्ठित होगी। उत्तर प्रदेश का गन्ना आधारित विकास यह प्रमाणित करता है कि जब शासन अपनी नीतियों को जमीनी यथार्थ के साथ जोड़ता है, तब परिवर्तन केवल संभव नहीं बल्कि अनिवार्य हो जाता है। इस प्रकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की धरती पर गन्ना केवल मिठास का स्रोत नहीं रहा, बल्कि संभावनाओं, उद्यमशीलता और प्रगति का भी उद्गम बन गया है। विश्वास, प्रौद्योगिकी और रूपांतरण पर आधारित यह योगी मॉडल भारत की कृषि दिशा को नई परिभाषा देता है और यह स्थापित करता है कि राष्ट्रीय नवोदय का मार्ग अंततः किसानों के श्रम, उनकी आशा और उन्नति से ही प्रशस्त होता है।

# नया अमेरिकी बिल: आउटसोर्सिंग पर निशाना

**भारत के आईटी क्षेत्र के लिए बिल की प्रगति की बारीकी से निगरानी करना और एक ऐसी दुनिया के लिए तैयारी करना बुद्धिमानी होगी जहां अमेरिकी आउटसोर्सिंग नीति संरचनात्मक रूप से कम अनुकूल हो सकती है।**




अजय श्रीवास्तव
लेखक, वाणिज्य मंत्रालय में कार्यरत रहे हैं।


5 सितंबर 2025 को अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए एचआई आरई अधिनियम बिल में 25 प्रतिशत उत्पाद शुल्क के माध्यम से आउटसोर्सिंग को दंडित करने और विदेशी सेवा प्रदाताओं को भुगतान के लिए कर कटौती से इनकार करने का प्रावधान है। भारत के 280 बिलियन डॉलर के आईटी, बीपीओ और जीसीसी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए, जो 60 प्रतिशत से अधिक राजस्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है - इससे लागत लाभ में तेजी से कमी आएगी जो ऑफशोर डिलीवरी को रेखांकित करता है। हालांकि यह बिल अभी भी प्रारंभिक विधायी चरण में है, लेकिन यह बिल ऑफशोरिंग के प्रति बढ़ती अमेरिकी शत्रुता का संकेत देता है, और भारत के तकनीकी क्षेत्र को इसकी बारीकी से निगरानी करनी चाहिए।

5 सितंबर 2025 को अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया नया 'हॉल्टिंग इंटरनेशनल रिलोकेशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट (एचआई आरई) एक्ट' बिल, अगर यह कानून बन जाता है, तो यह भारत के आईटी और बीपीओ क्षेत्र के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करेगा।

उद्योग के राजस्व में संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा 60 प्रतिशत से अधिक होने के कारण, इस विधेयक की शुरूआत ने भारत के 280 बिलियन डॉलर के प्रौद्योगिकी सेवा पारिस्थितिकी तंत्र में बेचैनी पैदा कर दी है। अपतटीय डिलीवरी और लागत मध्यस्थता पर बने क्षेत्र के लिए, प्रस्तावित कानून इसके परिचालन मॉडल के केंद्र पर हमला करता है। इस कानून को 2010 के समान नामित हायरिंग इंसेंटिव्स टू रिस्टोर एम्प्लॉयमेंट अधिनियम से अलग करना आवश्यक है, जो अमेरिकी नियोक्ताओं को पेरोल कर छुट्टियों और प्रतिधारण क्रेडिट की पेशकश करने वाला एक वित्तीय-संकट प्रोत्साहन पैकेज था। 2025 किराया अधिनियम पूरी तरह से अलग है, अमेरिकी कंपनियों द्वारा आउटसोर्सिंग को रोकने और काम को वापस तट पर स्थानांतरित करने के लिए तैयार किया गया एक नया, स्टैंडअलोन बिल। सीनेटर बर्नी मोरेनो (आर-ओहियो) द्वारा 5 सितंबर, 2025 को अमेरिकी सीनेट में पेश किया गया यह बिल आक्रामक आउटसोर्सिंग विरोधी प्रावधानों का एक सूट प्रस्तावित करता है। उनमें से सबसे दूरगामी है अमेरिकी कंपनियों द्वारा श्रम या सेवाओं के लिए किसी भी विदेशी व्यक्ति को किए जाने वाले भुगतान पर 25 प्रतिशत उत्पाद कर, जो अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाता है, भले ही सेवाएं पूरी तरह से विदेश में की गई हों।



समानांतर में, विधेयक ऐसे भुगतानों के लिए कर कटौती से इनकार करने का प्रयास करता है, जिससे भारत जैसे देशों से काम की सोर्सिंग की शुद्ध लागत में नाटकीय रूप से वृद्धि होती है। यह बढ़ी हुई रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को भी पेश करता है, जिससे कंपनियों को सभी आउटसोर्सिंग भुगतान का खुलासा करने के लिए मजबूर किया जाता है और गैर-अनुपालन के लिए उन्हें महत्वपूर्ण दंड का सामना करना पड़ता है। यदि अधिनियमित किया जाता है, तो ये उपाय 31 दिसंबर 2025 को या उसके बाद किए गए सभी प्रासंगिक भुगतानों पर लागू होंगे, जो प्रभावी रूप से 1 जनवरी, 2026 से शुरू होंगे। भारत के लिए, निहितार्थ स्पष्ट हैं। कटौती की हानि के साथ संयुक्त 25 प्रतिशत कर अधिभार अमेरिकी कंपनियों के लिए ऑफशोर डिलीवरी को सार्थक रूप से अधिक महंगा बना सकता है, जिससे कुछ को अनुबंधों पर फिर से बातचीत करने, ऑनशोर या निकट-तटीय केंद्रों की ओर डिलीवरी को पुनसंर्तुलित करने, या नए आउटसोर्सिंग की गति को धीमा करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। एप्लिकेशन रखरखाव, ग्राहक सहायता और बैक-ऑफि स प्रोसेसिंग जैसे उच्च-मात्रा वाले कार्य विशेष रूप से असुरक्षित हैं। यहां तक कि जीसीसी-कैप्टिव केंद्र जो अमेरिकी मूल कंपनियों की सेवा करते हैं- को भी आश्रय नहीं दिया जा सकता है, क्योंकि प्रस्तावित कर आंतरिक लागत आवंटन सहित अमेरिकी उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने वाले किसी भी भुगतान पर लागू होता है।

भारतीय कंपनियों को ऑन-साइट अमेरिकी स्टाफिंग का विस्तार करने, मार्जिन संपीड़न को स्वीकार करने, या उच्च-मूल्य वाले डिजिटल, एआई, साइबर सुरक्षा और परामर्श सेवाओं की ओर तेजी लाने के दबाव का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच, अनिश्चितता ऐसे समय में नए जीसीसी निवेश को धीमा कर सकती है जब भारत ऐसे केंद्रों के लिए एक वैश्विक केंद्र बन गया है।

उन्होंने कहा, बिल शुरूआती चरण में है। इसे केवल पेश किया गया है, समिति के रेफरल, सुनवाई या सह-प्रायोजकों के बिना, और इसका पारित होना सुनिश्चित नहीं है। अमेरिकी प्रौद्योगिकी और सेवा कंपनियां अपनी परिचालन लागत बढ़ाने वाले उपायों के खिलाफ आक्रामक रूप से पैरवी कर सकती हैं।

फिर भी, राजनीतिक संकेत असंदिग्ध है: वाशिंगटन ऑफशोरिंग के अर्थशास्त्र की फिर से जांच कर रहा है। भारत के आईटी क्षेत्र के लिए बिल की प्रगति की बारीकी से निगरानी करना और एक ऐसी दुनिया के लिए तैयारी करना बुद्धिमानी होगी जहां अमेरिकी आउटसोर्सिंग नीति संरचनात्मक रूप से कम अनुकूल हो सकती है।

## आप की बात

### पुनर्जन्म पर बनी कहानियां

विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद से लेकर वेद, दर्शनशास्त्र, पुराण, गीता, योग आदि ग्रंथों में पुनर्जन्म की मान्यता का प्रतिपादन किया गया है। इस सिद्धांत के अनुसार शरीर का मृत्यु ही जीवन का अंत नहीं हैपरंतु जन्म जन्मांतर की श्रृंखला है। पुराण आदि में भी जन्म और पुनर्जन्मों का उल्लेख है जीवात्मा पुनर्जन्म लेती है ।जीवात्मा को कर्मों के आधार पर जन्म मिलता है। जीवात्मा के सूक्ष्म शरीर के साथ उसके धर्म, कर्म व ज्ञान साथ रहते हैं। शरीर छोड़ते समय मन में जो अधूरी कामना रह जाती है तब वह वर्तमान जन्म में उसकी पूर्ति के लिये जन्म लेता है। कई उदाहरण सुनने,देखने में आए है छोटे बच्चों को उनकी पूर्वजन्म की कहानी याद रहती है और वे उस स्थान पर भी ले जाकर उनको पहचाना है धीरे -धीरे बड़े होने पर स्मृति से पूर्वजन्म की कहानी मिटने लगती हैं हिंदू धर्म में दाहसंस्कार में कपाल क्रिया यानि मस्तिष्क की मेमोरी नष्ट करना रहा होगोकिंतु कुछ वैज्ञानिक उन्हें पूर्व जन्म का अर्जित ज्ञान नहीं मानते। उनका कहना है कि मस्तिष्क में एक प्रकार का रसायन प्रोटोजोआ नाम का होता है जिसमें मस्तिष्क का एक विशेष भाग सक्रिय हो जाता है, और पुनर्जन्म की याददास्त के रूप में सामने आता है पुनर्जन्म पर कई फिल्में भी बनी है खैर पुनर्जन्म का आधार मैमोरी पर भी कुछ समय टिका रहता का सवाल हमेशा बना रहेंगे।

**- संजय वर्मा**, मनावर, धार, मप्र

### महागठबंधन के वादे

महागठबंधन के वादे भले ही आकर्षक लग रहे थे—महिलाओं को 30,000 रुपये सालाना और हर घर से एक सरकारी नौकरी—लेकिन जनता ने इन्हें व्यवहारिक नहीं माना। मतदाताओं को समझ आ गया कि इन योजनाओं को लागू करना संभव नहीं है। इसके मुकाबले राजग ने महिलाओं को 10,000 रुपये देने का वादा ही नहीं किया, बल्कि उसका क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया था, जिससे विश्वसनीयता और मजबूत हुई। राजनीति में भरोसा सबसे बड़ी पूंजी होता है और बिहार की जनता ने इस बार वादे से अधिक उसे पूरा करने की क्षमता पर भरोसा किया। यही कारण रहा कि डबल इंजन की सरकार का नारा मतदाताओं को अधिक वास्तविक और भरोसेमंद लगा। इस चुनाव ने यह भी साबित कर दिया कि भाजपा, जदयू के लिए महज सहयोगी नहीं रही, बल्कि उसकी सबसे मजबूत अवस्था का आधार बनी। भाजपा की संगठन क्षमता, बूथ प्रबंधन और लगातार चलने वाला फील्ड वर्क इस चुनाव की निर्णायक कुंजी थी। अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद और विधायक तक दिन-रात बिहार में सक्रिय रहे। उन्होंने घर-घर पहुंचकर माहौल बनाया और जमीनी स्तर पर समर्थन को मजबूत किया। यह वह बारीक मेहनत थी, जिसे महागठबंधन दोहरा ही नहीं सका। सबसे बड़ा प्रभाव महिलाओं तक सीधा लाभ पहुंचाने वाली योजना का रहा।

**- विभुक्ति बुपक्या**, विधि छात्रा, दिल्ली विश्वविद्यालय

### मध्य प्रदेश एक नए रूप में

कभी बीमारू कहा जाने वाला मध्य प्रदेश आज बदलाव की मिसाल बन गया है। (डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री ऍंड इंटरनल ट्रेड) की 2024 (बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान) रैंकिंग में 90प्रतिशत से अधिक स्कोर के साथ राज्य टॉप अचीवर बना है। बिजनेस एंट्री, लेबर, लैंड और सर्विसेज में व्यापक सुधार कर सरकार ने प्रक्रियाएँ सरल कीं और निवेशकों के लिए सचमुच रेड कार्पेट बिछाया। 30 दिन में भूमि आवंटन और 15 दिन में श्रम अनुमति, राज्य के तेज और पारदर्शी प्रशासन की नई पहचान बन चुके हैं। इन सुधारों का प्रभाव उल्लेखनीय रहा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य को 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले, जबकि यूएई और स्पेन से 11,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष निवेश प्राप्त हुआ। इससे 20 लाख से अधिक रोजगार अवसरों का मार्ग खुला। जन विश्वास एक्ट द्वारा 1,500 से अधिक पुराने कानून समाप्त किए गए, और मेक इन एमपी ने टेक्सटाइल, एआई तथा एमएसएमई क्षेत्रों को नई गति प्रदान की। इन सुधारों ने मध्य प्रदेश की औद्योगिक विकास दर को 8.5% से ऊपर पहुँचाया और जीडीपी में उद्योग का हिस्सा 15% से अधिक कर दिया। 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष घोषित कर राज्य ने साबित किया कि विकास का असली इंजन सुधार हैं—और उसे सबसे तेज गति देने वाला ड्राइवर है मध्य प्रदेश।

**- आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### बिहार चुनाव परिणाम

बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता ने एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत देकर सरकार बनाने का जनादेश प्रदान किया है, जिसमें भाजपा और जनता दल यूनाइटेड दोनों प्रमुख भूमिका में हैं, साथ ही चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास भी गठबंधन का हिस्सा बनकर उभरी है। लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री पद को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जहां एक तरफ भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय नेतृत्व इस पद पर दावा ठोक रहे हैं, क्योंकि उनकी पार्टी ने सबसे अधिक सीटें हासिल की हैं और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत स्थिति है, वहीं दूसरी तरफ जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार, जो पिछले कई कार्यकालों से बिहार की कमान संभाल चुके हैं, फिर से मुख्यमंत्री बनने के प्रबल दावेदार हैं, उनकी अनुभवी प्रशासनिक कुशलता और गठबंधन की स्थिरता को बनाए रखने की क्षमता को देखते हुए। इस बीच, बिहार के युवा वर्ग और सामाजिक न्याय की आवाज के रूप में उभरे चिराग पासवान का नाम भी जोर-शोर से चर्चा में है, खासकर इसलिए कि उन्होंने चुनाव में अपनी पार्टी को मजबूत प्रदर्शन दिलाया और दलित समुदाय सहित युवाओं में लोकप्रियता हासिल की है।

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

# उपमुख्यमंत्री साव ने मंडल अध्यक्ष के निवास में संगठन की टीम के साथ बिताए डेढ़ घंटे, दी करोड़ों की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव बालोद जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत डौंडीलोहारा में अमृत मिशन 2.0 का भूमिपूजन और अटल चौक का लोकार्पण करते हुए करोड़ों की सौगात दी, तो वही कार्यक्रम के बाद वे स्थानीय भाजपा मंडल के अध्यक्ष कुसुम शर्मा के निवास में पूरी टीम के साथ पहुंचे। जहां उन्होंने करीब डेढ़ घंटे समय बिताया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन सहित अन्य दिग्गज नेता मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्र से आए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और पंचायत के लोगों से मुलाकात की और उनकी मांगों से संबंधित आवेदन भी लिया। गांव की छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान को लेकर उन्होंने आश्वासन भी दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के कार्यों और नेतृत्व की सराहना की। डौंडीलोहारा में उनका आगमन सौगातो भरा रहा। उन्होंने 3 करोड़ 30 लाख रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति नगर पंचायत को दी है। जिसमें से 30 लाख रुपए का श्मशान घाट का काम होना है। 3 करोड़ अन्य विकास कार्यों में खर्च होने हैं। तो वही उपमुख्यमंत्री ने सभी के समक्ष कहा कि मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम अगर बोलेंगे तो उनकी अनुशंसा पर अन्य कार्यों की भी जल्द स्वीकृति दे देंगे। जिस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने उप मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया।





### महामंत्री जैन ने रखी मंत्री के सामने बात, मिलती गई तत्काल दुगुनी स्वीकृति

इस आगमन और मुलाकात के दौरान प्रदेश भाजपा के महामंत्री यशवंत जैन की विशेष भूमिका रही। उन्होंने उपमुख्यमंत्री के समक्ष डौंडीलोहारा क्षेत्र की समस्याओं और विभिन्न जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आए हुए मांगों को मंत्री के समक्ष एक एक कर रखा। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने तत्काल मांगों पर दुगनी स्वीकृति देती दे दी और कहा कि आगे जो भी विकास कार्य करने हो उनसे भी हमें अवगत कराए। इस स्वीकृति पर भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से प्रदेश भाजपा महामंत्री और बालोद के दिग्गज नेता यशवंत जैन का आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनके प्रयास से उपमुख्यमंत्री ने हमारी लंबित समस्याओं का चुटकी में समाधान कर दिया और विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। सहजता के साथ कार्यकर्ताओं और नेताओं ने प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री से मुलाकात भी किया।


### क्षेत्र की सड़कों की मांगों को लेकर दिया आवेदन

उप मुख्यमंत्री के भाजपा मंडल अध्यक्ष के निवास आगमन के दौरान महिलाओं की अधिकतम भीड़ देखने को मिली। जिस पर उपमुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए कहा कि यहां मंडल अध्यक्ष की सक्रियता इस कारण महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। मुलाकात के दौरान विभिन्न गांव से आए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपने क्षेत्र की सड़कों की मांगों को लेकर आवेदन दिया गया। जिस पर भी उपमुख्यमंत्री ने तत्काल स्वीकृति दी। उप मुख्यमंत्री के आगमन पर जिला आयुक्त स्काउट गाइड राकेश यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा दीवान, जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, होरी लाल रावटे, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेद सिंह टेकाम मंडल, अध्यक्ष कुसुम शर्मा, कांति सोनबरसा, विवेक वैष्णव, मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता,मंडल महामंत्री सोमेन्द्र देशमुख, दुष्यंत गिरी, गैंद मल भंसाली, जसराज शर्मा, जयलाल मालेकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, पार्षद ममता यादव, ममता शर्मा, मनीष झा, दिलीप बाफना, संदीप भंसाली, सुभद्रा ताडेकर, रेवती कोलहारी, सूर्यकला ठाकूर, उतरा धरेन्द, शिव कुमार धरमगुडे, महेन्द्र जायसवाल, मंडल कोषाध्यक्ष मोहन निषाद, डोमेन्द झानू राजपूत, धर्मेन्द्र निषाद, महावीर तातेड़,, लीलेन्द सिन्हा, जीवराखन कौमार्य, प्रभा नायक, पूनम जैन,, प्यारे लाल निषाद, धिरेन्द्र टांक, हिरेन्द्र गायकवाड, उत्तम मालेकर, तुकाराम साहू, निरंजन पटौदी, पन्नो साहू प्रीतम साहू, बलदाऊ से, मनोज भंडारी, जयेश जैन, डोमेन्द देशमुख, दीपक थानवी, रंजत भंसाली, आरती सचेती, भगवात साहू, सुरेश साहू, हिम्मत देशमुख, भूषण साहू, अनिल पटेल, रतन भुषाले, भुवन यादव, सुरेश देशमुख, सुरेश केशरवानी, हेमलाल देशलहारा, टुमन साहू, अजय बाफना, राहुल साखला, तीरथ यादव, थानेश्वर यादव, राजू सिन्हा, नारायण सिन्हा, मनीष राजपूत, मुकेश राजपूत, शिवनारायण सिन्हा, गौकरण सिन्हा, मदन ठाकुर, निखिल, लोकेश दुबे, रेमन, अटल, दानी राम साहू आदि मौजूद रहे।

# धान खरीदी में बाधा उत्पन्न करने एवं हड़ताल पर जाने के लिए कारण 23 कर्मचारियों को हटाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चल रही धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, धान खरीदी जैसे अत्यावश्यक कार्य में बाधा उत्पन्न करने और हड़ताल पर जाने के बाद भी कार्यस्थल पर वापस नहीं लौटने वाले सेवा सहकारी समिति कर्मचारियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की गई है। जिले की सेवा सहकारी समिति कंतेली, बीजाभाट, जिया, कुसमी, मोहतरा और लोलेसरा के प्राधिकृत (अध्यक्ष) द्वारा कुल 23 कर्मचारियों को उनकी सेवाओं से पृथक करने के आदेश जारी किए गए हैं। समितियों द्वारा भेजी गई सूचनाओं के अनुसार, जिन कर्मचारियों को सेवा से हटाया गया है, उनमें जैसे कतेली समिति लल्लूराम वर्मा सहायक प्रबंधक, लोलेसरा समिति सहायक प्रबंधक संतोष कुमार चौहान, मोहतरा समिति के सहायक प्रबंधक कोमल पांडे, कुसमी समिति के सहायक प्रबंधक सत्यनारायण साहू, बीजाभाट समिति के सहायक



प्रबंधक उमाकांत मिश्रा, जिया समिति के सहायक लिपिक अश्वनी मरकंडे एवं डाटाएंन्टी संदीप चतुर्वेदी के अलावा शिव मिर्झा कंप्यूटर आपरेटर बीजाभाठ सोसायटी, गोपाल मिर्झा कंप्यूटर आपरेटर बीजाभाठ, जितेन्द्र साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ,आकाश साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ, खेमराज साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ, संजू सिन्हा चौकीदार बीजाभाठ, गितेश साहु दैनिक कर्मचारी बीजाभाठ, खेम चंद बांधे सहायक लिपिक/ कंप्यूटर आपरेटर जिया, राहुल कांठले दैनिक कर्मचारी जिया, देवेंद्र सोन केवरे दैनिक कर्मचारी जिया, इतवारी वर्मा चौकीदार जिया, नरेश साहु डाटा एंट्री कुसमी सोसायटी, दीनू साहु डाटा एंट्री ऑपरेटर कुसमी, रामेश्वर चौहान लिपिक कुसमी सोसायटी, रविशंकर टंडन भृत्य कुसमी सोसायटी, दूज राम साहू भृत्य कुसमी सोसायटी, संदीप चतुर्वेदी डाटा एंट्री ऑपरेटर जिया सोसायटी का नाम शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों द्वारा शासन की चेतावनी तथा एस्मा लागू किए जाने के बावजूद ड्यूटी पर उपस्थित न होने और धान खरीदी कार्य में बाधा उत्पन्न करने को गंभीर लापरवाही माना गया। समितियों के प्राधिकृत अध्यक्षों ने नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर इन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया है। संबंधित आदेशों की प्रतियां कार्यालय को प्राप्त हो चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर, जो कर्मचारी हड़ताल छोड़कर पुनः कार्य पर लौट रहे हैं, उनकी जानकारी भी समितियों द्वारा सहकारिता विभाग को भेजी जा रही है, ताकि धान खरीदी व्यवस्था पूरी तरह सुचारू और निर्विघ्न बनी रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति या बाधा पर आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवीन केंद्र में धान खरीदी शुरू नही, अड़जाल और खलारी के किसान परेशान, केंद्र शुरू नही होने पर धान नही बेचने और हड़ताल की दी चेतावनी



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में धान खरीदी की शुरुआत तो हो गई है, लेकिन नवीन समितियों में खरीदी अब तक शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। डौंडी ब्लॉक के खलारी और अड़जाल के किसान धान बेचने में हो रही समस्या को लेकर कलेक्ट्रेट पहुचे, जहां उन्होंने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और मांगें पूरी नहीं होने पर धान नही बेचने तथा हड़ताल की चेतावनी दी। डौंडी ब्लॉक के खलारी और अड़जाल गांवों में वर्ष 2025-26 के लिए नया धान खरीदी केंद्र विधिवत रूप से चयनित किया गया हैं। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार आज तक खलारी में धान खरीदी शुरू नहीं की गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि धान उत्पादन ही उनकी मुख्य आजीविका है, और खरीदी में देरी से किसानों पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिससे गांव के कृषकों में अत्यंत असंतोष एवं चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

### चंदा इकट्ठा कर खोला गया आफिस : किसान

खलारी के किसान मोती राम ने बताया कि धान खरीदी केंद्र के लिए जमीन को समतल कर मैदान बनाए है, बांस-बल्ली लगाए हैं। पूरे मैदान को साफ किये, जनभागीदारी से एक एक पैसा एकत्रित कर चंदा इकट्ठा कर केंद्र के लिए आफिस बनाये है। और नए केंद्र में कोई अधिकारी नही पहुचा हैं। अड़जाल के किसान तोमेश्वर प्रसाद लाटिया ने बताया कि कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौखिक व लिखित रूप से निवेदन किया गया हैं। लेकिन अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ग्राम पंचायत खलारी ने निर्णय लिया है कि यदि 24 नवंबर तक धान खरीदी शुरू नहीं होती, तो पूरे ग्रामवासी सामूहिक रूप से शांतिपूर्ण हड़ताल करेंगे।

### सामूहिक हड़ताल के लिए होंगे मज़बूर

पूर्व मंत्री एवं डौंडीलोहारा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने कहा कि सरकार किसानों ने विषय मे शुरू से ही असंवेदनशील रही है, पहले किसानों को खाद के लिए तरसाया। अब जब किसान धान मेहनत कर के तैयार किये है, पिछले बार इनके ही शासन प्रशासन के नुमाइंदे जाकर खलारी के ग्रामीणों को बोले थे कि यहां नवीन खरीदी केंद्र खोलने स्वीकृत हो गया है, पूरे गांव के लोग मिलकर अपना अंशदान लगाकर वहां खरीदी केंद्र के लिए खर्च भी कर चुके है। जबकि आज ग्रामीणों को पता चल रहा है कि यहां धान खरीदी शुरू नही होगा। बड़ा दुखद विषय है किसानों के लिए। अगर खलारी में धान खरीदी खेंद्र चालू नही होगा तो यहां के किसान सरकार को धान नही बेचेंगे, और शासन के सभी योजनाओं का बहिष्कार करेंगे। बता दे की खलारी और अड़जाल के किसान अब प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ग्रामीणों का कहना है कि यदि तय समय सीमा तक व्यवस्था नहीं बनी, तो वे सामूहिक हड़ताल के लिए मजबूर होंगे।

ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है, इस सम्बंध में शासन को भी प्रस्ताव भेजा गया था, किसी कारणवश स्वीकृति नही मिल पाई है, इस सम्बंध में चर्चा की जाएगी, जैसे ही स्वीकृति प्राप्त होती है, हम वहां केंद्र खोलने की व्यवस्था करेंगे।

**अजय किशोर लकड़ा,**
**अपर कलेक्टर, बालोद**

# सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्ष को बिना कोई कारण से पद से हटाया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा।
www.dailypioneer.com

सहकारिता विभाग, बेमेतरा के अधीन सेवा सहकारी समिति मर्यादित, सरदा के प्राधिकृत अध्यक्ष लखन लाल साहू को बिना किसी पूर्व सूचना या जांच के अचानक पद से हटाए जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उप पंजीयक सहकारिता कार्यालय में पहुंचकर कड़ा विरोध दर्ज कराया। बताया गया कि विभाग द्वारा आदेश में अध्यक्ष को हटाने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसके विरोध में भाजपा कार्यकर्ता तथा कई समितियों के अध्यक्ष कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से जानकारी मांगनी चाही, किंतु उपस्थित किसी भी अधिकारी ने बातचीत के लिए सामने आने या स्पष्टीकरण देने से इनकार



कर दिया। इस व्यवहार से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यालय परिसर में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

### निर्दोष पर कार्रवाई का आरोप, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उठाए सवाल

भाजपा पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लखन लाल साहू के विरुद्ध बिना किसी स्पष्ट जांच और बिना नोटिस दिए कार्रवाई की गई है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और सहकारिता नियमों के विरुद्ध है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह कार्रवाई भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सम्मान पर सीधा आघात है। इस संबंध में भाजपा नेता योगेश वर्मा ने कहा कि लखन लाल साहू, जो सरदा समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष हैं, उन्हें सहकारिता विभाग द्वारा बिना कोई नोटिस जारी किए अचानक पद से हटाने की जानकारी दी गई। यह जानकारी उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी गई, जो प्रक्रिया अनुसार बिल्कुल सही नहीं है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और कई समिति अध्यक्ष यह जानने उप पंजीयक सहकारिता कार्यालय पहुंचे थे कि आखिर किस आधार पर शासन द्वारा मनोनीत सदस्य को पद से हटाया गया है। लेकिन न तो अधिकारी कार्यालय में मिले, न ही फोन पर बात करने को तैयार हुए। यह रवैया न केवल अयोग्य है बल्कि मनोनीत सदस्य के सम्मान का अपमान भी है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में तुरंत स्पष्टता दी जाए और बिना जांच की गई कार्रवाई को वापस लिया जाए। भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि यदि विभाग इस अनुचित कार्रवाई को वापस नहीं लेता तथा स्पष्ट कारण नहीं बताता, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के लिए टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 पर कॉल कर ले नि :शुल्क सेवा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने एवं ज़रूरतमंदों को सहज सहायता उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेलीमानस हेल्पलाइन नंबर 14416 का जारी किया गया है, जिनका वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे हितग्राहियों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। यह हेल्पलाइन निःशुल्क, गोपनीय एवं 24×7 दिन उपलब्ध है। आज के समय में अनिद्रा, अकेलापन, चिंता, अवसाद, परीक्षा का तनाव, नशे की आदत जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हें नज़र अंदाज़ करना गंभीर परिणाम ला सकता है। ऐसे में टेलीमानस सेवा के माध्यम से व्यक्ति प्रशिक्षित काउंसलर, मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक से सीधे बात कर सकते हैं। टेलीमानस 14416 हेल्पलाइन पर कॉल कर आम नागरिक बिना किसी झिझक के विशेषज्ञों से परामर्श ले सकते हैं। यह सेवा विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं नशामुक्ति की चाह रखने वाले व्यक्तियों के



लिए अत्यंत उपयोगी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू ने आमजन से अपील की है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संकोच न करें और किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी की स्थिति में टेलीमानस 14416 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करें। साथ ही इस जानकारी को अपने परिवार, मित्रों और समुदाय के लोगों तक पहुंचाएं। स्वस्थ मन, सुखी जीवन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पंचकुंडीय महायज्ञ का दूसरे वर्ष का आयोजन 6 दिसंबर से, तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



दिसंबर 7 से 15 की तैयारी के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई जिसमें संदेश स्वरूप स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा है कि यह आयोजन पूरे बेमेतरा की जनता की लोककल्याण सुख शांति समृद्धि के लिए पावन पंचकुंडीय महायज्ञ और श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तजन आयोजन में शामिल होकर तन मन धन से स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करेंगे। हमारा उददेश्य है कि प्रत्येक घर से चाहे एक मुट्ठी चावल, घी, जौ, तिल या अन्य वस्तु जो भी हो प्रत्येक की आहुति यज्ञ में पहुंचे। रुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण का आयोजन स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती द्वारा किया जाना है। जिसके संबंध में कालेज कैंटीन कुणाल रेस्टोरेंट में बैठक बुलाई गई जिसमें आयोजन से संबंधित पुरुष और महिला सदस्य उपस्थित रहे। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि बैठक में टेंट लाइट यज्ञ स्थल निर्माण पर चर्चा की गई। साथ ही नगर में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा जिसके लिए प्रचार सामग्री तैयार करने पर निर्णय लिया गया। बैठक में 6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक धार्मिक अनुष्ठान एवं शिव महापुराण की कथा का मंचीय आयोजन बेमेतरा हृदय स्थल मंडी प्रांगण में ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के द्वारा सुनाई जाएगी जिसके लिए सभी सदस्य अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। यज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण के लिए भूमि स्थान मंडी प्रांगण को तय किया गया है भूमि पूजन 20 नवंबर को 02बजे किया जाना है जिसके लिए नगर की जनता एवं आसपास परिक्षेत्र के श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित होंगे। इस पर पूरे जोर शोर के साथ आयोजन समिति अपनी जिम्मेदारी पूर्ण सहभागिता के साथ निभाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से सुमित चौबे शत्रुहन साहू लेखमणि पाण्डेय जितेंद्र शुक्ला हीरालाल साहू महेंद्र गुप्ता रोशन दत्ता दीपक पांडे हितेंद्र साहू प्रह्लाद मिश्रा शरद तिवारी राजकुमार शर्मा जय पाण्डेय दुष्यंत तिवारी ममता साहू कमला साहू सीमा साहू मीनू पटेल उमेश्वरी साहू सहित भारी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# नुक्कड़ नाटक व प्रहसनों से ग्रामीण हुए जागरूक, आतरगांव में 7 दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

### विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों को नशामुक्ति का संदेश

नगर के एकमात्र शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिये प्रभारी (बालिका इकाई) डॉ.आशाराम साहू प्रभारी (बालक) के संयोजन में 7 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। 7 से 13 नवंबर तक आयोजित शिविर में रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा हिस्सा लेकर ग्राम पंचायत आतरगांव के ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिविर के उदघाटन सत्र में पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम, महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक डॉ. चेतन साहू तथा ग्राम पंचायत सरपंच खुशबू डामन साहू, ग्राम पटेल व ग्राम अध्यक्ष शामिल हुए। पूर्व प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने रासेयो शिविर के महत्व को रेखांकित किया। शिविर संचालन हेतु शिविर नायक देवनारायण माली (बालक इकाई) डोमेश्वरी साहू शिविर नायिका (बालिका इकाई) चयनित कर दल गठन कर विभिन्न समितियों का दायित्व स्वयंसेवकों को सौंपा गया था। परियोजना कार्य के तहत स्वयंसेवकों द्वारा दीवार पर नारा लेखन किया गया साथ ही रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता, नशामुक्ति, नारी प्रताड़ना,




मतदाता जागरूकता, साइबर क्राइम पर जागरुक करने का प्रयास किया गया। लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। गांव में जल निकासी हेतु नाली का निर्माण भी किया गया। प्रतिदिन रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वयंसेवकों एवं स्थानीय बच्चों द्वारा जीवंत प्रस्तुति के माध्यम से ग्रामीणों को मनोरंजन के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया गया। शिविर में 08 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा में सुशील गजभिए, वित्त अधिकारी कामधेनु विश्व विद्यालय अंजोरा दुर्ग, महाविद्यालय डोंगरगांव से सहायक प्राध्यापक बी महोबिया, शिवनाथ देवांगन भी शामिल हुए। अपनी देशभक्ति और छत्तीसगढ़ी कविताओं के माध्यम से स्वयंसेवकों में ऊर्जा का संचार किया। 09 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा में होरीलाल साहू सीईओ जपं छुरिया, गौतम कुमार नेताम ग्रंथपाल डोंगरगांव महाविद्यालय शामिल हुए। 10 नवंबर को डोंगरगांव कालेज से चंचल स्टेला कुजुर व मन्नूलाल नायक ने भी विभिन्न विषयों पर विचार रखे। 11 नवंबर को प्रातः समस्त स्वयंसेवकों को स्थानीय आस्था के केंद्र पहाड़ी गढ़माता मंदिर के दर्शन पश्चात प्राकृतिक मनोरम दृश्य के बीच योग एवं प्राणायाम कराया गया। 12 नवंबर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी डॉ वीरेंद्र साहू ने विभिन्न विषयों पर स्वयंसेवकों के जिज्ञासा का समाधान किया। सहायक प्राध्यापक डॉ सीके साहू द्वारा नशा मुक्ति पर अपने विचार रखते हुए नशा उन्मूलन से संबंधित पॉकेट बुक्स का वितरण किया। सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन योगेश पटेल जनभागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय डोंगरगांव, ग्राम सरपंच खुशबू डामन साहू के आतिथ्य में तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके धमगाये की अध्यक्षता में हुआ। महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्यों में गोविंदा राजपूत, नवनीत अहीर, आशीष कामदे, गौरव यदु भी शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी (छात्रा इकाई) प्रो.प्रियांकी गजभिए ने शिविर की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की। शिविर में विशेष सहयोग के लिए महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक संध्या मेश्राम, सारिका टंडन, काजल राजपूत, कमलेश साहू, जितेंद्र साहू, नारायण साहू का भी आभार व्यक्त किया गया। स्वयंसेवकों प्रशांत कुमार व हसीना साहू को डायरी एवं पेन से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में स्वयं सेवक यशवंत कुमार नायक, दानेश्वर साहू, सत्यम वैष्णव को भी सम्मानित किया गया।

# अनियमितता बरतने पर 5 उचित मूल्य दुकान संचालक को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अनियमितता बरतने पर 5 उचित मूल्य दुकान संचालक को एसडीएम द्वारा नोटिस जारी किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया में संचालित मऊ की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009060), इसी प्रकार ग्राम पंचायत मोहरेंगा में संचालित सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009006), ग्राम पंचायत कुरदा में संचालित सेवा सहकारी समिति कुरदा की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009009) एवं ग्राम पंचायत बटार में संचालित सेवा सहकारी समिति कुरदा की उचित मूल्य दुकान (आई.डी. 432009055) में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर विभाग द्वारा संचालक को कारण-बताओ नोटिस जारी किया गया है।



नवंबर 2025 के राशन वितरण कार्य हेतु निर्धारित तिथि तक दुकान नहीं खोले जाने के कारण ग्रामीणों और राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में भारी असुविधा हुई, जिसे शासन ने अनिवार्य सेवा में बाधा तथा स्पष्ट लापरवाही माना है। नोटिस में उल्लेख है कि संचालक द्वारा न तो दुकान संचालन नियमों का पालन किया गया और न ही संबंधित थाना क्षेत्र में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि नोटिस प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर संचालक स्वयं उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा उचित मूल्य दुकान को निलंबित/निरस्त किए जाने सहित एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संचालक की होगी।

# हसौद पहुंचे वित्त मंत्री, कहा- भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर





पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति जिले के हसौद में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन समारोह आयोजित किया गया, इस अवसर पर जहां छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्री तोखन साहू, जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े सहित भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि एवम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, तो वहीं इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आज हसौद की पुण्यभूमि में 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। ऐसे आयोजन, विचारों और संस्कारों की अभिवृद्धि राष्ट्र निर्माण के लिये अत्यंत आवश्यक हैं। भारत तीव्र गति से आर्थिक प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और अब तीसरे स्थान की ओर तेजी बढ़ रहे हैं। इस विकास यात्रा में भारत की सनातन परंपराओं की दृढ़ स्थापना और मूल्यों का संरक्षण हमें विश्व में बेहतर योगदान देने में समर्थ बनाएगा। जब मूल्य और विकास साथ चलेंगे तभी असली समाज और राष्ट्र निर्माण संभव होगा। पिछले कई दशकों से गायत्री परिवार इस दिशा में बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हसौद (तहसील कार्यालय के पीछे) में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू जी के साथ 251 कुण्डी महायज्ञ हेतु यज्ञशाला के भूमिपूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज निर्माण, राष्ट्रीय चेतना और अपने मूल्यों-संस्कारों के संरक्षण हेतु ऐसे आयोजनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शांतिकुंज परिवार को सफल आयोजन हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। इस अवसर पर माननीय सांसद मती कमलेश जांगड़े सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कॉलेज के छात्रों ने मदकूद्वीप और कानन पेंडारी का किया भ्रमण




पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के बी.ए. भाग - तीन भूगोल के विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन, एम एन सिदार के मार्गदर्शन तथा एस. पी. खड़बंधे देवेश राणा (सहा. प्राध्यापक भूगोल) शुभम पटेल (प्रयोगशाला तकनीशियन) के नेतृत्व में छ. ग. राज्य के मुंगेली जिले में स्तिथि मदकू द्वीप,ताला गांव एवं बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी का भ्रमण किया। विदित हो कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने बी.ए.भाग तीन प्रायोगिक भूगोल के पाठ्यक्रम में भौगोलिक भ्रमण को शामिल किया है जिसमें बी.ए. के छात्र प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक तत्वों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर भौगोलिक समीक्षा करने में समर्थ हों तथा भूगोल को निकट से समझ सकें। इस आशय से भूगोल विभाग द्वारा 15. 11. 2025 को मदकू द्वीप जो की मुंगेली जिले में शिवनाथ नदी के दो धारा में बटा एक नदी द्वीप है जो भौगोलिक प्राकृतिक भौगोलिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है तथा ताला गांव में मनियारी नदी के तट पर स्थित देवरानी जेठानी मंदिर छत्तीसगढ़ का सबसे प्राचीन मंदिर है यहीं पर रूद्र शिव की विशाल प्रतिमा स्थित है बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी (चिड़ियाघर) का भ्रमण कर प्राकृतिक स्थलाकृति पुरातात्विक ऐतिहासिक एवं अपवाह तंत्र धार्मिक स्थल आदि का अध्ययन कर अपने विषय से संबंधित जानकारी एकत्र किया।

# लिटिल फ्लॉवर शक्ति का साइंस मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति लिटिल फ्लॉवर स्कूल शक्ति के छात्र शोएब अली ने राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जशपुर में 12 से 15 नवंबर किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालय के छात्रों ने अपने अपने वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। लिटिल फ्लावर के शोएब ने सतत कृषि पर आधारित अपने मॉडल का प्रदर्शन कर अपनी नवीन सोच से चयन कर्ताओं का ध्यान आकृष्ट किया। उसके इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। लिटिल फ्लावर के छात्र ने विकास खंड स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी जो 14 अक्टूबर 2025 को स्वामी आत्मानंद विद्यालय शक्ति में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद जिला स्तरीय विज्ञान मेला में जो लिटिल फ्लॉवर स्कूल शक्ति में 17 अक्टूबर 2025 को आयोजित था, में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद जोन स्तरीय विज्ञान बाल मेला जो 29 एवं 30 अक्टूबर को शासकीय शिक्षा महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित था ,में हिस्सा लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिर जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शक्ति शहर में संचालित लिटिल फ्लावर स्कूल अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सदैव ही अग्रसर रहा है। पूर्व में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल स्पोर्ट बल्कि हर क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। इसी क्रम में पुनः एक बार फिर लिटिल फ्लावर ने बता दिया कि वह क्यों श्रेष्ठ है । इस उपलब्धि से लिटिल फ्लॉवर स्कूल ने शक्ति जिले का मान बढ़ाया। जिला शिक्षा अधिकारी कुमुदिनी बाग द्विवेदी ने विद्यालय के संचालकों एवं विद्यालय परिवार को बधाइयां प्रेषित की। विद्यालय के संचालक टी पी उपाध्याय एवं मोहम्मद अनीस शेख ने छात्र शोएब एवं मार्गदर्शक शिक्षक सुमित साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर रोहित व्यास ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

## अधिकारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आयोजित जनदर्शन में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित के इन सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निपटाने के निर्देश दिए।

# जेसीआई कोरबा सेंट्रल का चुनाव सम्पन्न, त्रिलोकीनाथ बने अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता कोरबा
www.dailypioneer.com



जेसीआई कोरबा सेंट्रल की वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें सीए त्रिलोकीनाथ बजाज को अध्यक्ष; सीए अंकित अग्रवाल, जेसी हर्ष गुप्ता व जेसी अभय अग्रवाल को उपाध्यक्ष; जेसी निश्चल टमकोरिया को सचिव; डॉ ज्योतिबाला, जेसी प्रवेश अग्रवाल व जेसी अभिषेक अग्रवाल को निदेशक के पद के लिए निर्विरोध एवं आम सहमति से चुना गया। इसके साथ ही जेसीरेट विंग की अध्यक्षा हेतु अंशु अग्रवाल को एवं सचिव हेतु रजनी अग्रवाल को चुना गया। पूर्व अध्यक्ष सीए आशीष अग्रवाल व जेसी उत्कर्ष अग्रवाल को वर्ष 2026 के लिए समन्वयक नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहना कर बधाई दिया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी जेसी उत्कर्ष अग्रवाल एवं सहायक चुनाव अधिकारी जेसी सन्नी मित्तल व जेसी आनंद अग्रवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष सीए अभिषेक अग्रवाल ने किया जिन्हें बरगढ़ में आयोजित जेसीआई के छेत्रिय सम्मेलन में जेसी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यकर्मो के लिए 11 विभिन्न पुरस्कारों से नवाज़ा गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ई. राज अग्रवाल, समन्वयक जेसी आनंद रैकवार, लीजेंड अध्यक्ष जेसी शिवशंकर अग्रवाल, जेसिरेट अध्यक्षा सीए आयुषी अग्रवाल सहित पूरा जेसी परिवार उपस्थित रहा।

# जशपुर की बेटियों ने सुन्दरगढ़ उड़िसा के 4वां एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट में रचा नया इतिहास

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सुन्दरगढ़ उड़िसा में आयोजित 4वां एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेशनल स्पोर्ट्स मीट में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ढुढरुडांड़, बटईकेला और कांसाबेल की दो प्रतिभाशाली छात्राएँ अंडर 14 डबल बैडमिंटन में मीना लकड़ा और संजना भगत ने स्वर्ण पदक जीतकर अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी बैडमिंटन खिलाड़ीयों को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सबसे गर्व की बात यह है कि न सिर्फस्कूल की पहली राष्ट्रीय जीत है, बल्कि जशपुर जिले के इतिहास में पहली बार किसी भी स्कूल की छात्राओं ने नेशनल स्तर पर गोल्ड जीता है। यह उपलब्धि जशपुर जिला, एकलव्य मॉडल आवासी विद्यालय परिवार और आदिवासी समुदाय के लिए एक सुनहरा अध्याय साबित हुई है। विद्यालय के प्राचार्य ललिता चौहान ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। इस अवसर पर प्राचार्या ने कलेक्टर रोहित व्यास और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग संजय सिंह को भी धन्यवाद कहा, क्योंकि जब-जब विद्यालय को उनके सहयोग व मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ी, उन्होंने हमेशा साथ दिया। बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले पीटीआई अमरदीप सिंह को भी प्राचार्या ने धन्यवाद दिया। टीम को प्रशिक्षित करने वाले पीटीआई अमरदीप सिंह ने बताया कि दोनों छात्राओं ने कठोर अभ्यास, निरंतर फिटनेस ट्रेनिंग और अनुशासन के दम पर यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है।

# जल जीवन मिशनः मुण्डाडीह में 92 घरेलू नल कनेक्शन क्रियाशील, ग्रामवासियों को मिल रहा शुद्ध पेयजल

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल जीवन मिशन योजना का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय से लगभग 70 कि.मी. की दूरी पर स्थित गारीघाट पंचायत का राजस्व ग्राम मुण्डाडीह में जल जीवन मिशन के अंतर्गत तीन उच्च स्तरीय जलागार स्थापित कर कुल 92 क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से संपूर्ण ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के आने से पूर्व ग्रामीणों को अपनी दैनिक जल की आवश्यकताओं के लिए हैंडपंप एवं कुओं पर पूर्ण रूप से आश्रित थे। मुख्यतः महिलाएं पानी हेतु लाईन लग कर पानी भरने का कार्य सुबह शाम किया करती थी. बारिश के दिनों में पानी प्रदूषित होने की वजह से ग्रामीणों को पेट खराब, डायरिया इत्यादि बीमारीयों का भी सामना करना पड़ता था। योजना के आने के बाद अब ग्रामीणों को पानी भरने नहीं जाना पड़ता एवं तबीयत खराब होने की समस्या में भी कमी आई है। सभी ग्रामीणों को घर में नल के माध्यम से पानी मिलने से सभी ग्रामीण खुश है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले हम हैंडपंप एवं कुओं के द्वारा पानी भरने से परेशान थे पर अब वैसी समस्या नहीं है हम सभी खुश हैं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया हैं। ग्रामीणों की सहमति एवं शपथ के माध्यम से इस ग्राम का हर घर जल सर्टिफिकेट कर दिया गया है एवं जल सभा के माध्यम से ग्रामीणों को योजना का सुचारू रूप से संचालित करने के नियमों को समझा कर लंबे समय तक योजना के संचालन को भी सुनिश्ति किया गया है।

# एके इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में मेले का भव्य आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com

ए. के. इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में मेले का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कॉलेज परिसर में लगे विभिन्न आकर्षक स्टॉल, गेम जोन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खानपान स्टॉलों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। छात्र-छात्राओं ने मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व नपाध्यक्ष प्रभा पटेल, डॉ. आर.एन.एस. शिक्षा महाविद्यालय के संचालक राजेश शर्मा, सक्रिय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष रामचरित द्विवेदी, संस्थान के डायरेक्टर डॉ. ए. के. ओझा, समाजसेवी गोपाल सिंह, पत्रकार धुरंधर तिवारी (बलरामपुर) समेत संस्थान की प्राचार्य, समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों ने मेले के सफल आयोजन पर कॉलेज प्रबंधन और छात्रों की प्रशंसा की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच, टीम वर्क और सामाजिक समन्वय की भावना विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और उत्साह को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा भी दी। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. ए. के. ओझा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेला विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्राचार्य ने भी छात्रों के उत्साह और सहयोग की सराहना की। पूरे कार्यक्रम में बच्चों और उपस्थित जनों ने आनंदित होकर यादगार पल संजोए और मेले को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## तीन दिवसीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया

# अनुनय कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



अनुनय कॉन्वेंट स्कूल शक्ति की हायर सेकेंडरी शाखा में भी तीन दिवसीय विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसका पुरस्कार वितरण बाल शक्ति थाने के टी आई लखन लाल पटेल के द्वारा कराया गया सभी खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के नाम क्लास 2nd से वंदित देवांगन, अनाया लहरे, वंदी देवांगन, अध्यान महाराणा, शुभमन सिंह मरावी, योग्य पटेल, दिव्यांशी सोनी, पूरब साहू, अनुभव चौहान, इवान आरोन खेस शनाया कसेर, चितरंजन यादव, देवासी देवांगन, डिपलीवन मिंझ, योगिता गोंड, जागृति कंवर, अवीशा भारद्वाज, वैष्णवी देवांगन, विहान कंवर, तन्मय केवट, योगिता चंद्रा, सोम क्लास 3ह्म्ड्ड से परी राठौर, पार्थ सिदार, आराध्या देवांगन, पार्थ मरावी, मिस्टी बरेठ, तान्या देवांगन, मुस्कान बरेठ, चिरंजीवी सिदार, चेतना नेताम, तान्या देवांगन, नीति पटेल, कार्तिक यादव, खिलती, आरबी, राघव सिदार, आस्था जायसवाल, सारिका प्रधान, विभा सिदार, धैर्य पटेलक्लास 4th से मोनेश कुमार , वंश कुमार, भव्य यादव, कृति देवांगन, ईशा पटेल, सारीका सिंग, प्रकृति देवांगन, हेजल सिदार, डोलेश पटेल, लक्ष्य पटेल, पूजा नेताम, भूमि बरेट, देवांशु पटेल , भूमिश्री गवेल, शुभी केवट , विहान श्रीवास ,पुष्पेंद्र बरेठ, शौर्य राठौर , मिलेश देवांगन, डिम्पल चंद्रा, रिया देवांगन, अभिनव मैत्री, धानी महंत, लावण्या गबेल, डीकेश पटेल, क्लास 5th से भव्य देवांगन, प्रांजल सिंह, आरव गोंड, तुषार देवांगन, आयुष पटेल, शौर्य जायसवाल, भव्य वर्मा,आरव निर्मलकर, आशीष पंसारी, रोली देवांगन, श्रेया कसेर, अंकिता थवाईत, ओलिन खेस, हिमांक टंडन, वरुण श्रीवास, पलक गवेल, याचना पटेल। कार्यक्रम के अंतिम में मुख्य अतिथि लखन लाल पटेल के द्वारा बच्चों को खेल में आगे रहने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया. तत्पश्चात संस्था प्रमुख योगेश कुमार साहू के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को खेल में प्रथम द्वितीय आने पर बधाई दी गई। कायक्रम का संचालन अपर्णा बोस और संगीता चंद्रा के द्वारा किया गया द्यअनुनय कॉन्वेंट स्कूल (नवधा चौक) शक्ति में बाल दिवस का कायक्रम बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों को समर्पित इस राष्ट्रीय त्योहार मैं बच्चों के पसंदीदा खेल खुद कराए गए। तीन दिवसीय खेलकूद का आयोजन किया गया नए-नए गेम जैसे - कलरिंग गेम, हॉर्स रेस, माइंड डेवलपिंग गेम, इंग्लिश राइम्स, बिस्किट रेस, हिंदी राइम्स, जलेबी रेस, बैलून रेस, फ्रॉग रेस, चेयर रेस, इंग्लिश राइटिंग कॉम्पिटिशन, बैलेंस थद कप गेम, हिंदी राइटिंग कॉम्पिटिशन, थ्रो एंड हिट गेम, 100 मीटर रेस, स्पून रेस, जी.के. कॉम्पिटिशन आदि सभी गेम में सभी बच्चों ने भाग लिया। 1st पोजिशन में आने वाले विद्यार्थीओ के नाम आयूब साहू,इशांत बरेठ विहान चौधरी, लवानिया यादव, रूही गुप्ता,याचना जायसवाल, प्रशंशा देवांगन,कुदरत साहू,येशिका मरावी, चेतना जायसवाल, मोरवी साहू,थाविश राठौर, चारू महीश, भूवि गवेल, अनुष्का परमान्निक, सुहेना केशरिया, महिल पटेल, अद्दया भारद्वाज, प्रतीक पटेल, पावनी राठौर, पलक जायसवाल, शिवांश कंवर, सोनवी जायसवाल, अवंशु गबेल, शेयांश जायसवाल, भव्य सिदार,गौरव कृपलानी, मिस्ठी गवेल, ह्यिांश सिंह मरकाम,गौरव यादव,डिप्टी सिंग नेताम, रेयांश देवांगन,मुस्कान देवांगन, सार्थक चौहान,यक्षित नेताम, सौरभ उरांव, शिवांश यादव, वेदांत अठवानी, कोमल पटेल, अयान यादव,आयुषी कंवर, दिव्यांश राठौर, वैभव देवांगन, माहिरा यादव,अयंश सोनी,पावनी दुबे, आशी देवांगन, संस्कृता सिदार, सुरभि देवांगन, जानवी राठिया, सोनवि पटेल, रियांश देवांगन,रुद्र पाल, विवांश सिंग कवर,कृष देवांगन,शुभम सहिश, श्रेया बरेठ, शिखर उरांव, धनिष्ठा नेताम, दृष्टी पटेल, अनन्या गवेल, सिद्धि श्रीवास, भव्य देवांगन, धानी ढीवर, तुपम गवेल, संयोगिता बनर्जी, मयंक बरेठ, उन्नति प्रधान, यशस्व सोनी, यश धैर्य, आर्य गुप्ता, सानवी राजपूत रेयांश दुबे, लव्या रात्रे रहे तथा सभी को पुरस्कृत किया गया।

# आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने मची होड़




**कोरबा।** जिला अध्यक्ष रिचर्ड लोगन के नेतृत्व में घंटाघर स्थित पार्टी कार्यालय मे जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुआ. बैठक का मूल उद्देश बताते हुए रिचर्ड डेविड लोगन ने कहा कि यह बैठक संगठन का विस्तार करते हुए मजबूती प्रदान करना है, आम जनता आम आदमी पार्टी की रीति नीति से परिचित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। पार्टी कार्यालय में चारों विधानसभा छेत्र से बड़ी संख्या मे पहुंचे लोगों को जिलाध्यक्ष लोगन और प्रदेश संयुक्त सचिव प्रतिमा सिंन्हा ने पार्टी की सदस्यता दिलाकर उनका सम्मान किया। लोगन ने यह भी बताया कि आम आदमी पार्टी ने हाल ही में, छत्तीसगढ़ में अपनी प्रदेश स्तरीय छत्तीसगढ़ बचाबो यात्रा की शुरुआत की है। और इसका उददेश्य राज्य के जल, जंगल, जमीन और स्थानीय अधिकारों से जुड़े प्रमुख मुद्दों को उठाना है. यह यात्रा जब कोरबा पहुंचेगी तो हम साथ मिलकर यात्रा को सफल बनाएंगे। इस दौरान पार्टी सदस्यता लेने वालों में पूर्व रामपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी लता सिंह, (रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया) कमल सिंह धुर्वे, पाली से विनोद कुमार, कटोरी नागोई से ईश्वर सिंह, आशीष लाल, नीलू दिवाकर, रूमगरा से पप्पू साहू, निर्मला साहू, पूजा साहू, रिते श्याम, रंजीत ठाकुर, उपेंद्र कुमार, लता, सुनीता लश्कर, रजनी अग्नाशा गजरीबाई राम कुमारी द्रौपदी यादव कुदारी नवीना ठाकुर मीना साहू पवन पूजन सिंह, उपस्थित पदाधिकारीः प्रदेश संयुक्त सचिव प्रतिमा सिंह लोकसभा सचिव शत्रुघन साहू लोकसभा उपाध्यक्ष भूषण कुर्रे लोकसभा उपाध्यक्ष विजय नायक पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र यादव पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास रामपुर विधानसभा प्रभारी धर्मदास गुप्ता कटघोरा विधानसभा प्रभारी गोरेलाल पटेल जिला कोषाध्यक्ष सोमराज पूर्व जिला उपाध्यक्ष वेद लाल बनवासी लोकसभा मीडिया प्रभारी रामलाल मार्को पूर्व जिला अध्यक्ष जगलाल राठिया महिला विंग नेत्री सरोज यादव। सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# एक महीना, शून्य कार्रवाई : कलेक्टर की अनुशंसा की उड़ाई जा रही धज्जियाँ, कवर्धा में अफसरशाही बेलगाम

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में प्रशासनिक लापरवाही अपने चरम पर है। जनपद पंचायत कवर्धा की अध्यक्ष सुषमा गनपत बघेल द्वारा 24 अक्टूबर को भेजी गई आधिकारिक शिकायत पर पूरा एक महीना बीत गया, लेकिन कलेक्टर की अनुशंसा के बावजूद एक भी कार्रवाई नहीं की गई। यह स्थिति साफ दर्शाती है कि जिले में अफसरशाही कलेक्टर के निर्देशों को भी ठेंगा दिखा रही है। बघेल ने अपने पत्र में कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) एवं विकासखंड समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण) अशोक कुमार झारिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जनप्रतिनिधियों का अपमान करना, उनके निर्देशों की अवमानना, सरपंचों को सामग्री राशि भुगतान में जानबूझकर विलंब करना, और इससे जनपद तथा जिले की छवि को नुकसान पहुंचाना। पत्र को न केवल कलेक्टर को भेजा गया था, बल्कि प्रतिलिपि पंचायत मंत्री एवं विधायक विजय शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा, को भी भेजी गई, फिर भी कार्रवाई शून्य। इससे यह स्पष्ट होता है कि जिला प्रशासन में फाइलें चलना तो दूर, उठ तक नहीं रही हैं। कलेक्टर की अनुशंसा भी लागू नहींज तो फिर जनता की समस्याएँ कौन सुनेगा। स्थानीय प्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि कलेक्टर के स्तर की अनुशंसा पर ही महीने भर तक कोई कदम नहीं उठाया जाता, तो सामान्य नागरिक की शिकायतों का क्या हश्र होगा।







### जिले की छवि पर असर, विकास योजनाएँ प्रभावित

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) जैसे महत्वपूर्ण ग्रामीण आवास मिशन में अधिकारी की मनमानी न केवल शासन की मंशा को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि जिले की साख, सरकारी विश्वसनीयता और विकास की गति तीनों पर असर डालती है।

### जनपद अध्यक्ष की स्पष्ट मांग

सुषमा बघेल ने पत्र में मांग की है कि अशोक झारिया का तत्काल स्थानांतरण किया जाए और लवकेश मरकाम को कार्यक्रम अधिकारी का दायित्व पुनः सौंपा जाए। लेकिन एक महीने से जारी चुप्पी और सुस्ती यह दर्शाती है कि जिले में अधिकारी ऊपर के आदेशों को भी गंभीरता से नहीं ले रहे।

# किसान सावंत साहू ने राज्य सरकार की धान खरीदी योजना को किसानों के लिए मददगार बताते हुए इस योजना की सराहना की

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को लेकर समूचे छत्तीसगढ़ राज्य सहित जिले के किसानों में भी सर्वस्व हर्ष व्याप्त है। इसी कड़ी में धान खरीदी के पहले दिन 14 नवंबर को धान खरीदी केन्द्र कुसुमकसा में अपने धान की बिक्री करने पहुँचे डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गिधाली (बकलीटोला) के कृषक सावंत राम साहू पहले दिन ही अपने धान की बिक्री करने का अवसर प्राप्त होने पर बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि धान की बिक्री हेतु उसका आज ही टोकन कटने के कारण उन्हें धान खरीदी केन्द्र गिधाली में सबसे पहले धान की बिक्री करने का अवसर प्राप्त हो रहा है जो कि इनके लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। किसान सावंत राम ने बताया कि उनके पास कुल ढाई एकड़ जमीन है। जिस पर वे खेती-किसानी एवं मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने



बताया कि आज उन्होंने धान खरीदी केन्द्र कुसुमकसा में पहुँचकर कुल 47 क्विंटल 60 पतले धान की बिक्री की है। किसान सावंत राम साहू ने राज्य सरकार की धान खरीदी योजना को किसानों के लिए अत्यंत कल्याणकारी एवं मददगार बताते हुए इस योजना की भूरी-भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि धान खरीदी योजना के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर उनकी धान की खरीदी के फलस्वरूप मिलने वाली राशि उनके एवं उनके परिवार के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनता है। किसान सावंत राम ने कहा कि पिछले खरीफ विपणन वर्ष में धान बिक्री से प्राप्त राशि का उपयोग बैंक के छोटे-मोटे कर्ज को पटाने के अलावा अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, इलाज तथा अन्य जरूरी कार्य के लिए किया है। इस योजना के फलस्वरूप समय पर राशि प्राप्त हो जाने से जरूर समय में राशि की प्रबंध करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नही होती।

सावंत राम ने बताया कि इस वर्ष से वे धान खरीदी से मिले राशि का उपयोग सहकारी समिति से खाद बीज के लिए ऋण को चुकाने के अलावा बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं अन्य जरूरी कार्यों में करेंगे। सावंत राम ने राज्य शासन के धान खरीदी योजना को किसानों के लिए अत्यंत कल्याणकारी बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने के निर्णय की भूरी-भूरी सराहना की। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया है।

# अमरजीत सिंह भाटिया पर बकाया राशि अदा नहीं करने पर सीलबंदी की कार्यवाही-

## जोन कमिश्नर के निर्देश पर सीलिंग कार्यवाही दो दिन के लिए स्थगित की गयी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम जोन 4 के अंतर्गत भवन स्वामी बड़े बकायेदार पर कड़ी कार्रवाई की गई। बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाकर जोन 4 के अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 46 के क्षेत्र में भवन स्वामी बड़े बकायादार अमरजीत सिंह भाटिया द्वारा वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक की बकाया राशि रु 215651/- के बकाये संपत्तिकर की राशि का भुगतान नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई प्रारम्भ की गई। सीलबंदी की कार्यवाही के दौरान सम्बंधित भवन स्वामी बड़े बकायेदार द्वारा बकाया अदायगी रायपुर नगर पालिक निगम जोन 4 राजस्व विभाग को करने दो दिन का समय देने का जोन 4 जोन कमिश्नर से अनुरोध किया है और दो दिन में बकाया राशि रायपुर नगर पालिक निगम को करने का आश्वासन दिया है। नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर के निर्देश पर सीलिंग कार्यवाही नगर निगम जोन 4 राजस्व विभाग की टीम द्वारा स्थगित कर दी गयी है। अभियान में जोन 4 जोन सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू, राजस्व निरीक्षक ऋषि परोच, सहायक राजस्व निरीक्षक अमर मतेलकर, कौशिक राम साहू,मनहरण निषाद, शेख जुनैद, प्रणय ठाकुर सहित नगर निगम जोन क्रमांक 4 राजस्व विभाग के अन्य सम्बंधित राजस्व विभाग कर्मचारियों की उपस्थिति रही।




# धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दिव्या मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। इसके अंतर्गत सभी 143 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की बेहतर व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

इस नोडल अधिकारी नियमित रूप से धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी कार्य के सुचारू रूप से संचालन कर रहे हैं। नोडल अधिकारियों के द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु उपलब्ध सभी आवश्यक संसाधनों के साथ ही धान की बिक्री हेतु आने वाले किसानों को शुद्ध पेयजल, समुचित छांव की व्यवस्था, शौचालय आदि सभी जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता आदि की मॉनिटरिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया जा रहा है। सभी विकासखण्डों में स्थित धान उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर धान खरीदी के कार्य का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिए गए।



# छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस ने की बड़ी नियुक्तिः अतुल बारगाह को मिला प्रदेश सचिव का जिम्मा

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अतुल बारगाह (पंडरिया )को प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैर एवं प्रदेश प्रभारी गिरिजा शंकर पाण्डेय के निर्देशानुसार यह नियुक्ति संगठन को और मजबूत करने के उददेश्य से की गई है। जारी आदेश में उल्लेख है कि अतुल बारगाह अब किसान कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को जिला एवं प्रदेश स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ पार्टी की किसान हितैषी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाएंगे। निर्देशानुसार नियुक्ति आदेश तत्काल प्रभाव से लागू माना जाएगा। प्रदेश किसान कांग्रेस ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित की हैं। धीरज सिंह, आनंद सिंह, ललित देवांगन, शिव गायकवाड़, नवीन जायसवाल, मनीष शर्मा, अजय बंजारे, आरिफ खान सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्रवासियों द्वारा बधाई दिया गया।



# अनिला भेंडिया ने सभी घोषित धान खरीदी केंद्रों को बिना किसी देरी के तुरंत चालू करवाने की मांग की

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौण्डी लोहारा विधासक अनिला भेड़िया ने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही भारी परेशानियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है और राज्य सरकार की व्यवस्थाओं पर तीखा प्रहार किया है। भेड़िया ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि राज्य में धान खरीदी के संबंध में शासन की घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं।

किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि सरकार द्वारा जिन नए धान खरीदी केंद्रों को शुरू करने की घोषणा की गई थी, वे अब तक चालू नहीं हो पाए हैं। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, किसान दुविधा में हैं कि वे धान खरीदी केंद्र चालू करवाने के लिए आंदोलन करें या अपना किसानी का महत्वपूर्ण काम करें। उन्होंने सवाल उठाया कि जब खरीदी का समय आ गया है, तो प्रशासनिक और विभागीय लापरवाही के चलते नए केंद्रों पर ताले क्यों लटके हैं? भेड़िया ने कहा कि यह स्थिति दर्शाती है कि शासन किसानों के प्रति संवेदनशील नहीं है और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दे रहा है। किसान कड़ी मेहनत से फसल उगाते हैं, लेकिन सरकार की अव्यवस्था के कारण उन्हें अपनी ही उपज बेचने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है और उन्हें सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अनिला भेडिया ने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और सभी घोषित धान खरीदी केंद्रों को बिना किसी देरी के तुरंत चालू करवाने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के किसानों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके और वे शांतिपूर्वक अपनी उपज बेच सकें।



# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने वाला आरोपी नागपुर से गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

इंस्टाग्राम पर समुदाय विशेष के खिलाफभड़काऊ टिप्पणी करने और महिला की तस्वीर पर अशोभनीय शब्द लिखकर अपलोड करने वाले आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार कर लिया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तक पहुंचने बड़ी सफलता हासिल की। थाना लोहारा क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मोबाइल नंबर 7058432636 वाले व्यक्ति ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी का पासवर्ड हासिल कर लिया और समाज के विरुद्ध भड़काऊ पोस्ट के साथ उसकी फोटो पर अभद्र टिप्पणी लिखकर अपलोड कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपराध क्रमांक 209/25 धारा 296, 299, 352 बीएनएस तथा 65 आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और निरंतर खोजबीन के आधार पर पुलिस टीम नागपुर पहुँची और आरोपी सागर बारा पात्रे (35 वर्ष), निवासी लकड़गंज, नागपुर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने पूछताछ में इंस्टाग्राम आईडी का पासवर्ड प्राप्त कर अभद्र व भड़काऊ सामग्री अपलोड करने की बात स्वीकार की। उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जप्त किया गया है। आरोपी को विधिसंगत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय कवर्धा में पेश किया गया। पूरी कार्रवाई में एएसआई आशीष सिंह और प्रधान आरक्षक 381 शमशेर अली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# आधुनिक अध्ययन संस्कृति की ओर बड़ा कदमः कवर्धा में बनी 4.41 करोड़ की नालंदा लाइब्रेरी की आधारशिला

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में शिक्षा और अध्ययन संसाधनों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। नगर के मध्य विकसित होने जा रहे नालंदा परिसर लाइब्रेरी का 4 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य विधिवत भूमिपूजन के साथ शुरू हो गया। इस महत्वपूर्ण प्रकल्प का भूमिपूजन उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने किया। समग्र कॉलेज मैदान के पास प्रस्तावित यह लाइब्रेरी 250 बैठने की क्षमता, शांत अध्ययन कक्ष, डिजिटल लर्निंग हब और 24*7 निर्धारित अध्ययन वातावरण जैसी सुविधाओं से युक्त होगी। युवाओं के लिए यह नालंदा परिसर आने वाले समय में कैरियर निर्माण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और शोध अध्ययन का केंद्र बनेगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि– कवर्धा के युवाओं को अब उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सुविधा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। नालंदा परिसर लाइब्रेरी हर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराएगी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इसे कवर्धा के विकास इतिहास का बड़ा अध्याय बताया। नगर के विद्यार्थी भी आधुनिक सुविधाओं वाली लाइब्रेरी को लेकर उत्साहित नजर आए। जिला प्रशासन ने बताया कि निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि छात्र-छात्राओं को जल्द ही इस सुविधा का लाभ मिल सके। कवर्धा में विकसित हो रहा यह नालंदा परिसर आने वाले समय में जिले की शैक्षणिक पहचान को नई ऊँचाई देगा।




## सामाजिक विकास को मिलेगी नई दिशा : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

# देवांगन और क्षत्रिय पवार समाज के सामुदायिक भवनों का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने कवर्धा प्रवास के दौरान देवांगन समाज और क्षत्रिय पवार समाज के नए सामुदायिक भवनों का विधिवत लोकार्पण किया। समाजजनों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ और शाल-श्रीफल भेंट कर अभिवादन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना से हुई।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, कपूरचंद ठाकरे, नरेन्द्र देवांगन, शंभू देवांगन, लोकनाथ देवांगन, योगेश ठाकरे सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।






लोकार्पण अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दोनों समाजों को नवीन भवन की सौगात के लिए बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार समाजों के सशक्तिकरण, शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नया सामुदायिक भवन समाज की बैठकों, विभिन्न गतिविधियों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक प्रमुख केंद्र बनेगा। समाजजन इस भवन का उपयोग सामाजिक सौहार्द, पारस्परिक सहयोग और सकारात्मक विकास के लिए करेंगे। अंत में समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इस नए भवन से सामाजिक गतिविधियों में नई ऊर्जा आएगी और युवाओं को सशक्त मंच प्राप्त होगा।

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला – मुंगेली (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्रमांक............ /2025-26
ग्राम उमरिया प.ह.न. 08

एतद् द्वारा ग्राम उमरिया के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामचरन पिता/पति गेंदराम जाति गोंड निवासी उमरिया तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम उमरिया हल्का नं.08 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 83/5, 70, 113/1 136/2 रकबा 0.121, 0648, 0445 कुल 1.44 हे. को फौती / नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 21/11/2025 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

**न्यायालय :- मनोज कुमार लड़िया प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, अनूपपुर, जिला-अनूपपुर म.प्र.**

// ईश्तहार //

प्रो. कॅ.-207/ न्याया./2025 अनूपपुर दिनांक 10.11.2025
धारा-13 हिन्दू विवाह अधिनियम)
प्रोसेस क्रमांक....../2025
प्रकरण क्रमांक. 7/2024
तारीख पेशी- 28.11.2025

कपूरचंद गुप्ता आयु-25 वर्ष पिता स्व. रामराज गुप्ता निवासी ग्राम पयारी थाना भालूमाड़ा तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र.......... **आवेदक**

**बनाम**

सुषमा गुप्ता आयु-23 वर्ष पिता अशोक गुप्ता निवासी मनेन्द्रगढ़ (आमाखेरवा) थाना मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया छ.ग. ............**अनावेदिका**

सुषमा गुप्ता आयु-23 वर्ष पिता अशोक गुप्ता निवासी मनेन्द्रगढ़ (आमाखेरवा) थाना मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया (छ.ग.)

क्योकि आवेदक कपूरचंद गुप्ता ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण **कमॉक-7/2024** कपूरचंद गुप्ता बनाम सुषमा गुप्ता दिनांक **21.02.2024** को आवेदन अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 हेतु व्यवहार वाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने किसी अधिकृत अधिवक्ता के द्वारा जिन्हे प्रकरण के तथ्यों का सम्यक् ज्ञान हो के द्वारा आगामी सुनवायी तिथि **28.11.2025** को दिन के 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें एवं जिन दस्तावेजों पर आज विश्वास करते हैं उन्हे भी प्रस्तुत करें।

आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण की सुनवाई की जाकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जा सकेगा। उक्त दिनांक **28.11.2025** अवकाश घोषित हो जाने पर अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थिगित हो जाने पर प्रकरण की सुनवायी अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक **10.11.2025** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

(मनोज कुमार लढ़िया)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर म.प्र.

# अतिमहत्वपूर्ण है मतदाता परिगणना का फार्म भरना : 2003 के बाद मतदाता सूची में जुड़े नामों कों जुड़ाने के लिए अतिआवश्यक होगा प्रमाणित दस्तावेज

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर जाकर परिगणना फार्म भरकर जमा करने हेतु फार्म दिया जा रहा है जो कि अनिवार्य माना जा रहा है जानकारी के अनुसार फार्म जमा नही करने पर मतदाता सूची से नाम हट भी सकता है एसआईआरफार्म भराने का मुख्य उददेश्य मृत व्यक्तियों का नाम हटाना, स्थायी रुप से आवास बदलने वालो का नाम हटाना, किसी मतदाता का नाम दो स्थानों पर पंजीकृत हो उसे निरस्त करना, फर्जी मतदाताओं का नाम हटाना, शुध्द स्वच्छ व पारदर्शी मतदाता सूचीयों का निर्माण करना।

**कौन कौन से दस्तावेज है आवश्यक** - अपना फॉर्म भरने से पूर्व आप अपने 2 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो जरूर खिचवा ले जिसका बैकग्राउंड सफेद होना चहिये। परिगणना फार्म को निश्चित समय मे बीएलओ को जमा करना अनिवार्य है।

**अतिमहत्वपूर्ण है मतदाता परिगणना फार्म का भरा जाना** - गौरतलब है कि एसआईआर के तहत परिगणना फार्म को घर के प्रत्येक व्यस्क सदस्यों को भरा जाना अनिवार्य है, अन्यथा मतदाता सूची से नाम विलोपित होने कि संभावना बढ़ जाये व शासन के अनेक मूलभूत व दूरगामी योजना से लाभ लेने हेतु वंचित भी होना पड़ सकता है।

**विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के निर्धारित तिथि** - प्रशिक्षण तैयारी-28.10.25 से 3.11.25, कार्य गणना चरण-4.11.25 से 4.12.25, मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन-9.12.25, दावा आपत्ति 9.12.25 से 8.1.26, दावा आपत्ति का निराकरण 9.12.25 से 31.1.26, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हेतु आयोग के अनुमति हेतु 3.2.26 को भेजा जायेगा एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7.2.26 को किया जाना निर्धारित है। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत परिगणना फार्म बीएलओ द्वारा घर घर जाकर भराया जा रहा है जो 4 दिसम्बर तक मतदाता परिगणना फार्म भरने का रहेगा। वही मतदाता सूची प्रकाशन के बाद 1 माह का दावा आपत्ति लिया जायेगा, जिसके बाद निराकरण हेतु 15 दिन का समय सीमा निर्धारित है। उसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा एवं 2003 के बाद मतदाता सूची मे शामिल नाम को सत्यापित करने हेतु 13 तरीके का दस्तावेज पेश करने हेतु निर्धारित है। आवश्यक दस्तावेज पेश नही करने पर मतदाता सूची से नाम निरस्त भी किया जा सकता है। पार्षद दीपा दशरथ साहू पार्षद एवं सभापति ने कहा कि एसआईआर फार्म को लेकर मतदाता गणों से अपील है कि जिन मतदाताओं का नाम 2003 के वोटर लीस्ट में है, उनका एक फोटो मोबाइल नं. एवं जो नवविवाहिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में नाम नहीं है वे अपने पिता का नाम, दादा का नाम, जिला का नाम, विधान सभा का नाम, गांव का नाम 2003 का जानकारी देने परिगणना फार्म भरे जाने के दौरान बीएलओ को दिये जाने की बात कही।

# रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का सप्रे स्कूल, जे.एन. पाण्डेय स्कूल, सुभाष स्टेडियम, स्वामी आत्मानंद स्कूल गोगांव में शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न जोनो के समूह बनाकर भारत गणराज्य के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार फीट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ गोगांव स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान, माधवराव सप्रे स्कूल मैदान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक शाला मैदान, नेताजी सुभाष स्टेडियम में शुभारंभ हो गया। यहां 19 वर्ष आयु से कम एवं 19 वर्ष आयु से अधिक वर्ग की महिला पुरूष टीमो की कबड्डी खो-खो, वॉलीबाल, बास्केट बॉल, कुश्ती, फुगड़ी, गेड़ी, रस्साखींच आदि पारंपरिक खेल में स्पर्धा रोचक तरीके से प्रारंभ हुई। 13 खेल विधाओं में 4-4 टीमें आपस में खेल स्पर्धाएं 19 नवंबर तक करेंगी एवं जानकारी दी गई कि रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव में फाइनल ग्रैण्ड फिनाले 29 नवंबर को सांसद के निर्देशानुसार रखा गया है। माधव राव सप्रे स्कूल मैदान, नेताजी सुभाष स्टेडियम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक शाला मैदान में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने रायपुर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ नगर निगम जोन 4 जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद अजय साहू की उपस्थिति में रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया एवं महोत्सव में पहुंचकर स्पर्धा कर रहे खिलाडियो से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने गोगांव स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान पहुँचकर बिरगांव नगर निगम के महापौर नंदकुमार देवांगन, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़, नगर निगम खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, अंबिका साहू, सोहन साहू, राजेश देवांगन, रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि अर्जुन साहू की उपस्थिति में रायपुर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया एवं महोत्सव के आयोजन हेतु सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में आयोजित हुआ सीएमई एवं लाइव वर्कशॉप, रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर विशेष कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने Intuitive, जो रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी की वैश्विक अग्रणी कंपनी है, के सहयोग से 5वीं मंज़िल के कॉन्फ्रेंस हॉल में रोबोटिक गायनेकोलॉजिकल सर्जरी पर एक अनूठा सीएमई एवं लाइव वर्कशॉप सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में जटिल गायनेकोलॉजिकल मामलों की लाइव रोबोटिक सर्जरी जैसे – रेडिकल हिस्टरेक्टॉमी, ओवेरियन सिस्टेक्टॉमी, बड़े फाइब्रॉइड्स के लिए हिस्टरेक्टॉमी एवं अन्य चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाएँ शामिल थीं, जिससे मिनिमली इनवेसिव रोबोटिक सर्जरी में नवीनतम प्रगतियों का प्रदर्शन किया गया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने एक ही दिन में 6 रोबोटिक सर्जरी कर एक और उपलब्धि हासिल की। वर्कशॉप में गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. नीना गुहा, डॉ. पलक गवरी, डॉ. प्रीति साहा, डॉ. अंशु गुप्ता तथा युवा एवं डायनेमिक सर्जन डॉ. उमा त्रिपाठी, डॉ. मृणालिनी अग्रवाल, डॉ. किशन चिरनिया ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण वैश्विक स्तर पर भी किया गया, जिसमें 250 से अधिक डॉक्टर रेजिडेंट्स, जूनियर डॉक्टर, कंसल्टेंट्स और सर्जन शारीरिक रूप से एवं वर्चुअली जुड़े और 500+ रोबोटिक सर्जरी करने वाले विशेषज्ञ डॉ. संदीप दवे से शिक्षण प्राप्त किया। वर्कशॉप के दौरान रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की सूक्ष्म रोगी देखभाल और निर्बाध आयोजन की व्यापक सराहना की गई, जो रोबोटिक सर्जिकल तकनीक में अस्पताल की विशेषज्ञता को दर्शाती है। इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य था क्लीनिकल ज्ञान को बढ़ाना, सर्जिकल कौशल को उन्नत करना और रोबोटिक-असिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी में नवीनतम नवाचारों का अनुभव प्रदान करना।

# डबल्यूकॉमर्स बिना निवेश के बिजनेस प्रदान करता है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



हैदराबाद स्थित डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डबल्यूकॉमर्स पूरे भारत में व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों को शून्य निवेश और शून्य स्टॉक के साथ ऑनलाइन स्टोर शुरू करने में सक्षम बना रहा है। किराना दुकानदारों से लेकर कंटेंट क्रिएटर्स और होम बेस्ड एंटरप्रेन्योर्स तक, कोई भी व्यक्ति अपना स्टोर शुरू कर सकता है और बिना इन्वेंट्री या लॉजिस्टिक्स संभाले हर ऑर्डर पर 20-40% का लाभ कमा सकता है। डबल्यूकॉमर्स हर यूजर को एक तैयार ऑनलाइन स्टोर प्रदान करता है। स्टोर मालिक अपने स्टोर का लिंक या क्यूआर कोड ग्राहकों के साथ साझा कर सकते हैं, सोशल मीडिया पर उसका प्रचार कर सकते हैं, या बार-बार आने वाले खरीदारों पर भरोसा कर सकते हैं। कंपनी प्रोडक्ट की सोर्सिंग, डिलीवरी, रिटर्न और कस्टमर सपोर्ट को मैनेज करती है, जिससे सेलर केवल प्रमोशन और कमाई पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। डबल्यूकॉमर्स के को-फाउंडर और सीओओ श्रीधर श्रीरामनेनी ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म ने पूरे भारत में 22,000 से ज़्यादा ऐक्टिव ऑनलाइन स्टोर्स को पार कर लिया है। उन्होंने कहा, ÷हमने 40 से ज़्यादा विश्वसनीय ब्रांड्स के साथ पार्टनशिप की है और हेल्थ, वेलनेस, ब्यूटी, पर्सनल केयर, घरेलू ज़रूरी सामान और पालतू जानवरों की देखभाल जैसी श्रेणियों में 600 से ज़्यादा क्यूरेटेड प्रोडक्ट्स जोड़े हैं। ये ब्रांड क्वलिटी और मज़बूत प्रोडक्ट रिसर्च के लिए जाने जाते हैं। यह प्लेटफॉर्म अब तीन प्रमुख प्रकार के स्टोर मालिकों को आकर्षित कर रहा है, किराना स्टोर, जो बिना स्टॉक किए अधिक प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए डबल्यूकॉमर्स के डिजिटल शेल्फ का उपयोग करते हैं। कंटेंट क्रिएटर्स, जो वीडियो में अपने स्वयं के स्टोर का प्रचार करते हैं और ट्रेडिशनल एफिलिएट प्रोग्राम की तुलना में काफी अधिक मार्जिन कमाते हैं। रोजमर्रा के उद्यमी छात्र, गृहिणियां और कामकाजी पेशेवर जो वित्तीय जोखिम के बिना एक साइड बिजनेस चलाना चाहते हैं।

# विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य पर रामगढ़िया सेवक सभा यूथ विंग ने किया मेडिकल कैंप का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग ने स्पेशल पेरेंटिंग सेशन स्पीकर हर्षदा टिचकुले (पेरेंटिंग कोच) के साथ आयोजन किया गया। बच्चों की परवरिश और पालन पोषण एवं जनरेशन गैप को कम कैसे करे इन सब मुददों को विस्तार में समझाया। साथ ही विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य पर रामगढ़िया सेवक सभा यूथ विंग के द्वारा डॉ के एस भाटिया की मधुमेह पर रोजमर्रा जीवन में कैसे इस बीमारी के साथ जिया जा सकता है एवं दवा के साथ खान पान का ध्यान रखते हुए मधुमेह को कैसे कंट्रोल करना चाहिए, इस पर मार्ग दर्शन किया। मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें फ्री ब्लड शुगर जांच की गई। स्टेज की भूमिका कवलजीत कौर (सोनू), अंशु राणा व नीतू भूई ने निभाई। इस अवसर पर रामगढ़िया सेवक सभा के अध्यक्ष बलदेव सिंह भूई व एक्सक्यूटिव बॉडी के सदस्य, महिला विंग के बीओडीएस तेजिंदर कौर, हरशरण कौर व रीना सीरे, महिला विंग की अध्यक्ष प्रदीप कौर व टीम मेंबर्स, यूथ विंग की टीम और समाज के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित थे।

# ग्लोबल चैरिटी विगन्युअरी ने अपना फ्री कोर्स हिंदी में लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में वीगनिज्म की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, ग्लोबल चैरिटीविगन्युअरी ने अपना फ्री कोर्स हिंदी में लॉन्च किया है सुपरस्टार अमिताभ बच्चन द्वारा केबीसी सीज़न 17 में एक वीगन की तारीफ करना इस बातका संकेत है कि भारत में वीगनिज्म मुख्यधारा में आ गया है। क्या आपवीगन खाने में उत्सुक हैं, लेकिन नहीं जानते कि कहां से शुरू करें? नवंबर विश्व वीगन माह है, और यह वीगन खाना आज़माने का सबसे अच्छा मौका है। यह आंदोलन भारत में लोकप्रियता पा रहा है, लोग बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण और जानवरों की सुरक्षा के लिए अधिक पौधे-आधारित भोजन चुन रहे हैं। विगन्युअरी के भारत निदेशक प्रशांत विश्वनाथ कहते हैं, 'कई अध्ययनों में पाया गया है कि सब्जियों, फलों, साबुत अनाज, दालों और नट्स से भरपूर पौधे-आधारित आहार का पालन करने वालों में गैर-पौधे-आधारित आहार का पालन करने वालों की तुलना में हृदय रोग विकसित होने का जोखिम काफी कम था। इसी तरह, कई अध्ययनों ने दिखाया है कि इस प्रकार के स्वस्थ पौधे-आधारित आहार का पालन करने वाले लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित होने का जोखिम कम था। फिल्म स्टार, पेशेवर एथलीट और पर्वतारोहियों सहित दस प्रसिद्ध भारतीय व्यक्तित्व विगन्युअरी के समर्थक हैं और अपनी वीगन जीवनशैली से लोगोंको प्रेरित कर रहे हैं। अभिनेता और प्रो-बास्केटबॉल खिलाड़ी अरविंदकृष्ण यह सलाह साझा करते हैं- 'बहुत से लोग मुझसे पूछते हैं कि क्यामेरा खाना महंगा है क्योंकि मैं वीगन खाता हूं।

# रजिस्ट्रेशन के लिए आखिरी मौका: एक्सएटी 2026 5 दिसम्बर 2025 तक करें आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

XAT
Xavier Aptitude Test

ज़ेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट 2026, भारत की सबसे भरोसेमंद मैनेजमेन्ट प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, इस परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम 5 दिसम्बर 2025 नज़दीक आ रही है। वे उम्मीदवार जो देश 250 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए/पीजीडीए करना चाहते हैं, वे अंतिम दिनांक से पहले अपना आवेदन पूरा कर सकते हैं। एक्सएटी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन 10 जुलाई से शुरू हुआ था, हज़ारों उम्मीदवार पहले से पंजीकरण कर चुके हैं। अब उल्टी गिनती जारी है, इसलिए जल्द से जल्द ऑनलाईन फॉर्म भरें, ज़रूरी दस्तावेज़ अपलोड करें, परीक्षा के शहर को लेकर अपनी प्राथमिकता दें, और अंतिम दिनांक से पहले शुल्क जमा कर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। अगर आप अंतिम दिनांक से पहले अपना रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं करते हैं तो आप 4 जनवरी 2026 (दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक) को होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। एक्सएटी 2026 के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी से किसी भी विषय में कम से कम तीन साल के कोर्स की बैचलर डिग्री होनी चाहिए। फाइनल-ईयर के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए न्यूनतम प्रतिशतता अनिवार्य नहीं है, लेकिन उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि एमबीए/पीजीडीएम संस्थान के अपने अकादमिक योग्यता मानदंड हो सकते हैं। एक्सएटी 2026 में एप्टीट्यूड, रीज़निंग और जनरल नॉलेज का संतुलित मिश्रण है, इसमें छात्रों के मूल्यांकन के लिए चार सेक्शन हैं।

# सीओपीडी बनाम अस्थमा: क्या अंतर है, और यह क्यों मायने रखता है?

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. देवी ज्योति दाश, पल्मोनोलॉजिस्ट, रायपुर ने बताया क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और अस्थमा जैसी क्रोनिक श्वसन संबंधी बीमारियाँ (सीआरडी) दुनिया भर में सबसे आम गैर-संचारी रोगों में से हैं। हालाँकि सीओपीडी और अस्थमा में समानताएँ हैं, लेकिन सटीक निदान और उपचार के लिए इनके अंतर को पहचानना ज़रूरी है। विश्व सीओपीडी दिवस हर साल नवंबर में मनाया जाता है। इस दौरान इन स्थितियों के बीच अंतर के बारे में जागरूकता बढ़ाना, वर्तमान में सीओपीडी से प्रभावित और भविष्य में जोखिम में रहने वाले लोगों के लिए प्रबंधन व परिणामों में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण है। सीओपीडी मुख्य रूप से मध्यम आयु वर्ग या वृद्ध लोगों को प्रभावित करता है जो वर्तमान में धूम्रपान करते हैं या धूम्रपान का इतिहास रखते हैं। इसमें दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारियाँ शामिल हैं जो वायु प्रवाह में प्रगतिशील और अपरिवर्तनीय रुकावट पैदा करती हैं। इससे साँस लेना मुश्किल हो जाता है। इसमें दो मुख्य स्थितियाँ शामिल हैं, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस इसमें श्वासनली से फेफड़ों तक हवा ले जाने वाले वायुमार्ग सूज जाते हैं और अधिक बलगम उत्पन्न करते हैं। इससे लगातार खांसी होती है, और वातस्फीति, जो फेफड़ों में वायुमार्ग के अंत में स्थित छोटी वायु थैलियों को नुकसान पहुंचाती है, जो ऑक्सीजन विनिमय के लिए जिम्मेदार होती हैं। अस्थमा बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित करता है और बच्चों में यह सबसे आम दीर्घकालिक बीमारी है। सूजे हुए वायुमार्ग उत्तेजक पदार्थों के प्रति अति-प्रतिक्रियाशील हो जाते हैं, जिससे मांसपेशियाँ अकड़ जाती हैं और मार्ग संकुचित हो जाते हैं। इससे साँस लेने में कठिनाई होती है।

# विधायक पुरंदर मिश्रा ने खेल महोत्सव में खिलाड़ी विद्यार्थी बालक-बालिका की रस्सीकूद विधा को देखकर सराहा और किया उत्साहवर्धन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निर्देशानुसार रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन से प्रारम्भ हो गया है। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा राजधानी शहर के जे.एन. पाण्डेय शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के मैदान में रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी सहित पहुंचे और रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत हो रही खेल स्पर्धाओं को प्रत्यक्ष देखा। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने एक बालक विद्यार्थी द्वारा शानदार संतुलन के साथ किये जा रहे रस्सीकूद के प्रदर्शन को सराहा और विद्यार्थी खिलाडी बालक- बालिका का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। रायपुर उत्तर विधायक ने खिलाड़ियों, खेल विभाग के अधिकारियों, नगर निगम जोन, 3,4,6 के जोन अधिकारियों, स्कूलों के व्यायाम शिक्षक-शिक्षिकाओं को रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव के आयोजन की हार्दिक बधाई दी।

# क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

AMITY UNIVERSITY
CHHATTISGARH

राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़, रायपुर ने क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2026 में स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। छत्तीसगढ़ की एकमात्र स्वयं-वित्तपोषित विश्वविद्यालय के रूप में इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में शामिल होना न केवल संस्थान के लिए, बल्कि राज्य की वैश्विक शिक्षा आकांक्षाओं के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण है। अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को ओवरऑल एशिया रैंकिंग में 1001-1100 बैंड में स्थान मिला है, जो महाद्वीप के हजारों विश्वविद्यालयों के कठोर मूल्यांकन के बाद निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने दक्षिण एशिया क्षेत्रीय रैंक 330 भी हासिल की है, जो क्षेत्र में इसकी बढ़ती शैक्षणिक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। अमिटी समूह के अन्य कैंपसों के बीच भी अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ का यह प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। सभी अमिटी विश्वविद्यालयों में यह तीसरे स्थान पर रहा–अमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा (एशिया रैंक 187) और अमिटी यूनिवर्सिटी कोलकाता (एशिया बैंड 791-800) के बाद। इससे अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ केंद्रीय भारत में अग्रणी अमिटी कैंपस के रूप में स्थापित हुआ है और एक उभरते शैक्षणिक केंद्र के रूप में इसकी पहचान मजबूत हुई है। उपलब्धि पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) पीयूष कांत पांडे ने गहरी संतुष्टि और गर्व प्रकट किया। उन्होंने कहा, यह मान्यता शिक्षा, शोध और संस्थागत गुणवत्ता के प्रति हमारे शैक्षणिक और प्रशासनिक समुदाय की सामूहिक प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। डॉ. पांडे ने आगे कहा कि यह रैंकिंग अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ की बढ़ती शैक्षणिक प्रतिष्ठा और वैश्विक उच्च शिक्षा मानकों के अनुरूप होने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने अमिटी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं हमारे फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. अशोक के. चौहान, चेयरमैन डॉ. असीम चौहान और चांसलर डॉ. डब्ल्यू. सेल्वमूर्ति का उनके मार्गदर्शन, सहयोग और अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ पर विश्वास के लिए हृदय से आभारी हूँ।

# इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी ने बीमा ग्राम एपीआई की सराहना की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) बीमा ग्राम एपीआई पर भरोसा कर रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा प्रसार को बदलने वाली साबित हो सकती है। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया बीमा ग्राम एपीआई, ग्रामीण भारत में बीमा कवरेज डेटा को सरल और प्रमाणित करने के लिए एक अग्रणी डिजिटल पहल है। यह नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ पंचायती राज (एमओपीआर), डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पोस्टल टेक्नोलॉजी-सीईपीटी द्वारा प्रतिनिधित्व) और इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया (आईआईबीआई) के सहयोग से विकसित किया गया है। इस हस्तक्षेप में एक डेटाबेस और एक एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफे स) शामिल है। बीमा ग्राम एपीआई डाक पिन कोड को लोकल गवर्नमेंट डायरेक्टरी (एलजीडी) कोड से जोड़ता है, जिससे ग्रामीण पहचान के लिए एक एकीकृत, सत्यापित डेटाबेस बनता है। बीमा ग्राम एपीआई के माध्यम से, बीमा कंपनियां अब ग्राहक के डाक पिन कोड को केवल दर्ज करके संबंधित ग्राम पंचायत (जीपी) का नाम प्राप्त कर सकती हैं, जिससे पॉलिसी के ग्रामीण स्थान की तत्काल डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित होता है। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा प्रसार को तेज करने के लिए, आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों के लिए रूरल एंड सोशल (आरयूएसओ) अनिवार्यताएं जारी की हैं। इसके तहत, बीमा कंपनियों को पहचानी गई ग्राम पंचायतों (जीपी) और सोशल सेक्टर में जीवन, आवास, दुकानों और वाहनों का न्यूनतम प्रतिशत कवर करना होता है। हालांकि, वर्षों से बीमा कंपनियों को ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा कवरेज को सटीक रूप से मैप करना चुनौतीपूर्ण लग रहा था। अधिकांश पहचान दस्तावेजों में जीपी का नाम नहीं होता, जिससे ग्रामीण समुदायों में बीमा प्रसार के स्तर को मापना मुश्किल हो जाता था। इससे जटिल मैनुअल सत्यापन प्रक्रियाएं अपनानी पड़ती थीं।

# लाइफ लाइन ग्लोबल फाउंडेशन रायपुर में एमएमयू का नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 95 नागरिकों की ओपीडी जांच



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जनप्रिय स्वास्थ्य हितकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत लगाए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की कड़ी में लाइफ लाइन ग्लोबल फाउंडेशन रायपुर शाखा में एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर केंद्र की सिक्योरिटी ऑफिसर पी. अनुराधा राव के प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन की जनप्रिय लोक स्वास्थ्य हितकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) द्वारा एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर काजल शर्मा की निगरानी में लगाया गया। शिविर में मुख्य भूमिका निभाते हुए डॉ. तिलेश्वरी वर्मा ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। फार्मासिस्ट नंदिनी साहू, लैब टेक्नीशियन प्रियंका यादव, नर्स नेहा निर्मलकर ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में लाइफलाइन फाउंडेशन के सभी स्टाफ, प्रशिक्षु (स्टूडेंट्स) और आसपास के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा प्रदान की गई निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 95 नागरिकों की ओपीडी जाँच की गई, जिनमें से 17 नागरिकों के लैब टेस्ट किए गए।

# पितृऋण मुक्ति के लिए किया जाता है विवाह : डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

खमतराई रायपुर में चल रही श्रीमद् भागवत की कथा को विस्तार देते हुए शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. स्वामी इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज ने बताया कि विवाह पितृ ऋणमुक्ति के लिए किया जाता है। यह एक धार्मिक संस्कार है जिसके द्वारा प्रवृत्ति मार्ग की ओर अग्रसर होकर जीव पितृऋण से मुक्त होकर मुक्ति की ओर अग्रसर हो जाता है। सनातन धर्म के अनुसार आश्रम से आश्रम की ओर जाना सिद्धांत को सर्वश्रेष्ठ माना गया है इसी सिद्धांत का आश्रय लेकर भगवान ने भी विवाह करके प्रवृत्ति मार्ग को अपनाने की शिक्षा दी। रुक्मणी साक्षात् लक्ष्मी के स्वरूप में थी। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को मन ही मन पति मानकर ब्राह्मण के द्वारा संदेश भेजा और अपने गोपनीय पत्र में लिखा है, मुकुंद आप भक्ति और मुक्ति दोनों के दाता है। आपका मुकुंद नाम तभी सार्थक होगा जब आप मुझे इस विपत्ति के सागर से उबार लेंगे। इस संसार में कुल, शील, रूप, विद्या और धन से संपन्न कौन सी स्त्री है जो आपको पति के रूप में स्वीकार करना नहीं चाहेगी? अर्थात् संसार की सारी स्त्रियां आपको अपना पति बनाने की कामना रखती हैं इसलिए मैंने भी आपको पति रूप में वरण कर लिया है। मैं आपको आत्म समर्पण कर चुकी हूं। आप अंतर्यामी हैं मेरे हृदय की बात आपसे छिपी नहीं है। आप यहां पधार कर मुझे अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने की कृपा कीजिए है। हे वीर आप हमारे सनातन पति हैं और मैं आपकी शाश्वत पत्नी हूं। आप यहां आइये और अपनी वीरता का शुल्क देकर मेरा पाणिग्रहण संस्कार कीजिए। भगवान श्री कृष्ण ने पत्रवाहक ब्राह्मण को साथ में लेकर रुक्मणी की इच्छा पूर्ण करने के लिए शीघ्र ही विदर्भ देश की ओर प्रस्थान किया तथा रुक्मणी जी की इच्छा को पूर्ण करने के लिए उनका हरण करके वैदिक विधि से विवाह संपन्न किया।

# प्रभारी सचिव की ताबड़तोड़ कार्रवाई : शिक्षा स्वास्थ्य और खरीदी व्यवस्था पर बड़ा फोकस

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

प्रशासनिक मजबूती, पारदर्शिता और जनसेवा को केंद्र में रखते हुए जिले के प्रभारी सचिव अवनीश शरण ने बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का व्यापक दौरा किया। उनके इस निरीक्षण अभियान में खेत से लेकर कक्षा तक और अस्पताल से लेकर छात्रावास तक हर व्यवस्था की गहराई से समीक्षा की गई। लंबे समय बाद जिले में उनकी सक्रिय उपस्थिति ने न सिर्फ प्रशासनिक तंत्र को ऊर्जा दी,बल्कि नागरिकों में भी सकारात्मक उम्मीदें बढ़ाईं।

**धान खरीदी केंद्र दौरा और सख्त निरीक्षण**-धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाने के उद्देश्य से आयुक्त नगर एवं ग्राम नियोजन तथा सीजीएचबी आयुक्त एवं जिले के प्रभारी सचिव अवनीश शरण ने धान खरीदी केंद्र डौरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों के लिए की गई सभी तैयारियों,बारदाना उपलब्धता,पंजीकृत किसानों की संख्या,कर्मचारियों की उपस्थिति और पूरी खरीदी प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने समिति प्रबंधन को निर्देशित किया कि धान खरीदी से जुड़ी प्रत्येक व्यवस्था किसानों के हित में मजबूत, सुचारू और पारदर्शी रहे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर,अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि अवनीश शरण वर्ष 2016 से 2018 तक बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के कलेक्टर रहे हैं और अपने प्रभावी प्रशासनिक कार्यकाल के लिए व्यापक रूप से सराहे जाते हैं। उनके पुनः आगमन की खबर से जिले में उत्साह और सकारात्मक उम्मीदों का माहौल बना है।



**एकलव्य व प्रयास विद्यालयों में छात्रों से संवाद**-प्रभारी सचिव अवनीश शरण ने पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह, प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की अध्ययन प्रगति की प्रत्यक्ष जानकारी ली। विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्होंने उनकी रुचियों, समझ क्षमता और पढ़ाई के माहौल के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधीक्षकों को छात्रावास में सुरक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। रसोई कर्मचारियों से मुलाकात के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य और पोषण सर्वोपरि है,इसलिए भोजन की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने विद्यार्थियों के साथ बैठकर रात्रि भोजन भी ग्रहण किया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।

**अस्पताल में देर रात निरीक्षण,दिए कड़े निर्देश**- देर रात प्रभारी सचिव अवनीश शरण जिला अस्पताल पहुँचे और स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने आपातकालीन सेवा,वार्डों,लैब,सिकल सेल प्रबंधन कक्ष और पूरे अस्पताल परिसर का अवलोकन किया। मरीजों और स्टाफसे सीधा संवाद कर उन्होंने उपचार व्यवस्था की स्थिति जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार में किसी भी तरह की देरी न हो,परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए और रात्रि सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। उन्होंने लैब जांचों को सटीक, समय पर और पारदर्शी तरीके से संचालित करने पर जोर दिया। साथ ही सिकल सेल सहित सभी विशेष सेवाओं को भी सुचारू रूप से चालू रखने के निर्देश दिए। प्रशासनिक कार्यों में अपनी कुशलता और संवेदनशीलता के लिए प्रसिद्ध अवनीश शरण का यह दौरा जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नाबालिक बालिका से अनाचार का आरोपी शिक्षक गिरधारी यादव घर से हुआ गिरफ्तार

## पीड़ित बालिका आरोपी शिक्षक के घर में रहकर करती थी काम,फिर जाती थी स्कूल

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर के एक स्कूल में अध्ययनरत् 16 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने परिजनों के साथ थाना सिटी कोतवाली जशपुर में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि वह जुलाई 2024 से आरोपी गिरधारी राम यादव के यहां रहकर घरेलू काम करती थी, इसके साथ ही वह जशपुर के एक स्कूल में पढ़ाई भी करती है। इस दौरान आरोपी गिरधारी राम यादव ने घर में रहने के दौरान अकेला पाकर, वह कई बार छेड़छाड़ एवं दुष्कर्म किया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी गिरधारी राम यादव के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली जशपुर में बी एन एस की धारा 74,75,64(2) (एम), 65(1) एवं पॉस्को एक्ट की धारा 6,8 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले का आरोपी शिक्षक गिरधारी राम यादव, घटना दिनांक से ही फरार था, पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा, आरोपी शिक्षक की पता साजी के लिए कई पुलिस टीम गठित की गई थी, जिनके द्वारा आरोपी शिक्षक गिरधारी राम यादव के छिपने की संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी, साथ ही पुलिस की टेक्निकल टीम भी आरोपी शिक्षक गिरधारी राम यादव के संभावित लोकेशनों को ट्रेस कर रही थी, व एक पुलिस की टीम सादी वर्दी में 24 घंटे आरोपी शिक्षक के मोहल्ले व घर पर नजर रखी हुई थी, कि इसी दौरान आरोपी गिरधारी राम यादव जैसे ही अपने घर आया व पुलिस की सादी वर्दी की टीम ने तत्काल आरोपी शिक्षक को उसके घर से धर दबौचा। आरोपी शिक्षक पुलिस के लगातार दबाव के कारण, अपने घर से कपड़े व रुपए लेकर कहीं भागने के फिराक में था। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी गिरधारी राम यादव के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया है, मामले में पुलिस की कार्यवाही जारी है, आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।



> कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नाबालिक के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी शिक्षक को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया गया है,आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।
> **-शशि मोहन सिंह, एसएसपी**

# एनएमडीसी : भारत के अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक के रूप में साढ़े छह दशकों से अधिक की उत्कृष्टता का उत्सव मनाया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने अपने संचालन के 68 साल में प्रवेश करते हुए अपना स्थापना दिवस बड़े गर्व के साथ मनाया । इस अवसर पर सम्पूर्ण कंपनी में उत्कृष्ट योगदान करने के लिए संगठन के सर्वोच्च सम्मानजनक अवॉर्ड, सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। इस आयोजन में एनएमडीसी की 1958 में स्थापित एकल-इकाई संचालन से लेकर भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और खनन क्षेत्र में वैश्विक-स्तर की पहचान बनाने की उल्लेखनीय यात्रा को याद किया गया। कार्यक्रम में एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी के साथ नेतृत्व विश्वनाथ सुरेश, निदेशक (वाणिज्य), विनय कुमार, निदेशक



(तकनीकी), जयदीप दासगुप्ता, निदेशक (उत्पादन), प्रियदर्शिनी, निदेशक (कार्मिक), स्वतंत्र निदेशकगण और पूर्व निदेशकगण तथा अधिकारीगण, कर्मचारीगण और उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार अनेक श्रेणियों में प्रदान किए गए, जिनमें खनिज रत्न (व्यक्तिगत और समूह), एनएमडीसी रत्न (व्यक्तिगत और समूह), सर्वश्रेष्ठ विभाग - उत्पादन एवं बिक्री के लिए सीएमडी शील्ड, सर्वश्रेष्ठ विभाग - सपोर्ट के लिए सीएमडी शील्ड और सर्वश्रेष्ठ परियोजना और सर्वश्रेष्ठ परियोजना (वर्क्स) शामिल हैं । 2023 में स्थापित ये पुरस्कार पूरे संगठन में एनएमडीसी कर्मचारियों के असाधारण प्रयासों और उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करते हुए उनकी सराहना करत हें । एनएमडीसी परिवार को बधाई देते हुए, अमिताभ मुखर्जी ने कहाः एनएमडीसी एक ऐसी कंपनी है, जिसका इतिहास हमसे बहुत पुराना है तथा भविष्य हमसे कहीं अधिक लंबा है। अपने परिचालन को मजबूत करने के लिए हम डिजिटल रूप से सक्षम अत्याधुनिक उपकरण ला रहे हैं। पुरस्कार विजेताओं ने हमें प्रेरित किया है और हमारे इस संकल्प की पुष्टि की है कि हमारे सामूहिक सपने पूरी तरह से साकार होंगे। हम साठ वर्ष से अधिक के भले ही हों, लेकिन हम युवा हैं, अभी भी बढ़ रहे हैं और सीख रहे हैं; हम आगे बढ़ने के साथ सीख रहे हैं और सीखते हुए आगे बढ़ रहे हैं ।

# पढ़ाई ठपः 8वीं का बच्चा हिंदी नहीं पढ़ पाया, जल्द होगी सख्त कार्रवाई : गगन जयपुरिया

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com

शैक्षिक गुणवत्ता निरीक्षण अभियान के दौरान जिले में सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। ग्राम अफरीद और पेण्ड्री ( जांजगीर) के स्कूलों में पहुंचकर जिला पंचायत शिक्षा स्थायी समिति के अध्यक्ष और जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने शाला का निरिक्षण निरीक्षण किया, जहां अत्यंत चिंताजनक स्थितियाँ सामने आई। शिक्षा विभाग सहित तमाम आला अधिकारी पेण्ड्री स्कुल के रास्ते से प्रतिदिन होकर गुजरते है - यदि इस स्कुल का यह हाल है तो जिले के बाकी स्कूलों के हाल का भी अंदाज़ आप लगा सकते है।



**कक्षाएँ खाली, बच्चे बाहर खेलते मिले**-निरीक्षण के दौरान दोनों गाँवों के स्कूलों में कक्षाएँ खाली मिलीं - पेण्ड्री में बच्चे स्कूल परिसर में बाहर खेलते और अफरीद में शिक्षक और बच्चे दोनों धुप सेकते हुए पाए गए। पढ़ाई पुरी तरह ठप मिली।

**पेण्ड्री में पूरे दिन में सिर्फ एक पीरियड**-पेण्ड्री के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पूरे दिन के दौरान केवल एक विज्ञान विषय का पीरियड संचालित किया गया। शेष किसी भी विषय की कक्षाएँ नहीं ली गई।

**बच्चों से गलत जानकारी दिलवाए जाने की आशंका**- पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्री छठवीं कक्षा के बच्चों ने बताया कि संस्कृत पढ़ाई गई है, जबकि संस्कृत शिक्षक ने पूरे दिन कोई कक्षा नहीं ली। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि बच्चों को दबाव में गलत जानकारी देने के लिए कहा जा रहा है। निरीक्षण में पता चला कि एक स्कूल से 4 में से 3 शिक्षक ड्यूटी में भेजे गए हैं, जबकि दूसरे विद्यालय से एक भी शिक्षक नियुक्त नहीं किया गया। इस तरह के असमान एवं अव्यवस्थित वितरण के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सबसे चिंताजनक स्थिति पेण्ड्री के कक्षा आठवीं में सामने आई। निरीक्षण के दौरान एक छात्र साधारण हिंदी पाठ भी नहीं पढ़ सका। गगन जयपुरिया ने कक्षा में से किसी भी एक छात्र को रैंडम रूप से खड़ा कर पढ़ने के लिए कहा, लेकिन छात्र मूलभूत स्तर की हिंदी भी पढ़ पाने में असमर्थ रहा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया है।

**अब होगी सख्त कार्रवाई -शिक्षा समिति अध्यक्ष की चेतावनी**-गगन जयपुरिया ने स्पष्ट कहा है—जो शिक्षक सुधार नहीं करेंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि निरीक्षण रिपोर्ट प्रतिदिन जिला प्रशासन को भेजी जा रही है, और स्थिति में सुधार न होने पर प्रशासनिक स्तर पर कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# माता-पिता वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशन में सरोज नंद दास, प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं अनिता कोशिमा रावटे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के मुख्य प्रावधानों के संबंध में जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम स्थान वृद्धा आश्रम कोबिया, वृद्धा आश्रम कंतेली, बेमेतरा, कार्यालय-एलएडीसीएस, बेमेतरा, ग्राम पंचायत निनवा, ग्राम पंचायत मटका तालुका स्तर पर ग्राम पंचायत बरगड़ा में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि वरिष्ठ नागरिक, जिसकी आयु 60 वर्ष अथवा उससे ज्यादा है इसके अंतर्गत माता-पिता भी



आते है, जो स्वयं आय अर्जित करने में असमर्थ है अथवा उनके स्वामित्वाधीन संपत्ति में से स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ है, ऐसे व्यक्ति उक्त अधिनियम के अंतर्गत भरण-पोषण हेतु आवेदन करने हेतु हकदार है। वरिष्ठ नागरिक, माता-पिता को भरण पोषण खर्च, आय अर्जित करने वाले वयस्क पुत्र, पुत्री, पौत्री से प्राप्त करने का अधिकार है। इस बात का भी प्रावधान किया गया है कि वरिष्ठ नागरिक के जीवन और संपत्ति की रक्षा को सुनिश्चित करने के सभी उपाय राज्य सरकार द्वारा कियें जायेंगे। इसके साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य, मानव दुर्व्यवहारों से या बेगारों से सताये गए व्यक्ति, स्त्री या बालक, मानसिक रूप से अस्वस्थ या अन्यथा असमर्थ व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता / सलाह प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, दिनेश तिवारी, चीफ एलएडीसी, डिप्टी चीफ, एलएडीसी, समस्त असिस्टेंट, एलएडीसी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र, टुवेन्द्र वर्मा, पवन कुमार साहू, पंकज घृतलहरे, तरूण आनंद, संजीव शर्मा, देवेन्द्र यादव, धरमू बारले, चेतन सिंह, नागेश सिन्हा उपस्थित रहे।

# 3 नए आपराधिक कानूनों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर, एसएसपी ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास एवं पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने जिला कार्यालय में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि नए कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, समयबद्ध तथा जनहित परक बनेगी। उन्होंने पुलिस सहित अन्य विभाग के अधिकारियों को नए कानून के प्रावधानों को गंभीरता पूर्वक पालन करने के निर्देश दिए। जिससे आमजनों के प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा कि समय पर मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने से जांच और न्यायिक प्रक्रिया तेज होती है, जिससे आमजन को सीधे रूप से सहूलियत होती है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि प्रकरणों का पारदर्शी एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो सके। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, लोक अभियोजन अधिकारी, लोक अभियोजक, जेल अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन सहित खंड चिकित्सा अधिकारीगण मौजूद रहे।



**पोस्टमार्टम, मेडिकल रिपोर्टिंग को समयबद्ध बनाना अनिवार्य** - कलेक्टर ने नए कानूनों के प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाएगी। किसी भी प्रकरण में अभियुक्त की मेडिकल रिपोर्ट तुरंत तैयार कर अपलोड की जाएगी। वहीं बलात्संग से संबंधित मामलों में पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से सभी मेडिकल अधिकारियों को इन प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए।

**मेडलीपर पोर्टल से तत्काल उपलब्ध होगी पीएम रिपोर्ट** - बैठक में कलेक्टर व्यास ने बताया कि जिले में अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए आमजन को भटकना नहीं पड़ेगा। चिकित्सक मेडलीपर पोर्टल में पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करेंगे। जिससे जांचकर्ता अधिकारी, पुलिस एवं कोर्ट के अधिकारी एक क्लिक में रिपोर्ट की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यवस्था पीड़ितों एवं उनके परिजनों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगी और प्रकरणों के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मेडलीपर पोर्टल पर सभी मेडिकल अधिकारियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराया जाए और उनका उचित प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे समय सीमा के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मेडिकल लीगल रिपोर्ट, विसरा रिपोर्ट, केमिकल पैथोलॉजी रिपोर्ट एवं रेडियोलॉजी रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड कर सकें। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था न केवल पारदर्शिता बढ़ाएगी बल्कि नागरिकों को त्वरित सेवा उपलब्ध कराने में भी सहायक होगी।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी पेशी, समय व संसाधनों की बचत** - बैठक में नए कानूनों के तहत वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से पेशी सुनिश्चित करने के प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जहाँ न्यायालय के निर्देशानुसार सशरीर पेशी आवश्यक नहीं है, वहाँ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी कराई जाएगी। जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी तथा प्रकरणों के निराकरण की गति बढ़ेगी। जेल विभाग के अधिकारियों को इस व्यवस्था का प्रभावी उपयोग करने निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विकास खंडों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा अधिसूचित की जा चुकी है। आवश्यकतानुसार इसका उपयोग न्यायालयीन कार्यवाही में वीसी के लिए किया जा सकता है।


**प्रथम दिवस कथा श्रवण करने के लिए छत्तीसगढ़ उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति एवं पूर्व आईजी सहित अनेक विशिष्ट जन हुए सम्मिलित**

# शिवरीनारायण आध्यात्मिक पुण्य भूमि है यहां के कण-कण में परमात्मा का अनुभव हो रहा है : मधुसूदनाचार्य

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

श्री शिवरीनारायण धाम की यह पावन धरा पुण्य तीर्थ क्षेत्र है। यहां के कण-कण में परमात्मा का अनुभव हो रहा है, जब हमें यह पता चलता है कि श्री शिवरीनारायण मठ या श्री दूधाधारी मठ में कथा कहनी है तो हमारा मन गदगद हो जाता है। महाराज महामंडलेश्वर हैं, जगतगुरु हैं, उनके सानिध्य में कथा कहने और सुनाने का सौभाग्य हमें मिला है। यह बातें श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर श्री धाम अयोध्या, उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य महाराज ने व्यासपीठ की आसंदी से अभिव्यक्त किया। इसके पूर्व जगत नियंता भगवान श्री शिवरीनारायण जी की विधिवत पूजार्चना की गई। उन्होंने कहा कि हम बड़े ही भाग्यवान हैं





भगवान शिवरीनारायण के पावन सानिध्य और माता शबरी के प्राकट्य स्थल तथा भगवान रघुनाथ जी द्वारा नवधा भक्ति की व्याख्यान स्थली में श्रीमद् भागवत कथा कहने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। महात्माओं के दर्शन, त्रिवेणी संगम, प्राचीन मठ इन सबको देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हम अयोध्या धाम में ही बैठकर कथा सुना रहे हैं। मंच पर मुख्य यजमान के रूप में हमेशा की तरह महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज विराजित थे। प्रथम दिवस कथा का रसपान करने के लिए छत्तीसगढ़ उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीपी शर्मा अपने सहयोगियों सहित उपस्थित हुए ।उन्होंने भी स्रोताओं को संबोधित किया और कहा कि -श्रीमद् भागवत महापुराण में परीक्षित जी को एक संत ने रास्ता बताया कि आज से सातवें दिवस आपकी मृत्यु होगी, हम सभी की मृत्यु भी सात दिनों के अंदर ही होती है। महाराज जी का हमें जब भी निर्देश प्राप्त होता है हम उपस्थित हो जाते हैं। उन्होंने हमें कथा शुभारंभ के प्रथम दिवस उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया था। हम सभी उपस्थित हुए हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश के साथ कार्यक्रम में पूर्व आईजी पी एन तिवारी, पूर्व कलेक्टर बृजेश मिश्रा, अनिल शर्मा, अशोक तिवारी, राकेश तिवारी आदि अनेक अति विशिष्ट नगरीकरण उपस्थित हुए।

# राजस्व टीम ने देर रात सीमावर्ती चेक पोस्टों का किया औचक निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान के आवागमन पर कड़ी निगरानी रखने जिला प्रशासन द्वारा सतत कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राजस्व विभाग की टीम ने विगत देर रात झारखंड सीमा पर स्थित विभिन्न चेकपोस्टों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजस्व टीम में तहसीलदार जय राजनपथे, नायब तहसीलदार अरुण कुमार,फूड इंस्पेक्टर आलोक टोप्पो, मंडी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शामिल रहे। टीम ने भलमंडा, सकरडेगा एवं साईं टांगारटोली चेक पोस्टों का निरीक्षण किया, जो झारखंड राज्य से लगे हुए सीमावर्ती बैरियर हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चेक पोस्टों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा वाहनों की जांच प्रक्रिया को बारीकी से परखा। अवैध धान परिवहन रोकने के लिए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंच एवं सचिव भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उन्हें स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने तथा अवैध धान के आवागमन को रोकने में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती इलाकों में सतत निगरानी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'पंडुम कैफे' का किया शुभारंभ

## पंडुम कैफे का शुभारंभ बस्तर में नक्सल उन्मूलन की दिशा में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का प्रेरक प्रतीक : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर में सामाजिक-आर्थिक बदलाव के नए अध्याय की शुरुआत करते हुए जगदलपुर में 'पंडुम कैफे' का शुभारंभ किया। यह कैफे नक्सली हिंसा के पीड़ितों और समर्पण कर चुके सदस्यों के पुनर्वास हेतु छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वालों को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका प्रदान करने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। यह अनूठी पहल संघर्ष से सहयोग तक के प्रेरणादायक सफर को दर्शाती है। 'पंडुम कैफे' जगदलपुर के पुलिस लाइन परिसर में स्थित है। मुख्यमंत्री साय ने 'पंडुम कैफे' में कार्यरत नारायणपुर की फगनी, सुकमा की पुष्पा ठाकुर, बीरेंद्र ठाकुर, बस्तर की आशमती और प्रेमिला बघेल के साथ सौहार्दपूर्ण बातचीत की। उन्होंने नई शुरुआत के लिए उनका हौसला बढ़ाया और 'पंडुम कैफे' के बेहतर संचालन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दीं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पंडुम कैफे़ का शुभारंभ बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रेरक प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने साय ने कहा कि पंडुम कैफे आशा, प्रगति और शांति का उज्ज्वल प्रतीक है। कैफे में कार्यरत युवा, जो नक्सली हिंसा के पीड़ित तथा हिंसा का मार्ग छोड़ चुके सदस्य हैं, अब शांति के पथ पर अग्रसर हो चुके हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से उन्हें आतिथ्य सेवाओं, कैफे प्रबंधन, ग्राहक सेवा, स्वच्छता मानकों, खाद्य सुरक्षा और उद्यमिता कौशल का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति के पथ पर लौटे और कैफे में कार्यरत एक महिला ने इस अवसर पर भावुक होकर इस पुनर्वास पहल से हुए बदलाव की बात दोहराई। एक पूर्व माओवादी कैडर ने कहा कि, हमने अपने अतीत में अंधेरा देखा था। हमें समाज की सेवा करने का यह अवसर मिला है, यह हमारे लिए एक नया जन्म है। बारूद की जगह कॉफी परोसना और अपनी मेहनत की कमाई से जीना–यह एहसास हमें शांति और सम्मान दे रहा है। एक अन्य सहयोगी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि, पहले हम अपने परिवार को सम्मानजनक जीवन देने का सपना भी नहीं देख सकते थे। अब हम अपनी मेहनत से कमाए पैसों से घर के सदस्यों का भविष्य संवार सकते हैं। यह सब प्रशासन और इस कैफे की वजह से संभव हुआ है। एक अन्य सदस्य ने समुदाय के सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि, हमें लगा था कि मुख्यधारा में लौटना आसान नहीं होगा, लेकिन पुलिस और जिला प्रशासन ने हमें प्रशिक्षण दिया और हमारा विश्वास जीता। सबसे बड़ी बात यह है कि हम अब पीड़ितों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे हमें अपने अतीत के अपराधों को सुधारने और शांति स्थापित करने का अवसर मिला है। उन्होंने यह भी बताया कि 'पंडुम' बस्तर की सांस्कृतिक जड़ों को दर्शाता है, और इसकी टैगलाइन जहाँ हर कप एक कहानी कहता है, इस बात का प्रतीक है कि यहाँ परोसी गई कॉफी सिर्फ स्वाद ही नहीं, बल्कि साहस, संघर्ष पर विजय और एक नई शुरुआत की कहानी भी अपने साथ लेकर आती है। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, जगदलपुर महापौर संजय पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, संभागायुक्त डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., कलेक्टर हरिस एस., पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव सहला निगार ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव सहला निगार ने बेमेतरा जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का व्यापक निरीक्षण किया। जिले में चल रही धान खरीदी प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति जानने और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करने के उददेश्य से उन्होंने धान उपार्जन केंद्र कठिया, कृषि उपज मंडी बेमेतरा, कंतेली और खिलौरा का दौरा किया। इस निरीक्षण दौरे पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा भी साथ रहे। कृषि उत्पादन आयुक्त का यह दौरा पूरी तरह किसान-केंद्रित रहा, जिसमें उन्होंने खरीदी प्रक्रिया की बारीकियों से लेकर किसानों के हितों की सुरक्षा तक हर पहलू को गंभीरता से देखा। निगार ने प्रत्येक केंद्र में पहुंचकर समिति प्रबंधकों से उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की मेहनत के वास्तविक सम्मान के साथ धान खरीदी की व्यवस्था संचालित कर रही है और इन केंद्रों पर कोई भी कमी न हो, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने केंद्रों मंक बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, छाया, शौचालय और सुरक्षा संबंधी सुविधाओं की स्थिति की जांच की तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि इन व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने किसानों से बातचीत कर यह भी जाना कि क्या उन्हें खरीदी प्रक्रिया में कोई असुविधा या परेशानी आ रही है। किसानों ने उपलब्ध सुविधाओं और प्रक्रिया की पारदर्शिता को संतोषजनक बताया। निरीक्षण के दौरान निगार ने धान की तौल प्रक्रिया और विभिन्न किस्मों की स्टैकिंग को भी देखा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तौल पूरी तरह पारदर्शिता और वास्तविकता के आधार पर की जाए तथा किसी भी स्थिति में धान की गुणवत्ता और मात्रा से समझौता न किया जाए। उन्होंने बारदाने की उपलब्धता की भी जानकारी ली और कहा कि खरीदी के चरम समय में किसी भी केंद्र में बोरे की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रों में किसानों से प्रतिदिन निर्धारित टोकन के अनुसार धान खरीदी करने, भीड़ को नियंत्रित रखने और किसानों को अनावश्यक प्रतीक्षा से बचाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि कृषि उत्पादन आयुक्त सहला निगार ने केवल बाहरी व्यवस्थाएँ ही नहीं देखीं, बल्कि कार्यालय में जाकर स्वयं कंप्यूटर पर बैठकर टोकन तुहर हाथ प्रणाली की वास्तविक कार्यप्रणाली की भी जाँच की।

# हड़ताली समिति कर्मचारियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, प्रभारी प्रबंधक सहित 13 कर्मचारी बर्खास्त, 3 के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासन के द्वारा सख्त कार्यवाही शुरू कर दी गई है। धान खरीदी कार्य से इंकार करने वाले कर्मचारियों पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में प्रभारी प्रबंधक सहित 13 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है तथा 3 कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा समिति प्रबंधक मंजुला शर्मा, खोखली समिति प्रबंधक राकेश कुमार टंडन, धुर्रा बांधा समिति प्रबधक मूलचंद वर्मा, रोहांसी समिति प्रबंधक धर्मेन्द्र साहू, समिति प्रबंधक तिल्दा रामकुमार साहू को बर्खास्त किया गया है। इसी तरह कसडोल विकासखंड के समिति गिरौद के विक्रेता नन्द कुमार पटेल, हसुआ के विक्रेता गोकुल प्रसाद साहू, थरगांव के विक्रेता ललित साहू, कटगी के विक्रेता रामस्वरूप यादव, चिखली के विक्रेता खेलसिंग कैवर्त्य कोसमसरा के विक्रेता अमित साहू, सरखोर के विक्रेता भीम साहू, लवन के विक्रेता रविकमल को बर्खास्त किया गया है। विकासखंड पलारी अंतर्गत समिति कोनारी के प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र चंद्राकर, समिति रोहरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर बीरेंद्र साहू एवं समिति रिसदा के विक्रेता टीका राम वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने शाखा प्रबंधक को पत्र जारी किया गया है।

# युवा नवाचार से सजेगा आत्मनिर्भर भारत का भविष्य : टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिकाः नवाचार और उद्यमिता विषय पर विशेष सत्र एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल द्वारा किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्रगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का उददेश्य विद्यार्थियों में नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमशीलता की भावना को मजबूत करना था, ताकि युवा भारत के आत्मनिर्भरता मिशन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय पदाधिकारियों एवं नवाचार से जुड़े वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को युवाओं के नवाचार और उद्यमिता ही साकार कर सकते हैं। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को देश की आर्थिक मजबूती का आधार बताया। कोविड काल का उल्लेख करते हुए कहा कि संकट को अवसर में बदलने की प्रधानमंत्री की सोच ने भारत को विश्व में पहला ऐसा देश बनाया जिसने अपनी ही धरती पर कोविड वैक्सीन विकसित की। मंत्री वर्मा ने युवाओं को राष्ट्रीय पुनर्जागरण का वाहक बताते हुए कहा कि आज नवाचार आधारित उद्यमिता न केवल उद्योग खड़ा कर रही है, बल्कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नए रोजगारों का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों का करेंगे परीक्षण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कांकेर, कोंडागांव और दुर्ग जिले का दौरा कर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों का परीक्षण करेंगे। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों से उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता के संबंध में शिकायत साझा की जा सकती है।

# राज्य में अवैध धान की आवाजाही रोकने प्रशासन सक्रिय, सीमावर्ती चेकपोस्टों पर कड़ी निगरानी



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ ही कुछ क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को रोकने राज्य भर में प्रशासन सख्त हो गया है। इसी क्रम में जशपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने जशपुर जिले का झारखंड सीमा से लगे चेकपोस्टों पर देर रात औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण दल में तहसीलदार जयश्री राजनपथे, नायब तहसीलदार अरुण कुमार, फूड इंस्पेक्टर आलोक टोप्पो, मंडी निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी शामिल थे। टीम ने भलमंडा, सकरडेगा और साईटांगाटोली चेकपोस्टों का दौरा किया, जहाँ सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र और वाहन चेकिंग प्रक्रिया को परखा गया। संभावित अवैध धान परिवहन पर रोक के लिए मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी दौरान संबंधित ग्रामों के सरपंच और सचिव भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने तथा सीमा क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने आग्रह किया, ताकि अवैध आवागमन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमावर्ती इलाकों में सतत निगरानी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग में 125 सहायक प्राध्यापक के पदों पर सीधी भर्ती

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने और मेडिकल शिक्षा को आधुनिक मानकों पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 125 सहायक प्राध्यापक पदों पर सीधी भर्ती की बड़ी घोषणा की है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विषयों में बड़ी संख्या में पद स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें पैथोलॉजी, मेडिसिन, सर्जरी, बालरोग, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया, गायनेकोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन, फॉरेंसिक मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, फिजियोलॉजी, एनाटॉमी जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं। राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के 35 विभागों में 125 सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन 25 नवंबर से 24 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा उपलब्ध लिंक पर किए जा सकेंगे। इन 125 पदों में 45 अनारक्षित, 21अजा, 43 अजजा , 16 अपवि वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अवसर प्रदान किए गए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में लम्बे समय से रिक्त पड़े पद भरेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे प्रदेश के भविष्य के डॉक्टरों को उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही है और यह भर्ती प्रदेश के लाखों नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार मजबूत करेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर सहायक प्राध्यापकों की भर्ती से मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी दूर होगी, जिससे छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

# बालको औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है : देवांगन

पायनियर संवाददाता ◀ बालकोनगर
www.dailypioneer.com



भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों की आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी द्वारा निर्मित किए जाने वाले जी-9 मंजिला आधुनिक आवासीय भवन परियोजना का शिलान्यास छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। बालकोनगर सेक्टर-6 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार, कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में बालको के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक शामिल हुए। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि उद्योग किसी भी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर लाते हैं और बालको इस दिशा में लगातार उल्लेखनीय योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास से स्थानीय जीवन स्तर में सुधार होता है और आसपास का व्यापार भी गति पकड़ता है। कर्मचारियों के कल्याण के लिए बालको द्वारा किए जा रहे प्रयास उसकी सामाजिक और आर्थिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह बहुमंजिला भवन इन्हीं प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा बालको औद्योगिक विकास के साथ कर्मचारियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। शिलान्यास समारोह में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि यह परियोजना कर्मचारियों को आधुनिक, सुरक्षित और ऊर्जा-कुशल सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को साकार करने में छत्तीसगढ़ सरकार का सहयोग महत्वपूर्ण रहा है। बालको की वन मिलियन टन विस्तार परियोजना न केवल क्षेत्रीय प्रगति को गति दे रही है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने आगे कहा कि भविष्य के धातु के तौर पर पहचान बना चुका एल्यूमिनियम वजन में हल्का, अधिक टिकाऊ और मजबूत होने के कारण औद्योगिक विकास, ऊर्जा परिवर्तन और विकसित भारत के निर्माण में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित 9 मंजिला भवन में आधुनिक डिजाइन, उच्च सुरक्षा मानक, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था तथा सामुदायिक उपयोग की सुविधाएँ शामिल होंगी।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403